मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 31.8 | 23.4 |
| डालटनगंज | 33.8 | 24.6 |
| धनबाद | 32.0 | 25.6 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

https://epaper.shubhamsandesh.net

रांची, रविवार 31 अगस्त 2025 ● भाद्रपद शुक्ल पक्ष 08, संवत 2082 ● रांची एवं पटना से प्रकाशित ● वर्ष : 3, अंक : 144 ● मूल्य ₹ 4, पृष्ठ संख्या : 12

# जलवायु परिवर्तन से लड़ने का सूत्र करम उत्सव



सुधीर पाल

जब दुनिया भर में जलवायु परिवर्तन पर वैज्ञानिक और नीति निर्माता माथापच्ची कर रहे हैं, झारखंड और उसके आसपास के आदिवासी गांवों में हर साल भादो महीने की एकादशी को एक पर्व मनाया जाता है—करम पर्व. पहली नज़र में यह धार्मिक या सांस्कृतिक उत्सव प्रतीत होता है, लेकिन इसकी परंपराएं और संदेश आज की सबसे बड़ी चुनौती—जलवायु संकट के खिलाफ एक ठोस सामुदायिक रणनीति प्रस्तुत करते हैं. 21वीं सदी में जलवायु परिवर्तन सम्पूर्ण मानवता के लिए सबसे जटिल, बहुआयामी और गहरा संकट बनकर सामने आया है. यह केवल वैज्ञानिक या तकनीकी चुनौती नहीं है, बल्कि आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, मानसिक और नैतिक संकट भी है. भारत जैसे विकासशील देशों में—जहां 60% आबादी कृषि और प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर है—जलवायु असंतुलन सीधे जीवन, आजीविका और भविष्य को प्रभावित कर रहा है. तेज़ी से बदलती जलवायु हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि क्या हम केवल आधुनिक तकनीक से इस संकट का सामना कर पाएंगे, या फिर हमें अपने समाज और संस्कृति में मौजूद पारंपरिक ज्ञान और सामुदायिक चेतना से भी रास्ता तलाशना होगा. इसी संदर्भ में आदिवासी समाज का करम पर्व जलवायु संकट के खिलाफ एक वैकल्पिक सोच और सामुदायिक मॉडल प्रस्तुत करता है.

**करम पर्व और जलवायु परिवर्तन: सामुदायिक पहल का मॉडल**

करम पर्व एक सांस्कृतिक आयोजन भर नहीं, बल्कि जलवायु परिवर्तन के खिलाफ एक वैकल्पिक लोकमंत्र है. करम पर्व हमें यह सोचने को मजबूर करता है कि जलवायु संकट के दौर में समाधान सिर्फ़ ग्लोबल कॉन्फ्रेंस रूम में नहीं, बल्कि गाँव की मिट्टी, बीज और सामुदायिक उत्सवों में भी मिल सकता है. भारत ने 2070 तक नेट-जीरो का लक्ष्य रखा है और नवीकरणीय ऊर्जा में निवेश तेज़ किया है. लेकिन जमीनी स्तर पर जब तक स्थानीय समुदाय शामिल नहीं होंगे, बदलाव अधूरा रहेगा. स्थानीय भागीदारी और साझा जिम्मेदारीः करम पर्व बताता है कि पर्यावरण संकट का हल केवल सरकारी योजनाओं या तकनीकी उपायों से नहीं निकलेगा. जब पूरा गांव वृक्षारोपण, बीज संरक्षण और जलस्रोतों की सफाई में जुटता है, तो यह सामुदायिक स्तर पर जलवायु प्रतिरोध का मजबूत आधार बनाता है. पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक विज्ञान का संगमः करम पर्व की परंपराएं—बीज संरक्षण, विविध फसलों की खेती, जलस्रोतों की रक्षा—आज के सतत विकास लक्ष्य(एसडीजी) से मेल खाता है.

-शेष पेज 09 पर



## करम पर्व क्या है

झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़, ओडिशा और बंगाल के आदिवासी समुदायों का यह प्रमुख त्योहार प्रकृति पूजा पर आधारित है. गांव की स्त्रियां और बच्चे धान, मक्का और ज्वार जैसे बीज अंकुरित करते हैं. फिर गांव के बीचोंबीच करम वृक्ष की डाली स्थापित की जाती है. इसकी मुख्य विशेषता करम वृक्ष की पूजा है. करम (नौवां) वृक्ष को जीवन, हरियाली और सततता का प्रतीक मानकर पूजते हैं. बीज बोने और अंकुरित करने की परंपरा इस पर्व में शामिल है. बच्चे और महिलाएं अनाज (धान, मक्का, ज्वार आदि) को अंकुरित करती हैं. यह खाद्य सुरक्षा और बीज संरक्षण की सामूहिक शिक्षा है. सामुदायिक अखड़ा और नृत्य-गीत इस पर्व का अभिन्न हिस्सा है. गांव के सभी बच्चे, युवा, बुजुर्ग, स्त्रियां—एक साथ जुटते हैं और प्रकृति-गीत गाते हैं. गीत, नृत्य और लोककथाओं के बीच यह संदेश दिया जाता है कि प्रकृति का अपमान करोगे तो संकट आएगा, उसका सम्मान करोगे तो जीवन बचेगा. प्रकृति का अपमान करने पर संकट आता है और उसका सम्मान करने पर समृद्धि.

## क्या कहते हैं सामाजिक कार्यकर्ता

जलवायु और आदिवासी परंपराओं पर काम कर रहे सामाजिक कार्यकर्ता अंजला कुल्लू कहती हैं कि करम पर्व हमें याद दिलाता है कि जलवायु न्याय केवल कार्बन कटौती का मामला नहीं है, बल्कि यह सामाजिक न्याय और सांस्कृतिक परंपरा से भी जुड़ा है. रांची यूनिवर्सिटी के एक प्रोफेसर का कहना है—करम पर्व को केवल लोक-नृत्य या धर्म के चश्मे से देखना भूल होगी. यह असल में आदिवासी समाज का जलवायु संविधान है. करम पर्व एक सांस्कृतिक आयोजन भर नहीं, बल्कि जलवायु परिवर्तन के खिलाफ एक वैकल्पिक लोकमंत्र है. यह बताता है कि सामूहिक श्रम और आस्था से बड़े संकटों का हल निकाला जा सकता है. महिलाओं और बच्चों की भागीदारी से सतत भविष्य सुरक्षित हो सकता है. लोकगीत और लोककथा, जलवायु शिक्षा के सबसे सशक्त माध्यम हो सकते हैं. करम पर्व हमें यह सोचने को मजबूर करता है कि जलवायु संकट के दौर में समाधान सिर्फ़ ग्लोबल कॉन्फ्रेंस रूम में नहीं, बल्कि गांव की मिट्टी, बीज और सामुदायिक उत्सवों में भी मिल सकता है.

## ब्रीफ न्यूज

### एशिया कप मैचों के समय में हुआ बदलाव

**नयी दिल्ली।** एशिया कप का नौ सितंबर से आगाज होगा जबकि फाइनल 28 सितंबर को खेला जाएगा. टूर्नामेंट की शुरुआत से पहले मैचों के समय में बदलाव किया गया है. पहले ये मुकाबले भारतीय समयानुसार शाम 7:30 बजे से शुरू होने थे, लेकिन अब शाम 6.30 बजे यानी भारतीय समयानुसार रात आठ बजे शुरू होंगे. संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की गर्मी के कारण यह फैसला लिया गया है.

### रेलवे कर्मियों का 19 को देशव्यापी प्रदर्शन

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार द्वारा आठवें वेतन आयोग के गठन की घोषणा के 6 महीने बाद भी अधिसूचना जारी न होने से नाराज रेलवे कर्मचारी 19 सितंबर को देशभर में प्रदर्शन करेंगे. यह जानकारी शनिवार को ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन (एआईआरएफ) ने दी.

### आसाराम फिर पहुंचाए गए सलाखों के पीछे

**जयपुर।** आसाराम यौन उत्पीड़न के एक गंभीर मामले में उम्रकैद की सजा काट रहा है. मेडिकल आधार पर मिली बेल अवधि पूरी होने के बाद अब जोधपुर सेंट्रल जेल लौट गया है. आसाराम का जेल में प्रवेश से पहले स्वास्थ्य परीक्षण किया गया. जेल प्रशासन ने कहा कि सभी औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद उसे जेल में शिफ्ट किया गया.

### एयर स्ट्राइक में हूती पीएम रहावी की मौत

**सना।** यमन की राजधानी सना में हूती नियंत्रित सरकार के पीएम अहमद अल-रहावी की इजरायली हवाई हमले में मौत हो गई. हूती ने एक बयान में कहा कि अल-रहावी एक हमले में कई मंत्रियों के साथ मारे गए. बताया कि यह हमला तब हुआ जब रहावी एक वर्कशॉप में भाग ले रहे थे.

रांची पहुंचे उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी, मांगा समर्थन, कहा

# अगर मैं इस पद के काबिल हूं, तो आप मुझे ही वोट करें

शुभम संदेश। रांची

उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी शनिवार को समर्थन मांगने रांची पहुंचे. यहां उन्होंने सीएम हेमंत सोरेन से मुलाकात की. इस दौरान कांग्रेस प्रदेश प्रभारी के. राजू, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और कांग्रेस सांसद रघुराम रेड्डी समेत गठबंधन के कई सांसद मौजूद रहे. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि उपराष्ट्रपति चुनाव 9 सितंबर को होने वाले हैं और सत्ता एवं विपक्ष दोनों अपनी-अपनी रणनीति तैयार कर रहे हैं. हमारा प्रयास होगा कि विपक्षी उम्मीदवार को अधिकतम समर्थन मिले और विजय पक्की हो. चुनाव से पहले बड़े स्तर पर संपर्क अभियान चलाया जाएगा. हेमंत ने आश्वासन दिया कि झामुमो और उसके सहयोगी सभी दल रेड्डी का समर्थन करते हैं.

**शिबू सोरेन को दी श्रद्धांजलि :** बी. सुदर्शन रेड्डी ने प्रेस कांफ्रेंस में अपनी शुरुआत झामुमो के दिवंगत संस्थापक दिशोम गुरु शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए की. कहा कि सोरेन ने जल, जंगल और जमीन की लड़ाई के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित किया.

**केंद्र सरकार पर निशाना:** रेड्डी ने केंद्र सरकार पर हमला बोला और कहा, आज देश में नफरत का माहौल है. संविधान की रक्षा करना समय की बड़ी जरूरत है. सबको संविधान पढ़ना चाहिए ताकि उसकी असली ताकत का एहसास हो. उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी चुनाव से ठीक पहले की गई, जो साफ दिखाता है कि किस तरह संविधान की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं.

**इलेक्टोरल बॉन्ड और फंडिंग पर सवाल :** रेड्डी ने इलेक्टोरल बॉन्ड और राजनीतिक फंडिंग को लोकतंत्र के लिए खतरा बताया. उन्होंने कहा कि बड़ी कंपनियों ने इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए राजनीतिक दलों को करोड़ों का दान दिया है, जिससे चुनाव प्रक्रिया प्रभावित हुई है. यह भी कहा कि हर चुनाव के समय नए-नए पैतरे अपनाए जा रहे और बढ़ती जनसंख्या को भी राजनीति में गलत तरीके से इस्तेमाल किया जा रहा है. रेड्डी इसके बाद दिल्ली वापस लौट गए.

### सीएम हेमंत सोरेन ने दिलाया भरोसा, कहा- हम सब पूरी तरह आपके साथ



### सीएम की धूमिल हुई प्रतिष्ठा का जबाव मिलना ही चाहिए

जस्टिस बी सुदर्शन रेड्डी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जिस तरह गिरफ्तार किया गया, उन्हें सताया गया, जिस तरह का उनके साथ वर्ताव हुआ और उनकी प्रतिष्ठा धूमिल करने की कोशिश हुई, यह जगजाहिर है. लेकिन यह भी किसी व्यवस्था के तहत किया गया. हाईकोर्ट ने इस पर गंभीर टिप्पणी की. सवाल यही है कि हेमंत की धूमिल प्रतिष्ठा के लिए जिम्मेवार कौन हैं, जब तक इस सवाल का जवाब नहीं मिल जाता, तब तक प्रजातंत्र का कोई मतलब नहीं है.

### एसआईआर पर सवाल

रेड्डी ने कहा कि भारत में लोग वोटर पहले बने और उन्हें नागरिकता बाद में मिली. एसआईआर होना चाहिए. पर इसमें वोटर को हटाने और जोड़ने का जैसा काम किया जा रहा, इसे लोग देख रहे हैं. वोटर प्रथम हैं, इसीलिए मैंने सभी सदस्यों से समर्थन मांगा है.

### बी सुदर्शन रेड्डी का रांची में जोरदार स्वागत



इंडिया गठबंधन के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी शनिवार अपराह्न 3 बजे रांची पहुंचे. एयरपोर्ट पर उनका भव्य स्वागत हुआ. प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के. राजू के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका अभिनंदन किया. प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, विधायक दल के नेता प्रदीप यादव, मंत्री दीपिका पांडे सिंह, राधाकृष्ण किशोर, बंधु तिर्की, आलोक दूबे, डॉ. एम तौशिफ, केदार पासवान, डॉ. कुमार राजा समेत बड़ी संख्या में नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे. एयरपोर्ट पर माहौल जश्न जैसा रहा. इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस महासचिव आलोक कुमार दूबे ने कहा, झारखंड की धरती हमेशा लोकतांत्रिक मूल्यों और एकजुटता की मिसाल रही है. उपराष्ट्रपति पद के इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी को यहां से भारी समर्थन मिलेगा. मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य इस बात का संकेत देता है कि राष्ट्रीय स्तर पर भी परिणाम निश्चित रूप से पक्ष में होंगे. उन्होंने कहा झारखंड कांग्रेस पूरी मजबूती से रेड्डी के साथ खड़ी है और राज्य की जनता का उन्हें व्यापक समर्थन हासिल होगा. झारखंड कांग्रेस प्रभारी के.राजू की लगातार झारखंड में सक्रियता और सूझबूझ और परस्पर तालमेल ने गठबंधन को और मजबूत किया है.

# पूर्व मंत्री एनोस एक्का, पत्नी मेनन को 7-7 साल व कार्तिक प्रभात को 4 वर्ष की सजा

शुभम संदेश। रांची



रांची सीबीआई की विशेष कोर्ट ने शनिवार को राज्य के पूर्व मंत्री एनोस एक्का उनकी पत्नी मेनन एक्का को सात साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है. वहीं इस केस में रांची के पूर्व एलआरडीसी कार्तिक प्रभात को चार साल सश्रम कारावास की सजा हुई है. इस केस के अन्य दोषियों को भी सजा सुनाई गयी है. इसके साथ ही कोर्ट ने दोषियों पर 1-1 लाख का जुर्माना भी लगाया है.

कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि अगर दोषी जुर्माना की राशि जमा नहीं करते हैं तो उन्हें 1-1 वर्ष अतिरिक्त सजा काटनी होगी. बता दें कि सीएनटी एक्ट का उल्लंघन कर जमीन की खरीद बिक्री के 15 साल पुराने मामले में रांची सीबीआई की विशेष कोर्ट ने पूर्व मंत्री एनोस एक्का उनकी पत्नी मेनन एक्का, रांची के तत्कालीन एलआरडीसी कार्तिक कुमार प्रभात समेत अन्य को शुक्रवार को दोषी करार दिया था.

शनिवार को सभी दोषियों की सजा की बिंदु पर सुनवाई हुई. सभी दोषियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीबीआई कोर्ट के समक्ष पेश किया गया. सीबीआई की ओर से विशेष लोक अभियोजक प्रियांशु सिंह ने इस केस का ट्रायल कराया.

एनोस एक्का पर मंत्री रहते हुए पद का दुरूपयोग कर फर्जी पता का इस्तेमाल कर आदिवासी जमीन की खरीद बिक्री करने का आरोप था और तत्कालीन एलआरडीसी कार्तिक कुमार प्रभात ने उनकी मदद की थी. प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत से बड़े पैमाने पर जमीन की खरीदारी की गई थी. एनोस एक्का की पत्नी मेनन एक्का के नाम से हिनू में 22 कट्ठा, ओरमांझी में 12 एकड़, नेवरी में 4 एकड़, चुटिया के सिरम टोली मौजा में 9 डिसमिल जमीन खरीदी गई थी. सभी जमीन की खरीदारी मार्च 2006 से मई 2008 के बीच की गई थी. सीबीआई द्वारा लगाए गए सभी आरोप कोर्ट में सिद्ध हो गए जिसके बाद आरोपियों को दोषी करार दिया गया. इससे पहले एनोस एक्का पारा टीचर हत्याकांड, मनी लॉन्ड्रिंग केस और आय से अधिक मामले में दोषी करार दिए जा चुके हैं. यह चौथा ऐसा मामला है, जिसमें उन्हें दोषी करार दिया गया है.

### चर्चा में धनखड़, पेंशन के लिए किया आवेदन

**नयी दिल्ली।** पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ एक बार फिर चर्चा में हैं. उन्होंने राजस्थान विधानसभा में पेंशन के लिए आवेदन किया है. धनखड़ न पूर्व विधायक होने के नाते स्पीकर वासुदेव देवनानी को पेंशन के लिए आवेदन भेजा है. स्पीकर ने आवेदन मिलने की पुष्टि की. उन्होंने कहा है कि नियमों के मुताबिक फैसला लिया जाएगा और सदन को जानकारी भी दी जाएगी. विधानसभा सचिवालय ने उनके आवेदन पर कार्यवाही शुरू कर दी है. वह वर्ष 1993 में कांग्रेस के टिकट पर किशनगढ़ से विधायक बने थे. राजस्थान सरकार के नियमों के मुताबिक पूर्व विधायकों को उनके कार्यकाल की अवधि के हिसाब से पेंशन और अन्य सुविधाएं मिलती हैं.

# सात साल बाद पीएम मोदी पहुंचे चीन,हुआ भव्य स्वागत

- एससीओ समिट में भारत की भूमिका पर चर्चा करेंगे

एजेंसियां। बीजिंग



पीएम नरेंद्र मोदी शनिवार शाम को तियानजिन, चीन पहुंचे, जहां शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) समिट में वह भाग लेंगे. ये यात्रा पीएम मोदी के लिए चीन के साथ संबंधों को फिर से मजबूत करने का बड़ा अवसर बन सकती है, क्योंकि यह उनका सात साल बाद पहला आधिकारिक दौरा है. मोदी का चीन में भव्य स्वागत किया गया. मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच द्विपक्षीय बैठक की संभावना है, जो दोनों देशों के बीच रणनीतिक और व्यापारिक बातचीत को नया मोड़ दे सकती है. इसके अलावा, पीएम मोदी रूस के राष्ट्रपति पुतिन से भी मुलाकात करेंगे. समिट में सुरक्षा, कनेक्टिविटी, व्यापार और क्षेत्रीय सहयोग जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा की जाएगी. भारत की कोशिश है कि वह अपने रणनीतिक साझेदारों के साथ सहयोग को और मजबूत करे, जबकि चीन के साथ रिश्तों को भी संतुलित बनाए रखे.

भारत पर टैरिफ : न्यूयॉर्क टाइम्स का बड़ा खुलासा

# ट्रंप के झूठ पर भड़के थे मोदी, सुनायी खरी-खरी

एजेंसियां। वॉशिंगटन

भारत और अमेरिका के बीच रिश्ते उस वक्त खराब होने शुरू हो गए जब पीएम मोदी व डोनाल्ड ट्रंप के बीच टेलीफोन पर बात हुई थी. न्यूयॉर्क टाइम्स ने बड़ा खुलासा करते हुए उस दिन की बात बताई है, जब मोदी और ट्रंप के बीच कनाडा के जी7 शिखर सम्मेलन से इतर फोन पर बात हुई.

17 जून को मोदी-ट्रंप के बीच 35 मिनट की बात हुई और इस दौरान ट्रंप ने मोदी से उन्हें नोबेल पुरस्कार के लिए नॉमिनेट करने को कहा था. ट्रंप ने टेलीफोन पर मोदी से आगे कहा था कि भारत को भी उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नॉमिनेट करना चाहिए, लेकिन मोदी ने टेलीफोन पर ही ऐसा करने से साफ शब्दों में इनकार कर दिया.

### फोन पर 35 मिनट की बातचीत में बिगड़े रिश्ते

रिपोर्ट के मुताबिक ट्रंप की इन बातों से मोदी भड़क गये. उन्होंने ट्रंप से कहा कि युद्धविराम में ट्रंप व अमेरिका की कोई भूमिका नहीं है. युद्धविराम भारत और पाकिस्तान के बीच सीधे तौर पर तय किया गया था. इसके बाद ही भारत-अमेरिका के बीच चल रही ट्रेड वार्ता बेपटरी हो गई और अंत में अमेरिका ने भारत पर 50% का टैरिफ लगा दिया. इसके साथ ही फोन पर ट्रंप ने मोदी से कहा था कि वो क्वॉड सम्मेलन के लिए भारत की यात्रा करेंगे. लेकिन अब आने की कोई योजना नहीं है. अखबार ने कहा कि ट्रंप चाहते थे कि मोदी को अमेरिका बुला कर जनरल असीम मुनीर से हाथ मिलवाया जाए. लेकिन मोदी अमेरिका गए ही नहीं.

शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी पहल : सीबीएसई ने शुरू किया काउंसलिंग हब एंड स्पोक मॉडल

# अब हर छात्र तक पहुंचेगी मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं

एजेंसियां। नयी दिल्ली

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण को ध्यान में रखते हुए एक बड़ी पहल की शुरुआत की है. 2025-26 शैक्षणिक सत्र से बोर्ड ने "काउंसलिंग हब एंड स्पोक स्कूल मॉडल" लागू किया है. इस मॉडल का मकसद है कि हर बच्चे को सही समय पर परामर्श सेवाएं और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ा सहयोग मिल सके. आज के समय में पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों पर प्रतियोगिता का दबाव, तनाव और चिंता बढ़ रही है. ऐसे माहौल में कई बार बच्चे अपनी समस्याएं घर या स्कूल में खुलकर नहीं बता पाते. सीबीएसई का यह नया कदम छात्रों के लिए बड़ी राहत साबित हो सकता है.





**कैसे काम करेगा हब और स्पोक मॉडल**

- इस मॉडल में दो तरह के स्कूल होंगे – हब स्कूल और स्पोक स्कूल.
- हब स्कूल – ये मुख्य केंद्र की तरह काम करेंगे. इनके पास अनुभवी काउंसलर और प्रशिक्षित स्वास्थ्य शिक्षक होंगे.
- स्पोक स्कूल – ये हब स्कूल से जुड़े रहेंगे और हर महीने तय की गई गतिविधियों को लागू करेंगे.
- हब स्कूलों के काउंसलर और स्पोक स्कूलों के काउंसलर मिलकर छात्रों के लिए गतिविधियां चलाएंगे. जैसे – मानसिक स्वास्थ्य पर वर्कशॉप, सहपाठी सीखने की गतिविधियां, ग्रुप काउंसलिंग और ज़रूरत पड़ने पर व्यक्तिगत परामर्श.

**प्रिंसिपल और काउंसलर की भूमिका :** इस पूरे मॉडल में स्कूल प्रमुख या प्रिंसिपल की भूमिका सबसे अहम होगी. वे सभी गतिविधियों पर नजर रखेंगे और दिशा-निर्देश देंगे. उनके मार्गदर्शन में काउंसलर और स्वास्थ्य शिक्षक बच्चों को सहायता देंगे. काउंसलर न सिर्फ बच्चों की समस्याओं को सुनेंगे बल्कि उन्हें समाधान की ओर भी ले जाएंगे. उदाहरण के लिए – परीक्षा का तनाव कैसे कम करें, सहपाठियों से तालमेल कैसे बैठाएं, या आत्मविश्वास कैसे बढ़ाएं.

### मॉडल की शुरुआत और मुख्य उद्देश्य

यह मॉडल राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 की सोच से प्रेरित है. शिक्षा सिर्फ किताबों और अंकों तक सीमित न रहकर बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य और जीवन कौशल को भी मजबूत करे, इसी विचार पर यह पहल बनाई गई है. बोर्ड का कहना है कि अब स्कूलों के बीच सहयोगी नेटवर्क बनेगा, जिससे हर स्तर पर छात्रों को समय पर मनोवैज्ञानिक और सामाजिक सहयोग मिलेगा. इस कदम से न केवल छात्रों तक काउंसलिंग सेवाओं की पहुंच आसान होगी बल्कि स्कूलों की संस्थागत क्षमता भी बढ़ेगी

### किन-किन संस्थानों को भेजा गया संदेश

सीबीएसई ने इस पहल की जानकारी देशभर के कई बड़े शिक्षा संस्थानों और विभागों को भेजी है. इनमें केंद्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस), नवोदय विद्यालय समिति (एनवीएस), एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, सैनिक स्कूल, ओडिशा आदर्श विद्यालय संगठन, राज्य शिक्षा निदेशालय, आर्मी वेलफेयर एजुकेशन सोसाइटी (एडब्ल्यूईएस) और केंद्रीय तिब्बती स्कूल प्रशासन शामिल हैं.

**रिपोर्टिंग और निगरानी की व्यवस्था**

- सीबीएसई ने इस पहल में एक मजबूत रिपोर्टिंग सिस्टम भी जोड़ा है.
- हर स्पोक स्कूल को अपने हब स्कूल को महीनेभर की रिपोर्ट भेजनी होगी.
- हब स्कूल इन सभी रिपोर्टों को इकट्ठा करके हर महीने की 5 तारीख तक सीबीएसई को भेजेगा.
- इसके लिए गूगल फॉर्म का उपयोग होगा, ताकि पूरा प्रोसेस पारदर्शी और आसान हो.
- इस तरह से सीबीएसई को हर महीने यह जानकारी मिलती रहेगी कि काउंसलिंग गतिविधियां कितनी प्रभावी रहीं और किन क्षेत्रों में सुधार की जरूरत है.

### केंद्रीय गृह मंत्रालय ने झारखंड से लापता और बरामद बच्चों के आंकड़े मांगे, पूछा

# कितने बच्चे लापता, कितने बरामद हुए, बरामद बच्चों के पुनर्वास की क्या व्यवस्था है

शुभम संदेश। रांची

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने झारखंड राज्य से लापता और बरामद बच्चों के संबंध में विस्तृत रिपोर्ट मांगी है. इस संदर्भ में, गृह मंत्रालय ने राज्य के डीजीपी को एक पत्र भेजा है, जिसमें बच्चों की स्थिति के बारे में तीन प्रमुख बिंदुओं पर जानकारी देने का अनुरोध किया गया है. केंद्रीय गृह मंत्रालय ने झारखंड राज्य से तीन बिंदुओं पर जानकारी मांगी है. जानना चाहा है कि लापता बच्चों की संख्या कितनी है और राज्य के विभिन्न जिलों में कितने बच्चे लापता हैं. बरामद बच्चों के पुनर्वास की क्या व्यवस्था है. कितने बच्चों को बरामद किया गया और उनके परिवारों के साथ पुनर्वास की प्रक्रिया क्या रही. इसके अलावा



अभियोजन और केस रिपोर्ट की जानकारी मांगी है. पूछा है कि लापता बच्चों के मामलों में कितने अभियोजन दायर किए गए हैं. यह रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट में दायर एक याचिका के आधार पर मांगी गई है, जिसमें पूरे देश से लापता बच्चों के आंकड़े और उनके पुनर्वास के प्रयासों की जानकारी मांगी गई थी.

**सीआईडी ने भी मांगी रिपोर्ट :** केंद्रीय गृह मंत्रालय के पत्र के बाद, झारखंड सीआईडी ने भी राज्य के सभी जिलों से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है. सीआईडी मुख्यालय ने राज्य के एसएसपी और एसपी को पत्र लिखकर लापता बच्चों के मामलों, लंबित केसों की संख्या और गिरफ्तार आरोपियों के बारे में जानकारी मांगी है.

आंकड़ों के मुताबिक, झारखंड में मानव तस्करी का शिकार होने वाले बच्चों में 62% लड़कियां और 38% लड़के होते हैं. लड़कियों को घरेलू काम, यौन शोषण और जबरन विवाह के लिए तस्करी की जाती है, जबकि लड़कों को मजदूरी और कारखानों में काम कराने के लिए तस्करी की जाती है.

#### मानव तस्करी का बढ़ता खतरा

झारखंड में मानव तस्करी की समस्या भी गंभीर बनी हुई है. 2024 में मानव तस्करी के 84 मामले दर्ज किए गए थे, जिनमें से 163 बच्चे इस अपराध का शिकार हुए थे. इनमें 53 लड़कियां थीं. राज्य में मानव तस्करी के मामलों में पुलिस ने 45 मामलों में चार्जशीट दाखिल की है, जबकि 34 मामले अभी भी जांच के तहत हैं.

#### मानव तस्करी से निपटने की रणनीति

झारखंड सरकार ने मानव तस्करी पर नियंत्रण पाने के लिए 8 जिलों में एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट (एएचटीयू) का गठन किया है. यह यूनिट राज्य के खूंटी, दुमका, सिमडेगा, गुमला, रांची, चाईबासा, लोहरदगा और पलामू जिलों में कार्यरत है .अगस्त 2025 में हजारीबाग में मानव तस्करी के एक इंटरनेशनल गैंग का भंडाफोड़ किया गया था. इसके अलावा, पलामू जिले में 2024-25 में 15 बाल मजदूरों का रेस्क्यू किया गया.

#### ग्रामीण क्षेत्रों में मानव तस्करी का बढ़ता खतरा

झारखंड के ग्रामीण इलाकों में मानव तस्करी का शिकार बनने वाले बच्चों की संख्या लगातार बढ़ रही है. गरीब परिवारों के बच्चे तस्करों के जाल में फंस जाते हैं, जिन्हें काम के नाम पर और परिवारों को वित्तीय लाभ का लालच देकर तस्करी के लिए मजबूर किया जाता है.

## एनोस एक्का के बाद भ्रष्टाचार के और बड़े चेहरे जल्द होंगे बेनकाब : दुर्गा उरांव

शुभम संदेश। रांची

झारखंड अगेंस्ट करप्शन के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष दुर्गा उरांव ने पूर्व मंत्री एनोस एक्का को सीएनटी-एसपीटी एक्ट उल्लंघन और



आय से अधिक संपत्ति मामले में दोषी ठहराए जाने पर खुशी जताई है. उरांव ने शनिवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि देर आई, दुरुस्त आई. अगर कोई मंत्री, अधिकारी पदाधिकारी सरकारी कर्मी बनकर आमजनता को लूटेगा, तो वह उसके खिलाफ खड़े रहेंगे.

उन्होंने दावा किया कि अब तक वह 53 पीआईएल दायर कर चुके है, जिनके ट्रायल चल रहे हैं. जल्द ही कई बड़े नामचीन चेहरे बेनकाब होंगे और जेल की सलाखों के पीछे जाएंगे. वर्तमान में लातेहार कोल फील्ड में फर्जी नौकरी घोटाले पर दाखिल उनकी पीआईएल पर सीआईडी जांच जारी है. दुर्गा उरांव ने बताया कि यह मामला वर्ष 2008 का है, जब ओरमांझी क्षेत्र में एनोस एक्का की ओर से 17-18 एकड़ आदिवासी जमीन की खरीद सामने आई थी. उसी समय उन्होंने अदालत में पीआईएल दायर की, जिसका नतीजा आज सामने आया है.

उन्होंने कहा कि झारखंड के गठन (2000) के बाद मधु कोड़ा सरकार में भ्रष्टाचार ने चरम पकड़ा. पूरा मंत्रिमंडल घोटालों में लिप्त था. उसी दौर से उन्होंने भ्रष्टाचार के खिलाफ पीआईएल को हथियार बनाया. उन्होंने कहा कि पूजा सिंघल और विनय कुमार चौबे जैसे अफसरों का जेल जाना झारखंड की विडंबना है.

### मंत्री इरफान अंसारी की घोषणा

## झारखंड में ऑस्ट्रेलिया के सहयोग से बनेगा किडनी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल



शुभम संदेश। रांची

झारखंड में बढ़ते किडनी रोग के मामलों को देखते हुए झारखंड सरकार ने बड़ा कदम उठाया है. स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने घोषणा की है कि रांची में 2200 बेड का एक विश्वस्तरीय किडनी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल बनाया जाएगा. इस अस्पताल में किडनी प्रत्यारोपण (किडनी ट्रांसप्लांट) सहित तमाम अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी. यह अस्पताल ऑस्ट्रेलिया की कंपनी ऑस्टिन हॉस्पिटल एंड सर्विसेज और झारखंड सरकार के सहयोग से बनाया जाएगा.

स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि ऑस्टिन कंपनी के सीईओ आंद्रेई कोल्मोगोरोव झारखंड में निवेश के लिए सहमत हो गए हैं. उन्होंने कहा है कि इस परियोजना को राजनीति से दूर रखा जाएगा और उद्देश्य सिर्फ बेहतर स्वास्थ्य सेवा देना होगा. फिलहाल झारखंड सरकार मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना के तहत किडनी, लीवर और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए 15 लाख रुपये तक की सहायता दे रही है. इसके साथ ही राज्य के कई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में हेमोडायलिसिस की सुविधा भी शुरू की जा चुकी है. अब सरकार की योजना किडनी ट्रांसप्लांट की सुविधा राज्य में ही शुरू करने की है. स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि यह अस्पताल झारखंड ही नहीं, बल्कि पूरे पूर्वी भारत के लोगों के लिए उपयोगी साबित होगा. उन्होंने कहा है कि यह मेरे निरंतर प्रयासों और आप सभी के आशीर्वाद का परिणाम है कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में झारखंड एक नई क्रांति की ओर बढ़ रहा है.

### जेएसएससी मैट्रिक स्तरीय परीक्षा का रिजल्ट जारी

# 455 पदों के लिए हुई परीक्षा खाली रह गये 305 सीट

शुभम संदेश। रांची

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) ने मैट्रिक स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023 का रिजल्ट जारी कर दिया है. यह परीक्षा कीटपालक और इससे जुड़े अन्य पदों पर भर्ती के लिए ली गई थी. कुल 455 पदों के लिए परीक्षा हुई थी, लेकिन सिर्फ 150 उम्मीदवार ही सफल हो पाए. यानी 305 पद खाली रह गए हैं. इसका मतलब है कि करीब 67 फीसदी पदों पर कोई चयन नहीं हो सका. यह परीक्षा 29 सितंबर 2024 को हुई थी. आंसर की 10 फरवरी 2025 को जारी हुई थी और अब रिजल्ट आया है. अभ्यर्थी इस नतीजे से नाराज़ हैं और परीक्षा की प्रक्रिया पर सवाल उठा रहे हैं. जेएसएससी ने कहा है कि सफल उम्मीदवारों की अंकतालिका बाद में आयोग की वेबसाइट पर जारी की जाएगी और नियुक्ति की अनुशंसा कर दी जाएगी.

**कनिष्ठ अनुवादक के लिए आवेदन की तारीख बढ़ी:** जेएसएससी ने कनिष्ठ अनुवादक परीक्षा-2023 के लिए आवेदन की तारीख बढ़ा दी है. अब अभ्यर्थी 1 से 5 सितंबर 2025 तक रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं. अगर किसी ने आवेदन में कोई गलती की है, तो उसे सुधारने का मौका 6 और 7 सितंबर की रात 12 बजे तक मिलेगा. यह बदलाव उन लोगों के लिए फायदेमंद है, जिन्हें पहले तकनीकी दिक्कतों की वजह से आवेदन करने में परेशानी हुई थी.





#### सहायक आचार्य के भी हजारों पद खाली

**जेएसएससी ने सहायक आचार्य (शिक्षक) के 26,001 पदों के लिए भी रिजल्ट जारी किया था.**

- कक्षा 1 से 5 के लिए 11,000 पद थे, जिनमें से 4817 पर ही चयन हो पाया.
- कक्षा 6 से 8 के लिए 15,001 पद थे, जिनमें से 5775 पर चयन हुआ.
- कुल मिलाकर 15,009 पद खाली रह गए. स्कूली शिक्षा विभाग ने इस रिजल्ट को वापस भेज दिया है. संशोधित रिजल्ट जल्द जारी किया जाएगा.

#### श्रेणीवार चयनित उम्मीदवार

- अनारक्षित – 100
- अनुसूचित जनजाति – 30
- अनुसूचित जाति – 5
- पिछड़ा वर्ग- 1 – 14
- पिछड़ा वर्ग- 2 – 1

#### वैज्ञानिक सहायक परीक्षा 14 सितंबर को

वैज्ञानिक सहायक प्रतियोगिता परीक्षा-2025 की तारीख घोषित कर दी गई है. यह परीक्षा 14 सितंबर 2025 को केवल रांची जिले में आयोजित की जाएगी. इस परीक्षा से नियमित और बैकलॉग पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी.

#### कुछ रिजल्ट अभी रुके हुए हैं

जेएसएससी ने कहा है कि कुछ उम्मीदवारों का रिजल्ट उनकी शैक्षणिक योग्यता या दूसरे कारणों से रोका गया है. इस पर जल्द फैसला लिया जाएगा और फिर रिजल्ट जारी किए जाएंगे.

## एक नजर

### जमीन फर्जीवाड़ा मामले में निलंबित सीआई भानु प्रताप की बेल पर 12 को सुनवाई

**रांची।** जमीन फर्जीवाड़ा मामले में निलंबित पुलिस निरीक्षक (सीआई) भानु प्रताप प्रसाद की जमानत याचिका पर 12 सितंबर को सुनवाई होगी. यह सुनवाई एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की विशेष अदालत में की जाएगी. भानु प्रताप प्रसाद पर आरोप है कि उन्होंने बड़ंगाई अंचल के सरकारी जमीन संबंधी दस्तावेजों में हेराफेरी की और इन्हें अवैध रूप से अपने पास रखा. यह मामला तत्कालीन अंचल अधिकारी (सीओ) मनोज कुमार की शिकायत पर 1 जून 2023 को सदर थाना में दर्ज किया गया था.बाद में इस मामले को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने टेकओवर किया और ईसीआईआर दर्ज कर जांच शुरू की. भानु प्रताप का नाम इससे पहले भी कई भ्रष्टाचार और फर्जीवाड़ा मामलों से जुड़ा रहा है. गुमला में उन्हें रिश्वत लेते हुए एसीबी ने रंगे हाथों पकड़ा था. इसके अलावा सेना की कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन के फर्जीवाड़ा मामले में ईडी ने 13 और 14 अप्रैल 2023 को कुल 22 ठिकानों पर छापेमारी की थी. इन छापों के दौरान उनके पास से कई फर्जी डीड और जमीन से जुड़े दस्तावेज बरामद हुए थे. इसके बाद 13 अप्रैल 2023 को उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था और तब से वे न्यायिक हिरासत में हैं. भानु प्रताप प्रसाद पर बड़ंगाई की 8.86 एकड़ जमीन के फर्जीवाड़े का भी गंभीर आरोप है.

### गुरुजी का मोरहाबादी अवास अब उनकी पत्नी रुपी सोरेन के नाम आवंटित होगा

**रांची।** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और दिशोम गुरु शिबू सोरेन का मोरहाबादी स्थित सरकारी आवास अब उनकी पत्नी रूपी सोरेन के नाम पर आवंटित किया जाएगा. मुख्यमंत्री के निर्देश पर भवन निर्माण विभाग ने इस आशय का प्रस्ताव तैयार किया है. गुरुजी की ही तरह रुपी सोरेने को आजीवन के लिए यह आवास आवंटित किया जाएगा. मालूम हो कि 2011 में तत्कालीन अर्जुन मुंडा की सरकार ने गुरुजी को यह आवास आवंटित किया था. उसके बाद से गुरुजी इस आवास में रह रहे थे. गुरुजी का पिछले चार अगस्त को निधन हो गया. उसके बाद उनकी विधवा रुपी सोरेन अब इस आवास में रहेंगी. इधर मालूम हो कि झारखंड आंदोलन के नेतृत्वकर्ता रहे गुरुजी के रहते ही राज्य सरकार ने उनके मोरहाबादी स्थित आवास को हेरिटेज बिल्डिंग के रूप में तब्दील करने का फैसला किया था. लगभग पांच करोड़ की राशि खर्च कर सरकार इसे हेरिटेज बिल्डिंग के रूप में तब्दील कर रही है. गुरुजी की जीवनी और रहन-सहन के अनुरूप इसे विकसित किया जा रहा है. उनकी भूमिका को बिल्डिंग में प्रदर्शित करने की कोशिश हो रही है.

### कांग्रेस में पदों के पुनर्गठन के लिए चयन प्रक्रिया की तिथि 7 सितंबर तक बढ़ी

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के विभिन्न पदों के पुनर्गठन के लिए चल रही चयन प्रक्रिया की अंतिम तिथि 30 अगस्त निर्धारित थी. इस प्रक्रिया के तहत अब तक लगभग 600 आवेदन प्राप्त हुए हैं. इस बात की जानकारी देते हुए मीडिया विभाग के चेयरमैन सतीश पौल मुजनी ने बताया कि प्रदेश प्रभारी के. राजू और झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के बीच चर्चा उपरांत यह निर्णय लिया गया है कि चयन प्रक्रिया की अवधि को 7 दिनों के लिए और बढ़ाया जाए. अब इस प्रक्रिया की नई अंतिम तिथि 7 सितंबर 2025 निर्धारित की गई है. इस चयन प्रक्रिया में कांग्रेस का कोई भी कार्यकर्ता वंचित न रह जाए, इसे सुनिश्चित करने के लिए झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने एक व्हाट्सएप नंबर 9059808833 जारी किया है. यह नंबर अगले 7 दिनों तक सक्रिय रहेगा. कांग्रेस कार्यकर्ता इस नंबर पर केवल "जय कांग्रेस" संदेश भेजकर आवेदन लिंक प्राप्त कर सकते हैं और बड़ी सरलता से अपना आवेदन कर सकेंगे.

### हाईकेर्ट ने पूछा- आचार्य भर्ती में कंप्यूटर साइंस से बीएड अनिवार्य है या नहीं

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने माध्यमिक आचार्य भर्ती (विज्ञापन संख्या 02/2025) से जुड़ी रिट याचिका प्रियंका कुमारी एवं अन्य बनाम झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की सुनवाई में बड़ा आदेश दिया है. हाईकोर्ट ने जेएसएससी को यह बताने का निर्देश दिया है कि नियुक्ति के लिए सामान्य बीएड की डिग्री चाहिए या कम्प्यूटर साइंस में बीएड की डिग्री. याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता चंचल जैन ने अदालत के समक्ष तर्क देते हुए कहा कि विज्ञापन में बी.एड. डिग्री को लेकर गंभीर अस्पष्टता है. आयोग उम्मीदवारों से यह अपेक्षा कर रहा है कि उनकी बी.एड. डिग्री उसी विषय में हो, जिसमें उन्होंने आवेदन किया है. विशेष रूप से कंप्यूटर साइंस विषय में यह शर्त लागू की जा रही है, जबकि कंप्यूटर साइंस से बी.एड. की डिग्री का कोई प्रावधान ही नहीं है. जिसके बाद अदालत ने झारखंड कर्मचारी चयन आयोग को निर्देश दिया कि वह इस मुद्दे पर स्पष्टिकरण प्रस्तुत करे. अब इस मामले की अगली सुनवाई 15 सितम्बर 2025 को होगी. बता दें कि माध्यमिक आचार्य के लगभग 1300 पदों पर नियुक्ति होनी है.

### ट्रांसफर आदेश के बावजूद नहीं किया जा रहा विरमित

**रांची।** झारखंड के विभिन्न जिलों और इकाइयों में ट्रांसफर किए गए पुलिस पदाधिकारी और कर्मियों को विरमित नहीं किया जा रहा है, जिसे लेकर पुलिस मुख्यालय ने सख्त रुख अपनाया है. डीजीपी अनुराग गुप्ता ने इस संबंध में सभी जिलों के एसएसपी, एसपी और सभी इकाई के प्रमुखों को आदेश जारी किया है. जारी आदेश में कहा गया है कि पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी ट्रांसफर आदेशों के बावजूद कई पुलिस अधिकारियों और कर्मियों को अभी तक उनके नए पदस्थापन के लिए विरमित नहीं किया गया है. इसे मुख्यालय के आदेश की अनदेखी और अनुशासनहीनता माना गया है. डीजीपी ने निर्देश दिया है कि पुलिस मुख्यालय ने 1 अगस्त 2024 से अब तक जिन पुलिसकर्मियों और अधिकारियों का तबादला किया है, उन्हें तत्काल प्रभाव से विरमित किया जाए. इसके साथ ही दो दिनों के भीतर इसकी सूची पुलिस मुख्यालय को उपलब्ध करायी जाए.

- डीजीपी ने दिया सख्त आदेश

## झारखंड में जल जंगल जमीन की रक्षा के लिए तेज होगा संघर्ष : महेंद्र

शुभम संदेश। रांची

भाकपा के राज्या सचिव के रूप में चुने गए महेंद्र पाठक ने कहा है कि पार्टी राज्य में जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए संघर्ष को तेज करेगी. पाठक शनिवार को प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा कि झारखंड में लाल झंडे के विकल्प के लिए राज्य स्तरीय संगठन को मजबूत करने, जन समस्याओं को लेकर जन आंदोलन विकसित करने का फैसला लिया गया है. पिछले दिनों हुए पार्टी के सम्मेलन में जल जंगल जमीन की हिफाजत करने और खनिज संपदाओं के दोहन पर रोक लगाने, बेरोजगार युवाओं के रोजगार 10 हजार रुपए बेरोजगारी भत्ता, वित्त रहित शिक्षा, विस्थापन नीति विस्थापन आयोग का गठन सहित दर्जनों प्रस्ताव आंदोलन के लिए पास किए गए हैं.

उन्होंने बताया कि सम्मेलन में राज्य भर से 300 से अधिक प्रतिनिधि भाग लेने पहुंचे थे. इसमें से 200 से अधिक प्रतिनिधियों ने बहस में हिस्सा लिया. वहीं राज्य के संचालन के लिए 47



सदस्य राज्य परिषद, 21 सदस्यों कि राज्य कार्यकारिणी का गठन किया गया. दूसरी बार राज्य सचिव चुने जाने पर पाठक ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट करते हुए कहा कि झारखंड में जनता की जन समस्याओं को लेकर जन आंदोलन तेज किया जाएगा.

आने वाले दिन में लोकसभा और विधानसभा की चुनाव सहित पंचायत और नगर निगम के चुनाव में भी पार्टी बढ़कर के हिस्सा लेगी. उन्होंने अभी से ही चुनाव की तैयारी में कार्यकर्ताओं को जाने का आह्वान किया. उन्होंने आने वाले विधानसभा चुनाव में झारखंड में वाम विकल्प देने की वकालत की. झारखंड में मजबूत कम्युनिस्ट पार्टी के निर्माण के लिए छात्रों युवाओं साथ ही महिलाओं को भी जोड़ने के लिए रणनीति बनाई गई.

### कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की असम दौरे पर

## डिब्रूगढ़ में होगा जनी शिकार महोत्सव 2025

शुभम संदेश। रांची

झारखंड की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की दो दिवसीय दौरे पर असम पहुंचीं. शनिवार को डिब्रूगढ़ एयरपोर्ट और अतिथिशाला पहुंचने पर प्रदेश कांग्रेस कमिटी के पदाधिकारियों और आदिवासी विमेंस एसोसिएशन ऑफ असम की महिलाओं ने पारंपरिक तरीके से उनका भव्य स्वागत किया. स्वागत समारोह में मिले स्नेह और सम्मान से मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की काफी अभिभूत नज़र आईं. आदिवासी विमेंस एसोसिएशन ऑफ असम की ओर से 31 अगस्त 2025 को डिब्रूगढ़ जिला पुस्तकालय में जनी शिकार महोत्सव 2025 का आयोजन किया जा रहा है. इस महोत्सव में झारखंड की कृषि मंत्री बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगी और आदिवासी समाज की संस्कृति एवं परंपरा पर संबोधन देंगी.



#### आदिवासी समाज की सांस्कृतिक पहचान

देश-दुनिया में अपनी संस्कृति और परंपराओं के लिए मशहूर आदिवासी समाज की असम में विशेष पहचान है. इस कार्यक्रम के जरिए असम का आदिवासी समाज अपनी परंपराओं को और अधिक सशक्त रूप से प्रस्तुत करेगा.

#### बीएलए ट्रेनिंग कार्यक्रम में भी लेंगी भाग

अपने असम प्रवास के दौरान मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की असम प्रदेश कांग्रेस कमिटी के वोट चोर – गद्दी छोड़ अभियान के तहत आयोजित बीएलए ट्रेनिंग कार्यक्रम में भी हिस्सा लेंगी.

### सरकारी कर्मियों की बल्ले बल्ले

# सितंबर माह के पहले सप्ताह में छुट्टी ही छुट्टी

शुभम संदेश। रांची

सितंबर महीने का पहला सप्ताह सरकारी कर्मियों को काफी सुकून देने वाला होगा. पहले सप्ताह में कुल पांच दिन छुट्टी रहेगी. राज्य सरकार द्वारा जारी छुट्टी की अधिसूचना के मुताबिक, तीन सितंबर को राजपत्रित अवकाश के तहत करमा और चार सितंबर को कार्यपालक अवकाश के तहत करमा पूजा (फूलखोंसी) की छुट्टी रहेगी. तीन सितंबर को बुधवार और चार सितंबर को गुरुवार है. वहीं पांच सितंबर शुक्रवार को मिलाद-उन-नबी (पैगंबर मुहम्मद का जन्म दिन) की छुट्टी है. इसके बाद छह और सात सितंबर को शनिवार और रविवार होने के कारण छुट्टी रहेगी.

#### लगातार पांच दिन तक बंद रहेंगे सरकारी कार्यालय

- 3 सितंबर (बुधवार) : करमा पूजा
- 4 सितंबर (गुरुवार) : करमा पूजा
- 5 सितंबर (शुक्रवार) : मिलाद-उन-नबी (पैगंबर मुहम्मद का जन्म दिन)
- 6 सितंबर (शनिवार) : सचिवालयों में छुट्टी
- 7 सितंबर (रविवार) : सचिवालयों और क्षेत्रीय कार्यालयों में छुट्टी

### पोषण भी -पढ़ाई भी : खेल-आधारित शिक्षा से बदल रही आंगनवाड़ी की तस्वीर

# हर बच्चे को आगे बढ़ने का मौका मिलना चाहिए: अन्नपूर्णा देवी

शुभम संदेश। रांची

भारत सरकार ने बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा और पोषण को लेकर ऐतिहासिक कदम उठाया है. केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने बताया कि पोषण भी पढ़ाई भी पहल ने आंगनवाड़ी केंद्रों को सिर्फ पोषण का स्थान नहीं, बल्कि पहली पाठशाला में बदल दिया है, जहां खेल-आधारित शिक्षा के जरिए बच्चों का समग्र विकास हो रहा है.

**मोदी सरकार की पहल: शिक्षा और पोषण एक साथ**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने अपनी विकास यात्रा में बच्चों को केंद्र में रखा है. राष्ट्रीय



शिक्षा नीति (एनईपी 2020) ने यह स्पष्ट किया कि मस्तिष्क का 85% विकास छह वर्ष की उम्र तक हो जाता है. इसी को ध्यान में रखते हुए सरकार ने आंगनवाड़ी केंद्रों में ईसीसीई लागू किया है.

**घर पर भी शिक्षा का प्रोत्साहन :** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने नवचेतना पहल भी शुरू की है, जिसके जरिए माता-पिता को घर पर ही बच्चों के लिए खेल-आधारित, आयु-उपयुक्त गतिविधियां करने के लिए मार्गदर्शन दिया जाता है.

**भविष्य के लिए मजबूत नींव :** यह पहल सुनिश्चित कर रही है कि भारत का हर बच्चा जन्म से ही मजबूत शुरुआत पाए. मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा— खेल कोई विलासिता नहीं है, बल्कि सीखने की नींव है. हर बच्चे को अवसर मिलना चाहिए ताकि वह जीवनभर सीख सके और आगे बढ़ सके.

#### खेल-आधारित शिक्षा से आईक्यू में वृद्धि

सीएमसी वेल्लोर के अध्ययन के अनुसार, व्यवस्थित ईसीसीई प्राप्त करने वाले बच्चों का IQ पाँच साल की उम्र तक 19 अंक तक बढ़ा. अंतरराष्ट्रीय शोध भी बताते हैं कि पांच वर्ष से पहले ईसीसीई में शामिल बच्चों में 67% बेहतर सामाजिक और शैक्षणिक प्रदर्शन देखने को मिलता है. नोबेल पुरस्कार विजेता जेम्स हेकमैन के अनुसार, प्रारंभिक शिक्षा में निवेश से 13-18% तक रिटर्न मिलता है.

#### कैसे बदल रही है आंगनवाड़ी

आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को खेल-आधारित शिक्षा के लिए प्रशिक्षित किया गया है. राष्ट्रीय पाठ्यक्रम आधारशिला तैयार की गई है, जो बच्चों के बौद्धिक ही नहीं, भावनात्मक और सामाजिक विकास पर भी जोर देती है. अब आंगनवाड़ी केंद्र सिर्फ पोषण का नहीं, बल्कि सीखने और खेलने का सुरक्षित माहौल बन गए हैं.

#### आधारशिला की 5+1 योजना

दिन की शुरुआत 30 मिनट के मुक्त खेल से होती है. इसके बाद भाषा, मोटर स्किल, रचनात्मकता और सामाजिक गतिविधियाँ कराई जाती हैं. दोपहर में पौष्टिक भोजन और आराम के बाद, दिन का समापन बाहरी खेल व संवाद से किया जाता है.

**अभिभावकों का बढ़ता विश्वास :** जो परिवार पहले आंगनवाड़ी को केवल पोषण केंद्र मानते थे, अब उन्हें बच्चों की शिक्षा की पहली सीढ़ी मान रहे हैं.

### कुख्यात अपराधी वैभव यादव को हाईकोर्ट से मिली बेल

**रांची।** कुख्यात अपराधी वैभव यादव को झारखंड हाईकोर्ट से जमानत मिल गई है. हाईकोर्ट ने उसे 20-20 हजार रुपये के दो निजी मुचलके भरने की शर्त पर जमानत दी है. वैभव पर 50 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं. झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अंबुज नाथ की कोर्ट में वैभव की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई. इस मामले में वैभव की ओर से अधिवक्ता अमन कुमार राहुल ने बहस की. बता दें कि वैभव को धनबाद के रिकवरी एजेंट उपेंद्र सिंह की हत्या से जुड़ी एक मामले में जमानत मिली है. 2023 में धनबाद के सरायढेला थाना क्षेत्र में रिकवरी एजेंट उपेंद्र सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी. इस हत्याकांड में प्रिंस खां का नाम भी सामने आया था.

https://epaper.shubhamsandesh.net

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

रांची, रविवार 31 अगस्त 2025 । भद्रपद शुक्ल पक्ष अष्टमी, संवत 2082 । रांची एवं पटना से प्रकाशित । वर्ष : 3, अंक : 144 । मूल्य ₹ 4, पृष्ठ संख्या : 12





इंडस्ट्री में एंट्री के लिए अहान पांडे ने लिया रील्स का सहारा




पेज 07

नीरज हत्याकांड | जब दांव पर मानव जीवन हो और कीमत खून हो, तो

# ऐसे मामलों को पूरी ईमानदारी से निपटने की जरूरत होती है : न्यायाधीश

- अभियुक्तों को संदेह का लाभ मिला
- मृतकों के स्वजनों को मुआवजे के आदेश
- अभियोजन पक्ष की विफलता पर अदालत का फैसला
- अभियुक्तों के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य न होने पर बरी

शुभम संदेश। धनबाद

बहुचर्चित नीरज हत्याकांड में 27 अगस्त को अदालत ने अपना फैसला सुना दिया. अदालत ने सभी अभियुक्तों को बाईज्जत बरी करने का आदेश दिया है. अदालत के निर्देश पर मृतकों के परिवारों को मुआवजा देने की पहल की जायेगी.

जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्गेश चंद्र अवस्थी की अदालत ने अपने फैसले में लिखा कि जब दांव पर मानव जीवन हो और कीमत खून हो, तो इस मामले को पूरी ईमानदारी से निपटने की जरूरत होती है.

यह कानून का स्थापित सिद्धांत है कि आपराधिक न्याय शास्त्र में सबूत का मानक बिल्कुल सख्त है और इससे समझौता नहीं किया जा सकता है. इसलिए, मामले के तथ्यों और परिस्थितियों को देखते हुए, और उपरोक्त धाराओं के प्रकाश में, मैं शस्त्र अधिनियम धारा 27 के साथ पठित आईपीसी की धारा 302, 120B के तहत अपराध के लिए आरोपियों को दोषी नहीं ठहरा सकता, क्योंकि उनका अपराध सभी उचित संदेहों से परे साबित नहीं हुआ है.



संदेह का लाभ अभियुक्तों को मिलना चाहिए क्योंकि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित 'सुनहरे सिद्धांतों' को अभियोजन पक्ष द्वारा स्थापित नहीं किया जा सका. अभियोजन पक्ष इस मामले में परिस्थितियों की श्रृंखला को जोड़ने में विफल रहा.

अभियोजन पक्ष का यह स्वीकृत मामला है कि आरोपी व्यक्तियों के पास से या उनकी निशानदेही पर कोई हथियार बरामद नहीं किया गया है, चाहे इस मामले में किसी को भी गिरफ्तार किया गया हो. उस स्थान या व्यक्तियों के संबंध में कोई खुलासा नहीं हुआ है जिनसे आरोपियों द्वारा 9 मिमी कैलिबर की गोलियां, शस्त्र, पिस्तौल, कार्बाइन खरीदी गई थीं. इसके अलावा, पूरी जांच के दौरान अभियोजन पक्ष द्वारा लेन-देन या धन के हस्तांतरण का विवरण नहीं लाया जा सका. अभिलेख में दर्ज कॉलों की कोई रिकॉर्डिंग नहीं है. आरोपी व्यक्तियों के कब्जे से कथित सिम कार्ड के साथ मोबाइल फोन की जब्ती, गवाहों की जांच नहीं की गई. मुकदमे का सामना कर रहे आरोपी व्यक्तियों से बरामदगी की पुष्टि नहीं की जा सकी.

पूरे मामले में, जांच अधिकारी ने अपनी जांच के दौरान कई इकबालिया बयानों का उल्लेख किया है, लेकिन किसी भी अभियुक्त के खुलासे के आधार पर किसी आपत्तिजनक सामग्री की बरामदगी नहीं की गई. यह कानून का स्थापित सिद्धांत है कि बरामदगी के बिना किसी स्वीकारोक्ति बयान को सबूत के रूप में नहीं माना जाएगा, क्योंकि यह सीआरपीसी की धारा 27 पर प्रहार करेगा. यह भी एक स्वीकृत तथ्य है कि अभियोजन पक्ष ने जिन इकबालिया बयानों पर भरोसा किया था, वे पुलिस हिरासत में दर्ज किए गए थे. किसी भी आरोपी ने किसी अन्य आरोपी की संलिप्तता का खुलासा करने के लिए अदालत या किसी मजिस्ट्रेट के समक्ष 164 के तहत कोई बयान नहीं दिया.

अदालत के समक्ष दिए गए जांच अधिकारी के बयान से भी यह स्पष्ट है कि उन्होंने स्वीकार किया कि उनकी पूरी जांच आरोपी व्यक्तियों से प्राप्त जानकारी पर आधारित थी, अर्थात साक्ष्य अधिनियम की धारा 25 के तहत यह स्वीकार योग्य नहीं था. इस प्रकार, दिए गए तथ्यों में अभियोजन पक्ष प्रत्यक्ष परिस्थितिजनक मौखिक या फॉरेंसिक साक्ष्य के माध्यम से अपराध स्थल पर आरोपी व्यक्तियों की उपस्थिति स्थापित करने में सक्षम नहीं रहा. साक्ष्य अधिनियम की धारा 27 का सहारा लेना और इसे आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ हानिकारक तरीके से नियोजित करना, मूलभूत तथ्यों के आगे प्रावधान का गंभीर और अनुचित प्रयोग होगा.

## ब्रीफ खबरें

### हीरापुर के 11 केवी फीडरों की बिजली आपूर्ति बंद

**धनबाद।** हीरापुर पावर सब-स्टेशन (पीएसएस) से जुड़े सभी 11 केवी फीडरों पर रविवार को रखरखाव कार्य के कारण सुबह 06:30 बजे से 10:30 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी. इससे प्रभावित होने वाले क्षेत्रों में विस्तीपारा, ज्ञान मुखर्जी रोड, हरिमंदिर रोड, हीरापुर हटिया, पुलिस लाइन, डीएस कॉलोनी, झारखंड मैदान, जर्नापारा, मास्टरपारा, आदर्श नगर, मदा कॉलोनी, प्रोफेसर कॉलोनी, बेकरबंद, एलसी रोड, मनोरम नगर आदि शामिल हैं.

### मंईयां योजना : करम से पहले महिलाओं को मिलेगा तोहफा

**रांची।** करम पर्व से पहले झारखंड की महिलाओं को सरकार की ओर से बड़ा तोहफा मिलेगा. मंईयां सम्मान योजना के तहत 13वीं किस्त के रूप में 2500 की राशि लाभुक महिलाओं के बैंक खातों में भेजी जाएगी. इस संबंध में सामाजिक सुरक्षा विभाग ने सभी जिलों को दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं.

**2-3 दिनों में खातों में पहुंच जाएगी राशि :** विभागीय सूत्रों के अनुसार, 31 अगस्त से राशि का ट्रांसफर शुरू हो जाएगा. विभाग ने मंईयां योजना की राशि लाभुकों के खातों में भेजने के लिए तैयारी शुरू कर दी है. उम्मीद है कि अगले 2 से 3 दिनों में महिलाओं के खाते में पैसे पहुंच जाएंगे.

### हिंदू-मुस्लिम एकता ही देश की पहचान : इमरान प्रतापगढ़ी

**गोविंदपुर।** कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष, राज्यसभा सांसद एवं शायर इमरान प्रतापगढ़ी ने शनिवार को जीटी रोड साहिबगंज मोड़ पर आयोजित स्वागत समारोह में कहा कि हिंदू-मुस्लिम एकता ही हमारे देश की पहचान रही है, लेकिन कुछ लोग इसमें अलगाव पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं. ऐसे लोगों से सावधान रहने की आवश्यकता है. दुर्गापुर से धनबाद जाते समय उनका स्वागत समाजसेवी मो. सलाउद्दीन के नेतृत्व में किया गया. स्वागत के दौरान उन्हें 100 किलोग्राम का माला पहनाया गया. उन्होंने कहा कि वे प्रतापगढ़ (उत्तर प्रदेश) के रहने वाले हैं, लेकिन कांग्रेस पार्टी ने उन्हें महाराष्ट्र से राज्यसभा सदस्य बनाया है.

### आशुलिपिक सहित समाहरणालय के चार कर्मियों की विदाई

**धनबाद।** समाहरणालय के आशुलिपिक (स्टेनोग्राफर) सुशीला टोपनो, कल्याण शाखा के प्रधान लिपिक शैलेंद्र कुमार बैद्य तथा गोपनीय शाखा के सरजू राम एवं भारतु राम 31 अगस्त को सेवानिवृत्ति होंगे. सेवानिवृत्ति होने वाले चारों कर्मियों के लिए उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया गया. उपायुक्त, उप विकास आयुक्त सादात अनवर ने उनके मंगलमय जीवन की कामना करते हुए शुभकामनाएं दीं. अपर समाहर्ता विनोद राम, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, उप निर्वाचन पदाधिकारी कालीदास मुंडा, शौकत अली, रमेश कुमार तिवारी, अमित कुमार सिंह, संदीप कुमार महतो के साथ साथ राजस्व, विकास, स्थापना, कल्याण, गोपनीय सहित अन्य शाखा के पदाधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे.

### लोयाबाद में डेंगू का मरीज मिला, स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

**लोयाबाद।** लोयाबाद आठ नंबर गुलजार मुहल्ले में डेंगू का खतरा मंडराने लगा है. क्षेत्र के एक 13 वर्षीय किशोर के डेंगू से संक्रमित होने की पुष्टि के बाद स्वास्थ्य विभाग हरकत में आ गया. शनिवार को जिला स्वास्थ्य विभाग की विशेष टीम मुहल्ले में जांच अभियान चलाने पहुँची. टीम ने सबसे पहले किशोर के परिवार के सदस्यों के ब्लड सैंपल लिए. हालांकि, स्थानीय ग्रामीणों ने डर और आशंका के कारण ब्लड सैंपल देने से इंकार कर दिया. इसके बावजूद चिकित्सकों की टीम ने परिवार के सदस्यों के ब्लड सैंपल एकत्र कर जांच हेतु भेज दिए. स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि यदि रिपोर्ट में किसी अन्य सदस्य की पुष्टि होती है, तो पूरे मुहल्ले के लोगों का ब्लड सैंपल लिया जाएगा. निरीक्षण के दौरान टीम ने दर्जनों घरों का सर्वे किया और पानी की टंकियों, गमलों तथा आसपास जमा पानी में लार्वा और मच्छरों की जांच की. हालांकि मौके पर डेंगू मच्छर के प्रजनन स्थल का कोई स्पष्ट सबूत नहीं मिला. टीम ने संक्रामक रोगों की रोकथाम को लेकर लोगों को जागरूक किया और साफ-सफाई बनाए रखने पर जोर दिया. विभाग ने कई परिवारों से बलगम का सैंपल भी एकत्र किया, ताकि टीबी रोग की रोकथाम सुनिश्चित की जा सके.

# श्रद्धालुओं से भरा ऑटो घाटी में दुर्घटनाग्रस्त, दो की मौत

शुभम संदेश। तिसरी (गिरिडीह)

गिरिडीह जिले के तिसरी थाना क्षेत्र में शनिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया. यहां स्थित जमामो माता मंदिर में पूजा करने जा रहे श्रद्धालुओं से भरी एक टेंपो हथियागढ़ घाटी में दुर्घटनाग्रस्त हो गई. हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कई महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं. मृतकों में रुक्मणी देवी और शनिचर रजक शामिल हैं. वहीं, घायलों में बबीता देवी, देवन्ती देवी, फूलन देवी, सोफा देवी और सोशिला देवी समेत कई अन्य महिलाएं हैं. सभी श्रद्धालु धनवार प्रखंड के पचरुखी गांव के रहने वाले बताए जा रहे हैं. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टेंपो में कुल 14 लोग सवार थे. सभी लोग तिसरी प्रखंड के जमामो स्थित प्रसिद्ध देवी मंदिर में पूजा-अर्चना और दुग्धाभिषेक करने जा रहे थे. इसी दौरान हथियागढ़-जमामो रोड स्थित हथियागढ़ घाटी के पास यह दर्दनाक हादसा हो गया. घटना की सूचना मिलते ही तिसरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए धनवार रेफरल अस्पताल भेजा. पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. इधर, इस घटना को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री सह नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने शोक जताया. उन्होंने गिरिडीह जिला प्रशासन से पीड़ित परिवारों को उचित सहायता मुहैया कराने की मांग की. वहीं, धनवार के पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने भी अस्पताल पहुंचकर श्रद्धालुओं का हालचाल जाना और घटना पर शोक व्यक्त किया.

## तेज गति ट्रक ने टेम्पो सवार को कुचला, मौत

### एक व्यक्ति की स्थिति गंभीर

**कतरास।** कतरास थाना क्षेत्र के गौशाला पुल के पास शनिवार की दोपहर एक अज्ञात ट्रक ने टैम्पो को जोरदार टक्कर मार दी. घटना में उतर प्रदेश के आगरा जिले के निवासी जाहिद की दर्दनाक मौत घटनास्थल पर ही हो गई. जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसकी स्थिति नाजुक बताई जाती है. बताया जाता है कि टक्कर इतनी जोरदार थी टैम्पो में बैठे जाहिद टैम्पो से बाहर गिर पड़े, जिसके बाद ट्रक ने उन्हें कुचल दिया और तेज गति से फरार हो गया.



हादसे में टैम्पो में सवार एक अन्य यात्री चांद मोहम्मद गंभीर रूप से घायल हो गए. घटना के बाद टैम्पो चालक भी मौके से फरार हो गया. सूचना मिलते ही कतरास पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, जबकि घायल को एंबुलेंस से धनबाद इलाज के लिए भेजा गया. पुलिस ने टैम्पो को जब्त कर जांच शुरू कर दी है.

मृतक जाहिद के फुफेरे भाई कादीर खान ने बताया कि वे फिरोजाबाद के रहने वाले हैं और धनबाद जिले में कपड़े का व्यापार करते हैं.

## ज्वेलरी कारोबारी से लूटकांड का खुलासा, तीन अपराधी गिरफ्तार



**साहिबगंज।** पुलिस ने ज्वेलरी कारोबारी से हुई लूटकांड का खुलासा करते हुए तीन अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है. घटना 28 अगस्त की है, जब ज्वेलरी दुकानदार इन्द्रजीत कुमार स्वर्णकार (30 वर्ष) साहिबगंज चौक बाजार से सामान लेकर मोटरसाइकिल से लौट रहे थे. इसी दौरान चार अज्ञात अपराधियों ने उनसे लगभग एक किलो चांदी के आभूषण लूट लिए. घटना के बाद पीड़ित सीधे जिरवाबाड़ी थाना पहुंचे और पुलिस को इसकी जानकारी दी. जिरवाबाड़ी पुलिस ने थाना कांड संख्या 168/25 दर्ज कर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर विशेष टीम का गठन किया. गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर पुरानी साहिबगंज निवासी सोनू कुमार यादव (25 वर्ष), रितेश कुमार यादव (22 वर्ष) और चानन निवासी मनोहर पासवान (40 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया.

एसएनएमएमसीएच अस्पताल में सुरक्षा दुरूस्त करने के आदेश

## आपातकालीन विभाग के समीप लगा हूटर और कैमरा

शुभम संदेश। धनबाद

शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में शनिवार की सुबह डीएसपी लॉ एंड आर्डर, एसडीएम, जिला समादेष्टा डीएसपी पहुँचे. जहां पूरे अस्पताल परिसर का निरीक्षण किया गया. साथ ही सरायढेला थाना प्रभारी को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. जानकारी के अनुसार बीते दिनों अस्पताल के आपातकालीन विभाग में चिकित्सकों व कर्मियों के साथ मारपीट मामले में शुक्रवार को उपायुक्त आदित्य रंजन के आश्वासन के बाद चिकित्सकों ने सेवा बहाल की थी. अधिकारियों के निर्देश पर अस्पताल प्रबंधन ने शनिवार की



दोपहर आपातकालीन विभाग के समीप हूटर और कैमरा लगवा दिया गया है. बताया जाता है कि अस्पताल परिसर में कैमरा, हूटर, होमगार्ड जवान, शस्त्रबल की तैनाती की जाएगी. साथ ही आरक्षी चौकी में पुलिस बल बढ़ाने के निर्देश दिए गए है. साथ ही सभी जवानों को अटेंडेंट करना अनिवार्य होगा. निरीक्षण के दौरान डीएसपी लॉ एंड आर्डर नौशाद आलम, एसडीएम राजेश कुमार, जिला समादेष्टा डीएसपी सूर्यकांत कुमार यादव, अधीक्षक डॉ डीके गंधोरिया, सरायढेला थाना प्रभारी नूतन मोदी, मजिस्ट्रेट रविन्द्र नाथ ठाकुर सहित आला अधिकारी मौजूद रहे.

## लोदना बाजार गया बीसीसीएल कर्मी लापता, जांच में जुटी पुलिस

**झरिया(शुभम संदेश)।** झरिया के लोदना ऑफिस क्षेत्र निवासी बीसीसीएल कर्मी विवेक यादव शुक्रवार की रात से लापता हैं. इसके बाद से उनके परिजन काफी चिंतित हैं. जानकारी के अनुसार लोदना ओपी क्षेत्र के श्रमिक कल्याण कॉलोनी निवासी 30 वर्षीय विवेक यादव शुक्रवार की रात लगभग 8 बजे अपने आवास से लोदना बाजार जाने की बात कहकर घर से निकले थे, लेकिन उसके बाद वापस नहीं लौटे. परिजनों ने पूरी रात खोजबीन की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिला. विवेक बस्ताकोला में कार्यरत हैं और शुक्रवार को उनकी रात्रि पाली ड्यूटी थी, लेकिन वे ड्यूटी पर भी नहीं पहुँचे. इसको लेकर शनिवार को विवेक के भाई राहुल ने लोदना ओपी में लिखित शिकायत दर्ज कराई. शिकायत के बाद पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है. इस दौरान कई लोगों को थाना बुलाकर पूछताछ की जा रही है. लोदना ओपी प्रभारी गौरव कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है.

### साइबर अपराधियों ने देवघर डीसी का बनाया फर्जी फेसबुक अकाउंट

**देवघर(शुभम संदेश)।** साइबर अपराधियों ने देवघर के उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा का फर्जी फेसबुक अकाउंट बनाकर ठगी का प्रयास किया है. इस फर्जी अकाउंट के माध्यम से लोगों से रुपये मांगने की कोशिश की गई. उपायुक्त ने इस संबंध में साइबर थाना में एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया है. डीसी ने आम लोगों से अपील की है कि डीसी देवघर या उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा नाम से किसी अन्य फेसबुक अकाउंट से यदि कोई मैसेज, लिंक या रिक्वेस्ट आए तो सतर्क रहें और उस पर विश्वास न करें. साथ ही उन्होंने लोगों से ऐसे मामलों की तुरंत सूचना साइबर थाना को देने की बात कही है.

### लखपति बना रहे फर्जी राशन कार्ड, उठा रहे गरीबों के हक का राशन

**निरसा(शुभम संदेश)।** निरसा के हरियाजाम राधा रानी मंदिर निवासी दान बिहारी शर्मा ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर आरोप लगाया है की संध्या पांडे एवं रामकृष्ण पांडे एवं उनके स्वजन लखपति होते हुए पदाधिकारियों के साथ मिली भगत कर फर्जी लाभार्थी बन गरीबो का हक के रासन उठा रहें हैं. उन्होंने प्रधानमंत्री से मांग किया है कि पूरे मामले की जांच करवारकर दोषियों पर कानून सम्मत कार्रवाई हो तथा जब से उन्होंने राशन उठाया है उनके राशन का पूरा ब्यौरा निकाल कर सुद समेत वसूला जाए. अपने आरोप में उन्होंने कहा है कि रासन कार्ड न०- 202005595807 संध्या पांडे के नाम से आवंटित है. उक्त राशन कार्ड में में जितने भी लाभार्थी है सभी लखपति हैं. इसके बावजूद यह लोग बरसों से गरीबों के लिए सरकार द्वारा दिए जा रहे खदान का उठाव कर गरीबों के हक को मार रहे हैं तथा सरकार को गुमराह कर रहे हैं. उन्होंने आरोप लगाया कि उक्त राशन कार्डधारी के पास बड़े चार चक्का एवं 10 चक्का के बड़े वाहन है. वही एमो अर्चना कुमारी कहना है कि इस मामले की जानकारी मिली है उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी.

### गोवंश लदे वाहन को विहिप के कार्यकर्ताओं ने पकड़कर पुलिस को सौंपा

**गोमो(शुभम संदेश)।** तोपचांची जीटी रोड पर साहू बहियार के समीप शनिवार दिन के 12 बजे एक कैरी भेन वाहन में 5 गो वंशो को ठूस कर तस्करी को ले जाने के क्रम में विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ताओं ने पकड़ पुलिस के हवाले कर दिया. तोपचांची थाना में विश्व हिन्दू परिषद के सदस्य उत्तम साव, द्वारिका महतो, काशी नाथ विश्वकर्मा, रमेश जायसवाल ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी जिसके आधार पर वाहन को रोका गया. पड़ताल करने पर पाया कि उक्त वाहन में पांच गो वंश ठूस कर लादे गए थे. वाहन में नंबर प्लेट भी लगा नहीं है. एक शिक्षण संस्थान से कुछ दूरी पर गो तस्करी वाहन को पकड़ा गया. एसएसपी कार्यक्रम को लेकर एनएच पर तोपचांची पुलिस की विशेष पेट्रोलिंग हो रही थी और उस बीच गो वंशो को तस्करी के लिए ले जाया जा रहा था, जिससे सवाल खड़े होते हैं. वाहन के चालक मेराकुल्ही राजगंज निवासी राम निवास को गिरफ्तार किया गया है. गो वंशो को कतरास गोशाला भेजा गया.

# बार एसोसिएशन का चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न, 89 फीसदी मतदान

अमरेन्द्र, राधेश्याम और कंसारी मंडल का भाग्य मतपेटी में बंद, आज होगा फैसला

शुभम संदेश। धनबाद

धनबाद बार एसोसिएशन की 16 सदस्यीय नई कार्यकारिणी के गठन के लिए शनिवार को मतदान संपन्न हुआ. चुनाव में 16 पदों के लिए 101 उम्मीदवार मैदान में है. मतदान सुबह 9:45 से 4:30बजे तक हुआ. कुल 2215 मतदाताओं में से 1961 (89फीसदी) मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया. जो पिछले चुनावों के अपेक्षा अधिक रहा. रविवार को मतगणना के बाद चुनाव परिणाम सामने आएंगें. अध्यक्ष पद के लिए राधेश्याम गोस्वामी, ए के सहाय व कंसारी मंडल के बीच त्रिकोणीय मुकाबला है. वहीं महासचिव पद पर जितेंद्र कुमार, जया कुमार, विदेश दां एवं दीपनारायण भट्टाचार्या के बीच चतुष्कोणीय मुकाबला देखने को मिला.

मतदान साढे 9 बजे से शुरू होना था

**खास बातें**

- 45 मिनट देरी से शुरू हुआ मतदान
- सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में स्ट्रांग रूम में रखे गए मतपेटी

परंतु प्रत्याशियों के लेट पहुंचने के कारण मतदान की प्रक्रिया 9:45 बजे से शुरू हो सकी . सभी प्रत्याशियों की उपस्थिति में पहले चुनाव पर्यवेक्षक संजय विद्रोही, परमेश्वर मंडल. तथा चुनाव पदाधिकारी अयोध्या प्रसाद, कामदेव शर्मा ,एसपी सिंह ने मत पेटी को सील किया. मतपेटी को सील कर उनके हस्ताक्षर कराए गए. तब जाकर मतदान पर्यवेक्षक की निगरानी में मतदान शुरु हुआ. सुबह 9:45 बजे से अधिवक्ताओं






की लंबी कतार मतदान के लिए लाइन में लगी हुई थी. दिव्यांग, वृद्ध व महिला मतदाताओं के लिए अलग लाईन की व्यवस्था थी. मतदान की प्रक्रिया में किसी तरह के हंगामा से निपटने के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की गई थी. पूरे प्रक्रिया को सीसीटीवी के द्वारा मॉनिटर किया जा रहा था. बड़े स्क्रीन पर भी हर एक गतिविधियों पर नजर रखी जा रही थी. कार्यपालक दंडाधिकारी नारायण राम सशस्त्र पुलिस बल के साथ तैनात थे. प्रत्याशियों ने अपने मतदाताओं के लिए भोजन की व्यवस्था कर रखी थी. पहले वोट दीजिए, कोड बताइए और भोजन कीजिए. बार एसोसिएशन परिसर से अलग भी कई जगह पंडाल बनाए गए थे. वहीं अगल बगल के होटलों में भीं खाने पीने के भरपूर इंतजाम कर रखे थे. शुरूआती दौर में कुछ प्रत्याशी मतदाताओं को अपने पक्ष में मतदान के लिए प्रेरित करते नजर आए, सूचना मिलते ही चुनाव पदाधिकारी ने सब को ऐसा करने से रोका.

(शेष पेज-11 पर)

# महिला इंटर महाविद्यालय का स्वर्ण जयंती समारोह







- रंगारंग कार्यक्रम में दिखी लोक संस्कृति की झलक

शुभम संदेश। झरिया

महिला इंटर महाविद्यालय परिसर में शनिवार को स्वर्ण जयंती समारोह सह पूर्व छात्र सम्मेलन का दो दिवसीय आयोजन का शुभारंभ हुआ. कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि जय प्रकाश देवरालिया तथा सम्मेलन अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल ने किया. उनके साथ महाविद्यालय अध्यक्ष सीए दीपक अग्रवाल, राधा अग्रवाल, प्राचार्या मुनमुन दास एवं कार्यकारिणी समिति के सदस्य उपस्थित थे. स्वागत भाषण महाविद्यालय के संयुक्त सचिव विवेक लिल्हा ने दिया. महाविद्यालय अध्यक्ष सीए दीपक अग्रवाल ने महाविद्यालय कि उपलब्धियों से सभी को अवगत कराया. सम्मेलन अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल ने स्थापना काल कि चुनौतियों एवं महिलाओं कि शिक्षा के लिए मारवाड़ी सम्मेलन की दूरदृष्टि पर प्रकाश डाला. मुख्य अतिथि जय प्रकाश देवरालिया ने पुरानी स्मृतियाँ साझा कीं और बताया कि उस समय 1300 से अधिक छात्र-छात्राएँ अनुशासित वातावरण में शिक्षा प्राप्त कर रहे थे. समारोह के अवसर पर महाविद्यालय कार्यकारिणी द्वारा आधुनिक स्मार्ट क्लास का उद्घाटन किया गया, जो विद्यार्थियों के लिए नई तकनीक आधारित गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का माध्यम बनेगा. आयोजित कार्यक्रमों में कॉलेज ब्यूटी कॉन्टेस्ट विशेष आकर्षण रहा, जिसमें वर्तमान और पूर्व छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. प्रतियोगिता में पूनम रानी प्रथम, लक्ष्मी केशरी द्वितीय एवं दिव्यांका बरनवाल तृतीय स्थान पर रहीं. इसके अतिरिक्त छात्रों हेतु विभिन्न मनोरंजक खेल प्रतियोगिताएँ भी आयोजित की गईं थी.कार्यक्रम में महाविद्यालय कार्यकारिणी एवं समाज के अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे, जिनमें मुख्य रूप से रघुवीर गोयल, बिनोद मोदी, बसंत अग्रवाल, गोविंद शर्मा, अमित शर्मा, रमेश बंसल, ललित अग्रवाल, प्रमोद जलूका, गणेश अग्रवाल, अमित अग्रवाल, डॉ. मुरारी बोंदिया,डॉ मनीष शर्मा, सनी अग्रवाल, मीनू गोयल, सुमन अग्रवाल, जया अग्रवाल, नीतू अग्रवाल एवं विनीता लिल्हा शामिल थे. कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय सचिव राजीव संवतिया ने किया.

# अथक प्रयास के बावजूद एनडीआरएफ टीम लौटी खाली हाथ, नहीं मिली संध्या

शुभम संदेश। चासनाला



सुदामडीह थाना क्षेत्र के भौरा बाई क्वार्टर छठ घाट के निकट स्नान करते समय दामोदर नदी में डूबी संजय भुईयां की 12 वर्षीय पुत्री संध्या कुमारी अब तक नहीं मिली. हादसे के 45 घंटे बीत जाने के बाद भी कोई सफलता नहीं मिली. एनडीआरएफ रांची की 30 सदस्यीय टीम शनिवार को सुबह 11:30 बजे दामोदर नदी में उतरी और 6 घंटे की कड़ी मशक्कत के बावजूद संध्या कुमारी का शव खोजने में असफल रही. टीम का नेतृत्व रवि शंकर सरोज कर रहे थे. टीम दो नावों में सवार होकर अलग-अलग मार्गों से नदी की तलाशी ले रही थी. मोहलबनी, सुदामडीह नया पुल, चासनाला सूर्य मंदिर घाट, सेल चासनाला, सैंड प्लांट, कांड्रा बस्ती होते हुए तासरा तक खोजबीन की गई, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला. एनडीआरएफ टीम में 6 महिला जवान भी शामिल थीं, जो शव मिलने पर उसकी देखरेख करती हैं. मोहलबनी मुक्ति धाम घाट पर जोडापोखर सर्किल इंस्पेक्टर आशुतोष कुमार, सुदामडीह थाना प्रभारी राहुल कुमार सिंह और स्थानीय लोग टीम को संसाधन उपलब्ध कराते रहे. इस दौरान विधायक रागिनी सिंह की पुत्री साताकच्छी सिंह भी मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लेने के बाद संजय भुईयां के घर जाकर उन्हें ढाढस बंधाया. शाम 6 बजे के बाद एनडीआरएफ ने रेस्क्यू ऑपरेशन बंद कर दिया, जबकि रविवार सुबह से पुनः खोजबीन शुरू की जाएगी. इसके अलावा, नदी किनारे के पथरडीह, गौशाला ओपी, सिंदरी थाना और पश्चिम बंगाल के संथालडीह थानों को संध्या कुमारी के दामोदर नदी में डूबने की सूचना दे दी गई है.

## ब्रीफ खबरें

### धनबाद स्टेशन पर चला टिकट चेकिंग अभियान

**धनबाद।** धनबाद मंडल में बड़े पैमाना पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है. इसी क्रम में शनिवार को सुनियोजित कार्यक्रम के तहत धनबाद रेलवे मजिस्ट्रेट एवं सहायक वाणिज्य प्रबंधक (कोचिंग) धनबाद की उपस्थिति में धनबाद स्टेशन पर तथा सहायक वाणिज्य प्रबंधक (गुड्स) धनबाद की उपस्थिति में पहाड़पुर-गोमो रेलखंड में टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया. इस जांच अभियान के परिणामस्वरूप 152 यात्रियों को पकड़ा गया जिसमें बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्री, बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करने वाले यात्री, बिना बुक किये गए सामान के साथ यात्रा कर रहे यात्रीगण शामिल थे. इस दौरान उनसे 44,610 रूपए जुर्माने के रूप में राशि प्राप्त की गई.

### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुचारू रूप से चालू हो

**निरसा ।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का एक बैठक जयपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के समीप हुई जिसमें विभिन्न ग्रामीण समस्याओं को लेकर चर्चा की गई. जयपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सुचारू रूप से चालू करने के लेकर विशेष चर्चा हुई. पूर्व जिला अध्यक्ष उमेश गोस्वामी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल स्वास्थ्य सचिव तथा स्वास्थ्य मंत्री से मिलने का निर्णय लिया गया. बताया कि जयपुर से निरसा की दूरी लगभग 18 किलोमीटर है. जयपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र निरसा दक्षिण का एकमात्र स्वास्थ्य केंद्र है जिसे 2010 में बनकर तैयार हुआ. उसे समय से अभी तक यहां पर डॉक्टर दवा का प्राथमिक उपचार कोई व्यवस्था नहीं हुआ इन्हें मांगों को लेकर दुर्गा पूजा के बाद चरणबद्ध तरीके से आंदोलन किया जाएगा जिसमें मुख्य रूप से पवन तिवारी, जितेंद्र साधु सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित हुए.

### पेंशन योजनाधारियों का होगा सामाजिक अंकेक्षण

**महुदा ।** धनबाद जिला अंतर्गत बाघमारा प्रखण्ड के हाथुड़ीह पंचायत में इन्दरा गाँधी वृद्धावस्था पेंशन योजना, राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना, दिव्यांग पेंशन योजना, राष्ट्रीय परिवार हितकारी लाभ योजनाओं के लाभुकों का भौतिक सत्यापन हेतु सामाजिक अंकेक्षण किया जायेगा. इससे लेकर एक बैठक मुखिया संगीता घोषाल की अध्यक्षता में हाथुड़ीह पंचायत के आँगनबाड़ी सेविका, सहायिका, स्वास्थ्य सहिया , जल सहिया, बीएलओ, वार्ड सदस्यों का किया गया. पंचायत सचिव अविनाश कुमार चन्द्रवंशी ने कहा कि हाथुड़ीह पंचायत में केन्द्र प्रायोजित इन्दरा गाँधी पेंशन योजना के लाभुक सूची में हाथुडीह पंचायत में 80 पेंशनधारी हैं. जिसमें आधार कार्ड, वोटर आईडी कार्ड ,बैंक खाता लेकर 2, सितम्बर 2025 को पंचायत सचिवालय हाथुड़ीह में अंकेक्षण किया जायेगा. मौके पर मुखिया संगीता घोषाल , पूर्व मुखिया सम्पद घोषाल , पंचायत सचिव अविनाश कुमार आदि उपस्थित थे.

### मृत जवान के परिवार से मिले सांसद

**झरिया।** धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो ने हाल ही में सीआरपीएफ जवान दिलीप पासवान की सड़क दुर्घटना में असमय मौत पर पीड़ित परिवार का हौसला बढ़ाने के लिए उनके आवास, घमंडी पट्टी, लोदना का दौरा किया. श्री महतो ने मृतक जवान स्वर्गीय दिलीप पासवान की पत्नी पुष्पा देवी और उनके परिजनों से बातचीत करते हुए उन्हें विधि सम्मत हर प्रकार का सहयोग देने का भरोसा दिलाया.

# दामोदा कोलियरी के पास बसे घरों को खाली करने का नोटिस, विरोध शुरू

## विधायक को पत्र लिख कर लगाई न्याय की गुहार





शुभम संदेश। बाघमारा

बीसीसीएल क्षेत्र संख्या एक के दामोदा कोलियरी के समीप बसे करीब 40 से 50 घरों के लोगों को कंपनी द्वारा घर खाली करने का नोटिस जारी किया गया है. इस फैसले से प्रभावित लोग विवश होकर बरोरा क्षेत्र कार्यालय पहुंचे और अपना विरोध दर्ज कराया. लोगों का कहना है कि वे हमलोग 200 वर्षों से यहां बसे हुए हैं, लेकिन अब कोयला उत्पादन के नाम पर बीसीसीएल उन्हें बेघर करने पर तुली हुई है. प्रभावित लोगों ने बताया कि बीसीसीएल उन्हें आवास देने की बजाय जमीन के बदले जमीन और विस्थापन का उचित मुआवजा देने से इनकार कर रही है. उनके मुताबिक, कंपनी विस्थापितों को मात्र 25,000 रुपये की राशि देने की बात कर रही है, जो उनकी जरूरतों के मुकाबले नाकाफी है. लोगों ने आरोप लगाया कि जो लोग मजबूत और प्रभावशाली हैं, जिनके पास बड़े दावे करने की क्षमता है, उन्हें कंपनी आधिकारिक तौर पर विस्थापित के नाम पर बंगले आवंटित कर रही है. वहीं, साधारण लोगों को सिर्फ नोटिस देकर घर से निकालने की कार्रवाई की जा रही है. एक प्रभावित निवासी ने कहा, हम यहां कई पीढ़ियों से रह रहे हैं. कोयला उत्पादन जरूरी है, लेकिन हमारी जिंदगी का क्या हमें जमीन के बदले जमीन और उचित मुआवजा चाहिए, न कि सिर्फ नाममात्र की रकम.₹ प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि बीसीसीएल उनकी मांगों पर विचार करे और निष्पक्ष तरीके से विस्थापन नीति लागू करे. बीसीसीएल के अधिकारियों से इस संबंध में संपर्क करने पर कोई आधिकारिक बयान नहीं मिला, लेकिन सूत्रों का कहना है कि कंपनी कोयला उत्पादन लक्ष्यों को पूरा करने के लिए आवश्यक कदम उठा रही है. यह घटना धनबाद के कोयला खनन क्षेत्रों में विस्थापन और पुनर्वास की समस्या लंबे समय से चलती आ रही. मौक़े पार गुजरा भुइयां, अभय भुइयां, राजेश भुइयां, संजय भुइयां, कैलाश भुइयां, वीरेंद्र भुइयां गुड़िया देवी, सूलेचन्द देवी, सुनीता देवी, विक्रम कुमार, गोरी शंकर, कैलाश भुइयां ,मंगल भुइयां अन्य ग्रामीण मौजूद थे.

# झामुमो ने दी दिशोम गुरु और स्व. रामदास सोरेन को श्रद्धांजलि



शुभम संदेश। पुटकी

झारखण्ड के पुरोधा प्रथम मुख्यमंत्री स्व. शिबू सोरेन व शिक्षा मंत्री स्व. रामदास सोरेन के निधन पर झामुमो ने मुनिडीह में कार्यक्रम आयोजित कर श्रधांजलि दी गई. कार्यक्रम में भाजपा, कांग्रेस, ट्रेड यूनियन के साथ सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि दी. श्रद्धांजलि सभा में गुरुजी व रामदास के जीवन गाथा के साथ उनके क्रिया कलापों पर विशेष रूप से प्रकाश डाला. कहा कि गुरु जी के निधन से झारखण्ड ही नहीं पूरे देश को आघात लगा है. इनकी कमी अपूर्णीय है. सभा की अध्यक्षता राजकुमार नापित व संचालन राजेन्द्र सिंह ने किया. मौके पर गौरचन्द बाउरी, रतिलाल टुडू,सूर्यनारायण सिंह, श्रीमन्त बाउरी, जितेश सिंह, विनोद हांसदा, हरि ठाकुर, मंगल दास, बिनोद सिन्हा, वेदानन्द सिन्हा, रामलाल, मीरा देवी, मंजू देवी, उषा देवी आदि उपस्थित थे.

# मायुमं ने लगाया कन्या भ्रूण संरक्षण का पोस्टर

## यशोमति की छात्राओं ने दी अभियान को गति



शुभम संदेश। झरिया

झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के निर्देशानुसार कन्या भ्रूण संरक्षण कार्यक्रम के तहत झरिया शाखा द्वारा 30 अगस्त को एक भव्य जागरूकता अभियान चलाया गया. इस अवसर पर शहर के विभिन्न विद्यालयों, मंदिरों एवं सामाजिक स्थलों पर पोस्टर लगाए गए. अभियान का शुभारंभ यशोमती श्री विद्या निकेतन में पोस्टर लोकार्पण से हुआ. इस अवसर पर विद्यालय के संयुक्त सचिव विनोद शर्मा, मारवाड़ी युवा मंच झरिया शाखा अध्यक्ष डॉ. मनीष शर्मा, संयुक्त सचिव सनी अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक मयंक केजरीवाल, विद्यालय के शिक्षकगण तथा मंच के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे. विनोद शर्मा ने कहा कि कन्या भ्रूण हत्या समाज के लिए अभिशाप है. यदि हम बेटियों को जन्म लेने का अधिकार नहीं देंगे, तो आने वाली पीढ़ियों का अस्तित्व ही खतरे में पड़ जाएगा. समाज को बेटियों को बोझ नहीं, वरदान समझना होगा. बेटियों की शिक्षा और सुरक्षा ही राष्ट्र निर्माण की सच्ची नींव है. डॉ. शर्मा ने कहा कि बेटी केवल परिवार ही नहीं, बल्कि समाज और संस्कृति की धरोहर है. आज समय की माँग है कि हर व्यक्ति इस कुप्रथा के खिलाफ आवाज उठाए और जागरूकता फैलाने में योगदान दे. हम सब मिलकर ही बेटी बचाओ – बेटी पढ़ाओ के संदेश को जन-जन तक पहुँचा सकते हैं. इसके बाद महिला इंटर कॉलेज, झरिया में पोस्टर लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित हुआ. इसमें मारवाड़ी सम्मेलन अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष जयप्रकाश देवरेलिया, कॉलेज अध्यक्ष दीपक अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष विवेक लिल्हा, गणेश अग्रवाल, राजीव संवंतीया, अमित अग्रवाल, समृद्धि शाखा अध्यक्षा जया अग्रवाल, गोविंद शर्मा, श्याम मंदिर अध्यक्ष रघुबीर गोयल, ललित अग्रवाल, बिनोद मोदी सहित कई गणमान्य उपस्थित थे. इसके उपरांत शहर के विभिन्न विद्यालयों, मंदिरों और सामाजिक स्थलों पर पोस्टर लगाए गए.

# लोहपट्टी में करम अखड़ा महोत्सव का आयोजन

## करम परब झारखंडी संस्कृति की पहचान : सांसद





शुभम संदेश। महुदा

कुड़माली भाखि चारि अखड़ा एवं करम आखड़ा समिति लोहापट्टी के द्वारा शनिवार को तेलमोचो बीसीसीएल लोहापट्टी ऑफिस ग्राउंड में जिला स्तरीय करम आखड़ा महोत्सव का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में विभिन्न प्रखंडों से आई करम मंडलियों ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में भाग लिया और करमा गीत गाकर नृत्य किया. इस मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित गिरीडीह लोकसभा सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, भाजपा महामंत्री धनेश्वर महतो, जिप उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुभाष रवानी, पुर्व जिप सदस्य संतोष कुमार महतो को आखड़ा समिति की और झारखंडी गमछा देकर सम्मानित किया गया. सांसद सीपी चौधरी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि करम परब प्रकृति संस्कृति और आस्था का उत्सव है. यह भाई-बहन के स्नेह और आदर का पर्व है, जहां बहनें अपने भाइयों की लंबी उम्र और सलामती की कामना करती हैं. झारखंड की पहचान उसकी लोक-संस्कृति, परंपरा और प्रकृति-निष्ठ जीवन शैली से है. इन्हीं परंपराओं में करम परब का विशेष स्थान है, जिसे आदिवासी समुदाय बड़े हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाता है. यह पर्व हरियाली, फसल और भाई-बहन के अटूट स्नेह का प्रतीक है. कार्यक्रम के दौरान आयोजन समिति की ओर से कुड़माली भाखि चारि आखड़ा के सदस्य मौजूद रहे और करम परब की सांस्कृतिक झलकियों ने पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया. कार्यक्रम का संचालन ध्रुव महतो एवं अशोक कुमार महतो ने किया. मौके पर देवीलाल महतो, गिरधारी महतो, नरेश महतो, कैलाश रवानी, संतोष कुमार महतो, कवि जगरनाथ, ध्रुव टिड़वार, अशोक महतो, बिद्यासागर महतो, मुकेश महतो, आकाश बीरू, राहुल नागवार, मुरली, बिश्वनाथ, अभिषेक कुमार, दिनेश महतो, जितेन्द्र महतो, देवीलाल महतो आदि मौजुद थे.

## न्यूज अपडेट

### तेज रफ्तार हाइवा की चपेट में आए बीसीसीएल कर्मी की मौत, पत्नी को मिला नियोजन



**बरोरा (शुभम संदेश)।** मुराईडीह फिटर ब्रेकर के समीप लेडी डुमर निवासी बीसीसीएल कर्मी शेष नाथ राय प्रसाद की गुरुवार रात तेज रफ्तार हाइवा की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई. शेष नाथ रात की पाली में ड्यूटी के लिए जा रहे थे, तभी यह हादसा हुआ. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हाइवा की तेज रफ्तार के कारण कर्मी के दोनों पैर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और अत्यधिक रक्तस्राव के चलते अस्पताल ले जाते समय उनकी मृत्यु हो गई. स्थानीय लोगों ने हाइवा की लापरवाही और तेज रफ्तार को हादसे का मुख्य कारण बताया. पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और हाइवा चालक की तलाश जारी है. इस घटना ने क्षेत्र में सड़क सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए हैं. हादसे के बाद यूनियन प्रतिनिधियों ने तत्काल नियोजन की मांग को लेकर शुक्रवार को ट्रांसपोर्टिंग बंद कर दी. शनिवार को बरोरा क्षेत्रीय कार्यालय में मृतक की पत्नी शिला देवी को उनके पति के बदले तत्काल नियोजन प्रदान किया गया. इस दौरान बाघमारा विधायक शत्रुधन महतो, महाप्रबंधक पियूष किशोर, क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक प्रशासन हेमंत हेना, परियोजना पदाधिकारी टी.एस. चौहान, जे.के. झा, मंगल हेमब्रम, दयाल महतो, एटक के क्षत्रिय अध्यक्ष एनडी पाण्डेय,सचिव संतोष गौराई, नंदू पासवान, गणेश सिंह, देवानंद राजभर, अमरेंद्र कुमार, मिथुन सिंह राजपूत, अनुज सिंह राजपूत, प्रभाष सिंह, रणधीर सिंह, बिट्टू सिंह, सुभाष सिंह, अन्य यूनियन प्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद थे.

### स्वामी विवेकानंद स्कूल के छात्रों ने निकाली साइकिल रैली



**चिरकुंडा (शुभम संदेश)।** स्वामी विवेकानंद स्कूल चिरकुंडा में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 29 अगस्त से तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर विद्यालय में कई प्रकार के खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इन खेल प्रतियोगिताओं में क्रिकेट, फुटबॉल, वॉलीबॉल, पिट्टटो , कबड्डी आदि खेल शामिल थे तथा इसके बाद रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए. एक घंटा खेल के मैदान में शीर्षक के साथ साइकिल रैली शनिवार को निकाली गई. मुख्य प्रशासक सवितावृत मंडल, निर्देशक विवेक कुमार सिंह एवं प्राचार्य संजीव कुमार साव ने रैली को हरी झंडी दिखायी. छात्रों ने रंग-बिरंगे पोस्टर एवं बैनरों के माध्यम से नारा लगाते हुए लोगों को स्वास्थ्य और खेल-कूद का महत्व समझाया. यह रैली चिरकुंडा नगर के प्रमुख मार्गो से होकर गुजरी जहां स्थानीय लोगों ने स्वामी विवेकानंद विद्यालय छात्रों का स्वागत किया. साइकिल रैली में विद्यालय के शिक्षकों, खेल प्रशिक्षकों तथा कई विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया. छात्रों को संबोधित करते हुए प्राचार्य संजीव साव ने कहा कि खेल जीवन को अनुशासन,ऊर्जा और सकारात्मक सोच से भर देता है. उन्होंने विशेष तौर पर सभी छात्रों एवं शिक्षकों से प्रतिदिन कम से कम एक घंटा खेलकूद के लिए समय निकालने का आह्वान किया. इस प्रकार राष्ट्रीय खेल दिवस पर आयोजित यह साइकिल रैली न केवल छात्रों में बल्कि नगर वासियों में भी स्वास्थ्य और खेल के प्रति जागरूकता फैलाने में सफल रही.

### पिता की याद में बनायेंगे अस्पताल : शेख गुड्डू



**मधुबन (शुभम संदेश)।** शनिवार को खरखरी बस्ती स्थित अपने आवास पर कांग्रेस नेता शेख गुड्डू ने अपने पिता स्व. शेख इब्राहिम की पांचवी पुण्यतिथि धूमधाम से मनाई. इस अवसर पर राजनैतिक गलियारे के जाने माने हस्तियां भी शामिल हुए. कार्यक्रम की शुरुआत में स्व. शेख इब्राहिम की याद में उपस्थित लोगों ने 2 मिनट का मौन रखा. शेख इब्राहीम के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित की. श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो ने कहा की शेख इब्राहिम एक नेकदिल इन्सान के साथ ही हरदिल अजीज व्यक्ति थे. वो मजदूर की समस्याओं को लेकर चिंतित रहते थे. साथ ही अपने स्तर से उसे सुलझाने का काम भी करते थे. शेख गुड्डू ने कहा की पिता के अधूरे काम को पूरा नहीं कर लेता स्थिर नही बैठूंगा. उनके काम और उनके सपने को पूरा करना ही मेरा धर्म है. स्व शेख इब्राहीम के नाम पर एक हॉस्पीटल बनाने जा रहा हुँ. मौके पर जरूरतमन्द महिलाओं के बीच साड़ी वस्त्र दान किया. शेख चुन्नु, शेख इबरार उर्फ डाक्टर भापका- माले राज्य सदस्य शेख रहीम, जेएमएम प्रखण्ड अध्यक्ष धिरेन रवानी, इस्लाहीया कमेटी शेख बरादरी केन्द्रीय सचिव नजीर अहमद,अजीत बनर्जी, फटीक सोनार, मुरली पाण्डे, संतोष रवानी, चण्डी ग्याली, बिजु साव, राजा गोप, अधिवक्ता तैयब अली सहित सैकड़ों महिला पुरुष उपस्थित रहे.

### स्वास्थ्य कर्मी की सेवानिवृत्ति पर सम्मान

**केंदुआ (शुभम संदेश)।** सामुदायिक शहरी स्वास्थ्य केंद्र केंदुआडीह की कर्मी के सेवानिवृत होने पर मिनॉती घोषाल को सहकर्मियों ने उपहार देकर सम्मानित करते हुए विदाई दी. अस्पताल परिसर में एक समारोह में डॉ सर्वजीत सिंह, डॉ सुधीर कुमार व डॉ होमा फ़ातिमा ने स्वास्थ्य कर्मी को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया. घड़ी, वस्त्र व अन्य उपहार देकर विदाई दी. कार्यक्रम में डॉ नन्दन, डॉ प्रभाकर, डॉ संजय, रुनू सिंह, आशा चौबे, उमा देवी, डेजी कुमारी, रीता कुमारी, सुरेंद्र कुमार व मेडिकल स्टाफ व सहिया मौजूद थी.

## ब्रीफ खबरें

### झाड़ियों से अधेड़ महिला का शव बरामद

**साहिबगंज।** बरहेट थाना पुलिस ने शनिवार को चिहड़ पहाड़ गांव के पास झाड़ियों से 50 वर्षीय चमरीन पहाड़िन का शव बरामद किया. महिला गुरुवार से लापता थी. गांव में दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका जताई जा रही है. पुलिस ने एक पुरुष और दो महिलाओं को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है. थाना प्रभारी ने बताया कि प्राथमिकी आवेदन मिलने पर दर्ज की जाएगी तथा मौत के कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से होगी.

### नामजद महिला आरोपी गिरफ्तार

**जमुआ (गिरिडीह)।** जमुआ थाना क्षेत्र के कारोडीह गांव से पुलिस ने शनिवार को जमुआ थाना कांड संख्या 106/25 के तहत नामजद आरोपी लीलावती देवी, पति अशोक दास को गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी महिला को गिरिडीह न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया. थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी पर बीएनएस की धारा 190, 191, 115(2), 118(1), 103, 351(2) और 352 के तहत मामला दर्ज है. न्यायालय के आदेश के बाद लीलावती देवी को जेल भेज दिया गया.

### गणेश पूजा पर सांस्कृतिक कार्यक्रम

**गांडेय (गिरिडीह)।** गांडेय प्रखंड के बुधुडीह में गणेश पूजा के अवसर पर शुक्रवार की रात सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. खोरठा गायक सतीश दास के सुमधुर गीतों पर श्रोता रातभर झूमते रहे. कार्यक्रम का उद्घाटन जिला परिषद अध्यक्ष मुनिया देवी ने फीता काटकर किया. अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि खोरठा झारखंड की समृद्ध भाषा है और इस भाषा के कलाकारों का सम्मान करना चाहिए. ग्रामीण क्षेत्रों में गणेश पूजा के अवसर पर इस तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन समिति का सराहनीय प्रयास है. कार्यक्रम के दौरान गायक सतीश दास ने "ज्योत जलाय दलियो मइया गे", "भोले बाबा की महिमा निराली रे" सहित कई लोकप्रिय गीत प्रस्तुत किए, जिन पर दर्शक देर रात तक थिरकते और झूमते रहे. मौके पर भाजपा नेता मनीष कुमार, मुखिया नवीन कुमार वर्मा, संदीप वर्मा सहित कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे.

### शिक्षकों का कंप्यूटर प्रशिक्षण संपन्न

**गावां (गिरिडीह)।** गावां प्रखंड स्थित मध्य विद्यालय में पिछले दस दिनों से चल रहा शिक्षकों का कंप्यूटर प्रशिक्षण शनिवार को संपन्न हुआ. यह प्रशिक्षण उत्क्रमित मध्य विद्यालय चेरवा के आईसीटी इंस्ट्रक्टर बाबूचंद प्रसाद यादव द्वारा दिया गया. इस प्रशिक्षण में तिसरी और गावां प्रखंड के सरकारी एवं पारा शिक्षक शामिल हुए. प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को कंप्यूटर लैब और स्मार्ट क्लास के संचालन की विधि तथा बच्चों को तकनीकी माध्यम से पढ़ाने के तरीकों की जानकारी दी गई. अंतिम दिन शिक्षकों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि इस प्रशिक्षण से उन्हें डिजिटल माध्यम से पढ़ाने में काफी सुविधा होगी. इस अवसर पर प्रवीन कुमार सिन्हा, रामबिलास, बालेश्वर यादव, दिलीप यादव, मनीष कुमार समेत कई शिक्षक उपस्थित थे.

### आंगनबाड़ी सेविकाओं का प्रशिक्षण संपन्न

**गावां (गिरिडीह)।** गावां पंचायत सचिवालय में आयोजित तीन दिवसीय "पोषण भी, पढ़ाई भी" प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन शनिवार को हुआ. निर्देशक आईसीडीएस के निर्देश पर गावां प्रखंड की सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं को इस कार्यक्रम के तहत बैचवार प्रशिक्षण दिया जा रहा है. यह प्रशिक्षण नवचेतना, अनौपचारिक शिक्षा और दिव्यांगता विषय पर आधारित रहा. नवचेतना के अंतर्गत जन्म से तीन वर्ष तक के बच्चों के मानसिक विकास और सीखने-समझने की प्रक्रिया को मजबूत करने पर जोर दिया गया. अनौपचारिक शिक्षा के तहत 3 से 6 वर्ष के बच्चों को खेल-खेल में पढ़ाई के लिए तैयार करने के तरीकों पर प्रशिक्षण दिया गया. एलएस उमा ठाकुर ने बताया कि तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन बुधवार को हुआ, जिसमें प्रखंड की 134 सेविकाओं को प्रशिक्षित किया गया. इस अवसर पर रौशन कुमार, एलएस शीतल कुमारी, राबिया खातून, सुनीता देवी, गुलशन आरा, संजू देवी, संयुक्ता देवी, शोभा देवी, पूजा कुमारी समेत प्रखंड की सभी सेविकाएं उपस्थित थीं.

# मेडिकेंट अस्पताल गेट पर जेएलकेएम का हंगामा

## गेट पर मौजूद गार्ड के रोकने पर नेताओं ने किया बवाल

शुभम संदेश। बोकारो



शनिवार को बियाडा कॉलोनी स्थित मेडिकेंट सुपर स्पेशलिटी कैंसर हॉस्पिटल के गेट पर उस समय हंगामा हो गया जब जेएलकेएम पार्टी के संतोष महतो एवं अन्य पदाधिकारी हॉस्पिटल प्रबंधन से वार्ता करने पहुंचे. स्थानीय कर्मचारियों को हटाने की शिकायत मिलने पर जेएलकेएम नेताओं ने हॉस्पिटल का रुख किया. संतोष महतो की हॉस्पिटल पदाधिकारी राहुल केसरी से मोबाइल पर बात हुई, जिसमें उन्हें अंदर बुलाने की बात कही गई थी. लेकिन गेट पर मौजूद गार्ड ने सभी को रोक दिया. इसी बात को लेकर जेएलकेएम नेताओं और गार्ड के बीच बहस हो गई. मामला तब और बिगड़ गया जब नेताओं से कहा गया कि वे पूर्व विधायक बिरेंची नारायण से मोबाइल पर बात करें. इस पर जेएलकेएम नेताओं ने कड़ा विरोध जताते हुए कहा कि पूर्व विधायक हॉस्पिटल के पदाधिकारी नहीं हैं. जब सीईओ मौजूद हैं तो वार्ता उन्हीं से होनी चाहिए. नेताओं के कड़े विरोध को देखते हुए कुछ देर बाद हॉस्पिटल प्रबंधन ने जेएलकेएम नेताओं को अंदर वार्ता के लिए बुलाया. खबर लिखे जाने तक वार्ता जारी थी.

# विभागीय उदासीनता के कारण अवैध पत्थर खनन और परिवहन जारी

## दुमका के गोपीकांदर और शिकारीपाड़ा में सौ से अधिक पत्थर खदानें हैं संचालित

शुभम संदेश। दुमका

दुमका जिला अंतर्गत विभागीय उदासीनता के कारण पत्थर का अवैध उत्खनन और परिवहन बेरोक-टोक जारी है. इसके चलते प्रतिदिन लाखों रुपये राजस्व का नुकसान हो रहा है, जबकि पत्थर उत्खनन करने वाले खदान मालिक मालामाल हो रहे हैं. वर्तमान समय में दुमका जिले में 100 से अधिक पत्थर खदानें संचालित हैं. ये खदानें मुख्यतः गोपीकादर और शिकारीपाड़ा प्रखंड क्षेत्र में चल रही है. इन खदानों में न तो सुरक्षा मानकों का पालन किया जाता है और न ही पर्यावरण एवं विस्फोटक पदार्थ संबंधी नियमों का. इसी कारण आए दिन खदानों में कार्यरत मजदूर दुर्घटनाओं का शिकार होते रहते हैं. खदान मालिक निर्धारित मात्रा से कहीं अधिक पत्थर निकाल रहे हैं. कई जगहों पर तो लीज क्षेत्र से बाहर भी अवैध उत्खनन हो रहा है. यदि विभाग और सरकार इन खदान मालिकों का सेक्शनल माप-जोख कराए तो बड़े पैमाने पर राजस्व चोरी का खुलासा होगा और सरकार को मोटी आमदनी हो सकती है. हाल ही में उपायुक्त ने अवैध खनन और परिवहन को रोकने के लिए जिला टास्क फोर्स की बैठक की थी और सख्त निर्देश जारी किए थे. निर्देश दिया गया था कि यदि खदानें अवैध रूप से संचालित हो रही हैं तो उन्हें तत्काल बंद कराया जाए और नियम विरुद्ध चल रहे क्रशरों को सील कर दिया जाए.

### क्या कहते हैं पदाधिकारी

इस संबंध में जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने कहा कि यदि लीज क्षेत्र से बाहर खनन होता है तो उस पर कार्रवाई राजस्व विभाग को करनी है. प्रदूषण नियंत्रण मानकों का पालन न होने पर कार्रवाई प्रदूषण विभाग करेगा. विस्फोटक पदार्थों में गड़बड़ी होने पर डीजीएमएस कार्रवाई करेगा. वहीं, परिवहन में अनियमितता पाए जाने पर इसकी जिम्मेदारी जिला परिवहन पदाधिकारी की है. वहीं शिकारीपाड़ा के अंचल अधिकारी कपिल देव ठाकुर ने कहा कि राजस्व विभाग केवल भूमि स्वामित्व की जांच करता है. अवैध खनन होने पर कार्रवाई जिला खनन पदाधिकारी को करनी होती है.

# एलएच कॉलोनी में चाकूबाजी दोस्त का हत्यारा गया जेल



शुभम संदेस। बोकारो

एलएच कॉलोनी में आपसी लड़ाई के दौरान रवि कुमार नामक युवक के गले पर चाकू से हमला किया गया. इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. घटना के बाद बोकारो पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया. इस संबंध में सिटी थाना परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान पुलिस उपाधीक्षक (नगर) आलोक रंजन ने बताया कि बीएस सिटी थाना अंतर्गत कोटा कॉलोनी में विवाद के दौरान अमन कुमार झा ने रवि कुमार के गले पर चाकू से वार कर दिया. गंभीर रूप से घायल रवि कुमार को पहले कृष्णा नर्सिंग होम और फिर बीजीएच रेफर किया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह के निर्देश पर गठित छापामारी दल ने आरोपी अमन कुमार झा को गिरफ्तार कर लिया. पूछताछ में आरोपी ने अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली. उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त खून से सना चाकू और खून लगे कपड़े बरामद किए गए. इस मामले में मृतक के भाई सुरज कुमार के बयान पर बीएस सिटी थाना में कांड संख्या 188/25, दिनांक 30.08.25, धारा 102(1)/61(2)(ए) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है. जप्त सामानों में खून से सना चाकू और आरोपी का कपड़ा शामिल है. छापामारी दल में पुनि सुदामा कुमार दास, भोलेंद्र पासवान, पिटू महथा, पंकज कुमार, सिद्धेवर प्रसाद सिंह, योगेंद्र कुमार रजक, प्रफुल कुमार मंडल, विजय कुमार सिंह एवं राजीव कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही.

## चोरी के आरोप में किरायेदार गिरफ्तार, सामान बरामद



**गोड्डा।** बीते सप्ताह मेहरमा प्रखंड मुख्यालय स्थित एक बंद पड़े आवास से नकदी समेत लाखों के जेवरात चोरी किए जाने के चर्चित मामले का मेहरमा पुलिस ने खुलासा कर लिया है. जांच में सामने आया कि मकान में रह रहा किरायेदार ही इस चोरी की घटना का आरोपी था. पूरे मामले की जानकारी देते हुए एसडीपीओ महगामा चंद्रशेखर आजाद ने बताया कि सिद्धो-कान्हू चौक पर स्थित एक मकान में चोरी की वारदात बड़े शातिराना तरीके से अंजाम दी गई थी. मकान मालिक एक सप्ताह के लिए बाहर गए थे और घर बंद था. जब वे लौटे, तो चोरी का पता चला. इस संबंध में अज्ञात चोर के खिलाफ कांड संख्या 142/25 दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया था, लेकिन चोर द्वारा कोई ठोस निशान नहीं छोड़े जाने के कारण जांच में कठिनाई हो रही थी. इसी बीच गुप्त सूचना के आधार पर शक की सुई उसी मकान में रहने वाले किरायेदार छोटू कुमार साह उर्फ अर्जुन कुमार साह (पिता स्व. प्रकाश साह, ग्राम लोहंडिया, ललमटिया) पर गई. जब पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की, तो उसने चोरी की बात कबूल कर ली. आरोपी ने खाली पड़े घर में पूरी योजना के साथ चोरी की घटना को अंजाम दिया था. आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने उसके गांव स्थित घर से 65,600 नगद, सोने-चांदी के जेवरात और अन्य चोरी के सामान बरामद कर लिए. पुलिस ने आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया. पुलिस टीम में थानेदार सौरभ कुमार ठाकुर, पुअनि सत्यदीप, जुगनू महथा, सहदेव प्रसाद समेत अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे.

# न्यूज अपडेट

### छेड़खानी के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर हिन्दू संगठनों ने किया प्रदर्शन

**गिरिडीह (शुभम संदेश)।** जिले के देवरी थाना कांड संख्या 73/25 में नाबालिग छात्राओं से छेड़छाड़ के मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर हिंदू संगठन के सदस्यों ने शनिवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय एवं थाना परिसर का घेराव कर पुलिस प्रशासन के खिलाफ विरोध जताया. जिला परिषद सदस्य विनय कुमार शर्मा के नेतृत्व में सबसे पहले प्रखंड सह अंचल कार्यालय के पास धरना-प्रदर्शन किया गया. इसके बाद थाना मोड़ चौक स्थित दुर्गा मंदिर परिसर एवं परियोजना कन्या उच्च विद्यालय देवरी के समीप मुख्य सड़क किनारे झुग्गी-झोपड़ी बनाकर चल रहे मांस-मछली की दुकानों का विरोध जताया गया. संगठन के सदस्यों ने विद्यालय परिसर में अपशिष्ट फेंके जाने पर भी आपत्ति दर्ज कराई तथा अवैध अतिक्रमण हटाने की मांग की. धरना प्रदर्शन के बाद प्रदर्शनकारी नारेबाजी करते हुए दोपहर एक बजे देवरी थाना गेट पहुंचे. वहाँ उन्होंने कांड संख्या 73/25 के सात नामजद आरोपियों में से फरार चल रहे दो आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर पुलिस प्रशासन पर जानबूझकर कार्रवाई न करने का आरोप लगाया. बाद में जिला परिषद सदस्य विनय कुमार शर्मा के नेतृत्व में मुखिया एवं समाजसेवियों का एक शिष्टमंडल खोरीमहुआ के एसडीपीओ राजेंद्र प्रसाद से मिला. वार्ता के क्रम में एसडीपीओ ने आश्वासन दिया कि कानूनी प्रक्रिया पूरी होते ही शेष दोनों आरोपियों की भी शीघ्र गिरफ्तारी की जाएगी. इसके बाद दोपहर तीन बजे धरना प्रदर्शन समाप्त कर दिया गया. इस संबंध में जिला परिषद सदस्य विनय कुमार शर्मा ने बताया कि एसडीपीओ के आश्वासन के बाद ही ग्रामीणों ने आंदोलन समाप्त किया. उन्होंने कहा कि इस मामले में अब तक पांच आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है. खोरीमहुआ एसडीपीओ राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि देवरी थाना कांड संख्या 73/25 में कुल सात नामजद आरोपी हैं. इनमें पांच को न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है. शेष दो की गिरफ्तारी कानूनी प्रक्रिया पूरी होते ही की जाएगी. उन्होंने कहा कि प्रत्यक्षदर्शियों में से कम से कम दो गवाहों के न्यायालय में बयान दर्ज कराने के बाद आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी.

### हड्डी रोग विशेषज्ञ पर लगा इलाज नहीं करने का आरोप

**साहिबगंज (शुभम संदेश)।** सदर अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए सीएस व डीएस लगातार प्रयासरत हैं. इसके बावजूद कुछ चिकित्सकों के कारण आये दिन विवाद की स्थिति बनी रहती है. शनिवार को हड्डी से संबंधित इलाज के लिए पहुंची एक वृद्ध महिला का उपचार न होने पर मरीज व परिजन ने हंगामा किया. वृद्ध महिला की पहचान छोटा पंचगढ़ निवासी बकिया देवी (68) के रूप में हुई है. उनके पुत्र ने हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. सचिन कुमार पर इलाज न करने का आरोप लगाया. परिजन ने बताया कि उसकी मां का पैर घर में गिरने से फ्रैक्चर हो गया था. वह 28 अगस्त को उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया था. डॉक्टर ने उन्हें 30 अगस्त (शनिवार) को आने को कहा और एक्स-रे भी कराया गया, लेकिन शनिवार को आने के बाद भी डॉक्टर ने मरीज को नहीं देखा. वृद्ध महिला के पुत्र का आरोप है कि उसकी माँ दर्द से कराह रही है, फिर भी इलाज नहीं मिल रहा है. यदि अस्पताल में सुविधा नहीं है तो साफ कह देना चाहिए, बेवजह मरीज को परेशान न करें. उधर, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. सचिन कुमार ने बताया कि प्लास्टर करने के लिए स्टाफ छुट्टी पर है, इसी कारण मरीज को अगले दिन बुलाया गया है.

### मशरूम फैक्ट्री पर विवाद, जिला टीम ने की जांच

**बेंगाबाद (शुभम संदेश)।** बेंगाबाद प्रखंड के धबोनी गांव में दलित परिवारों की जमीन और कुएं के पास मशरूम फैक्ट्री द्वारा कचरा डंप किए जाने को लेकर विवाद खड़ा हो गया. इस संबंध में ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक द्वारा उपायुक्त गिरिडीह को दी गई शिकायत पर शनिवार को जिला उद्योग विभाग की टीम ने स्थल का निरीक्षण किया. जांच दल में ईओडीबी मैनेजर दीपक कुमार नायक एवं उनके सहयोगी शामिल थे. मौके पर पहुंचे फॉरवर्ड ब्लॉक के जिला संयोजक एवं पूर्व जिप सदस्य राजेश यादव ने टीम को स्थल दिखाया और ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत कराया. स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि उनकी सहमति के बिना फैक्ट्री प्रबंधन कचरा फेंक रहा है, जिससे वातावरण दूषित हो रहा है और पीने का पानी भी प्रभावित होने की आशंका है. राजेश यादव ने कहा कि मशरूम और अंडा फैक्ट्री का संचालन मनमाने तरीके से किया जा रहा है. उन्होंने प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की और चेतावनी दी कि यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो फॉरवर्ड ब्लॉक चरणबद्ध आंदोलन करेगा. ग्रामीणों ने भी प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग की.

### डीपीएस में योग कौशल का प्रदर्शन



**बोकारो (शुभम संदेश)।** डीपीएस बोकारो में झारखंड राज्य योगासन क्रीड़ा प्रतियोगिता के दूसरे दिन 14 जिलों के 300 से अधिक प्रतिभागियों ने शानदार योग कौशल का प्रदर्शन किया. बच्चों और युवाओं की हैरतअंगेज प्रस्तुतियों ने दर्शकों को अचरज में डाल दिया. प्रतिभागियों में बेटियों की संख्या अधिक रही, जिन्होंने संतुलन और स्फूर्ति से योगकला का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया. विभिन्न आयुवर्ग और श्रेणियों की स्पर्धाओं के विजेताओं को डीपीएस प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार ने पदक और प्रमाण पत्र प्रदान किए. विजेताओं में धनबाद, रांची, पूर्वी सिंहभूम, बोकारो, कोडरमा, हजारीबाग, रामगढ़, लातेहार और गोड्डा के प्रतिभागी शामिल रहे. प्रतियोगिता का समापन रविवार को पुरस्कार वितरण के साथ होगा.

### डीसी ने किया मसानजोर का निरीक्षण

**दुमका (शुभम संदेश)।** पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने मसानजोर का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने मसानजोर आने वाले पर्यटकों की सुविधा एवं सुरक्षा को लेकर संबंधित अधिकारियों को कई आवश्यक निर्देश दिए. उपायुक्त ने कहा कि मसानजोर झील क्षेत्र प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण है, इसलिए यहां आने वाले पर्यटकों को बेहतर माहौल और अनुभव मिलना चाहिए. इस दिशा में बोटिंग सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु कार्ययोजना बनाकर शीघ्र क्रियान्वयन करने का निर्देश दिया गया. निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने मसानजोर स्थित इको कॉटेज का भी जायजा लिया. उन्होंने कहा कि इको कॉटेज में ठहरने वाले पर्यटकों को गुणवत्तापूर्ण एवं आरामदायक सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है. इसके लिए सुविधाओं के विस्तार एवं रख रखाव पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए. इसके अलावा उन्होंने संबंधित अधिकारियों को पर्यटन स्थलों की सुंदरता बनाए रखने, स्वच्छता सुनिश्चित करने तथा सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के भी निर्देश दिए.

# लापरवाह कर्मियों पर गिरी गाज, डीईओ ने रोका वेतन

शुभम संदेश। दुमका

जिला शिक्षा पदाधिकारी भूतनाथ रजवार ने शिक्षा विभाग की मैराथन समीक्षा बैठक की. इसमें सावित्रीबाई फुले, प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति, पाठ्यपुस्तक, खेल सामग्री एवं साइकिल वितरण, एक पेड़ मां के नाम, मुख्यमंत्री स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार योजना, बैंक खाता-आधार पंजीकरण आदि योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की गई. इन बिंदुओं पर कार्य में पीछे रहने वाले संकुल साधन सेवियों, प्रखंड साधन सेवियों एवं प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारियों का कार्य पूर्ण होने तक उनका वेतन स्थगित करने का निर्देश दिया गया. जिन कर्मियों का कार्य स्तर अत्यधिक नीचे पाया गया है, उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी. समीक्षा के क्रम में जामा, जरमुंडी, मसलिया और सरैयाहाट प्रखंड सबसे नीचे पाए गए. जिन निजी स्कूलों ने एक पेड़ मां के नाम, यू-डायस और मुख्यमंत्री स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार योजना जैसे कार्यों में लापरवाही बरती है, उनके विरुद्ध निबंधन रद्द करने की कार्रवाई की जाएगी. जिला शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि जिन विद्यालयों के कारण जिले की रैंकिंग नीचे जा रही है, उनके शिक्षकों एवं जिम्मेदार कर्मियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई होगी. उन्होंने निजी स्कूलों को चेतावनी दी कि शिक्षा विभाग के किसी कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, अन्यथा विद्यालय को बंद कराने की कार्रवाई की जाएगी. समीक्षा बैठक में अच्छे कार्य और शत-प्रतिशत उपलब्धि के लिए मसलिया के सीआरपी भावेश झा, सरैयाहाट के उदय कुमार दत्ता और शिकारीपाड़ा के पंकज कुमार की प्रशंसा की गई तथा उन्हें प्रशस्ति पत्र देने का निर्णय लिया गया. इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी देवेश कुमार सिन्हा, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी श्याम सुंदर मोदक सहित सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी एवं जिले के सभी संकुल साधनसेवी उपस्थित थे.

# रोटरी क्लब का 6 दिवसीय मेगा एक्यूप्रेशर स्वास्थ्य शिविर शुरू

शुभम संदेश। बोकारो



रोटरी क्लब ऑफ बोकारो मिडटाउन कपल्स एवं रोटरी क्लब ऑफ चास के संयुक्त तत्वावधान में, रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन, को-ऑपरेटिव हाउसिंग कॉलोनी के सहयोग से 6 दिवसीय मेगा एक्यूप्रेशर स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ आरडब्ल्यूए हॉल में किया गया. इस पहल का उद्देश्य वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति द्वारा समग्र स्वास्थ्य एवं कल्याण को बढ़ावा देना है. कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि बोकारो के सिविल सर्जन डॉ. अभय भूषण प्रसाद ने किया. उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे स्वास्थ्य शिविर समाज के लिए अत्यंत उपयोगी हैं और आम नागरिकों को सुलभ व प्रभावी उपचार उपलब्ध कराते हैं. इस अवसर पर असिस्टेंट गवर्नर नरेंद्र सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे. उन्होंने अपने संबोधन में रोटरी क्लबों की सामुदायिक सेवा के प्रति प्रतिबद्धता की प्रशंसा की और अधिक से अधिक लोगों से इस शिविर का लाभ उठाने का आह्वान किया. शिविर में उपचार एवं सेवाएँ डॉ. एम. ए. चयानन एवं उनकी टीम द्वारा दी जा रही है. इसमें उच्च रक्तचाप, डायबिटीज, कमर दर्द, मोटापा, साइटिका, सर्वाइकल दर्द, थायरॉइड, गठिया, पुराना सिरदर्द, हाथ-पैरों में सुन्नपन, जोड़ों का दर्द एवं अस्थमा जैसी बीमारियों का उपचार किया जा रहा है. इस अवसर पर दोनों रोटरी क्लबों के अध्यक्ष मिनी स्टीफन कपूर और डिम्पल कौर ने संयुक्त रूप से कहा कि रोटरी का उद्देश्य समाज की जरूरतों को पूरा करना है और स्वास्थ्य सेवा हमेशा सर्वोच्च प्राथमिकता रही है. इस संयुक्त परियोजना से यह संदेश जाता है कि निवारक एवं समग्र स्वास्थ्य की दिशा में प्रयास अनिवार्य है. यह शिविर एक्यूप्रेशर, सुजोक, वाइब्रेशन एवं मैग्नेट थैरेपी के माध्यम से छह दिनों तक लगातार चलाया जाएगा. नाममात्र पंजीकरण शुल्क केवल 100 रुपया रखा गया है. रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक गुप्ता और सचिव अमर राय ने बताया कि शिविर का आयोजन प्रतिदिन 30 अगस्त से 4 सितंबर 2025 तक किया जाएगा.

# खेलो झारखंड प्रतियोगिता में बालिकाओं ने बिखेरा जलवा

शुभम संदेश। डुमरी (गिरिडीह)



डुमरी प्रखंड स्तरीय चार दिवसीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता के दूसरे दिन बालिका वर्ग की विभिन्न स्पर्धाओं का आयोजन पी.एन.डी. जैन उच्च विद्यालय के खेल मैदान में हुआ. प्रतियोगिता का संचालन प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी राजेन्द्र कुमार मंडल एवं खेल शिक्षा नोडल शिक्षक अनूप कुमार के निर्देशन में किया गया. बालिकाओं के अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 वर्ग में 100 मी., 200 मी., 400 मी., 600 मी., 800 मी. एवं 1500 मी. दौड़, गोला फेंक, डिस्कस थ्रो, लंबी कूद, ऊँची कूद, 4x100 मी. रिले रेस तथा जेवलिन थ्रो जैसी स्पर्धाएँ आयोजित की गईं. इसमें उमवि परसाटांड़, उ.उ.वि. नगरी, उ.उ.वि. जरुआडीह, उ.उ.वि. गलागी, मॉडल स्कूल डुमरी, कन्या मध्य विद्यालय अरगाघाट, मवि जामतारा, केबी उ.वि. डुमरी, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय डुमरी एवं प्रोजेक्ट गर्ल्स उ.वि. डुमरी के छात्राओं ने भाग लिया. प्रतियोगिता में कस्तूरबा गांधी बालिका उच्च विद्यालय डुमरी, मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय डुमरी एवं केबी उच्च विद्यालय की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया. 1500 मी. दौड़ (अंडर-19): उ.उ.वि. जरुआडीह की गीता कुमारी प्रथम स्थान पर रहीं. जेवलिन थ्रो: उ.उ.वि. नगरी की अमिता कुमारी प्रथम रहीं. 100 मी. दौड़: मॉडल स्कूल डुमरी की हेमंती कुमारी विजेता बनीं. 200 मी. दौड़ एवं ऊँची कूद: यास्मीन परवीन ने बाजी मारी. गोला फेंक: नगरी की नंदिनी कुमारी प्रथम स्थान पर रहीं. मीडिया प्रभारी अनूप कुमार एवं दयानंद कुमार ने बताया कि उम्मीद से कहीं अधिक बालिकाओं ने सभी स्पर्धाओं में भाग लिया. आयोजन एवं समन्वय समिति सदस्य देवेश कुमार देव ने कहा कि इस वर्ष प्रतियोगिता का आयोजन पिछले वर्षों की तुलना में बेहतर रहा है, जो खेल समिति के सदस्यों, शिक्षकों एवं सहयोगियों की ईमानदारी व निष्ठा का परिणाम है. उन्होंने आश्वस्त किया कि आने वाले वर्षों में इसे और भी बेहतर बनाया जाएगा. इस अवसर पर खेल शिक्षक अनूप कुमार, दयानंद कुमार, शिवशंकर यादव, ब्रजदीश कुमार, महेंद्र महतो, जानकी हरिजन, युगल किशोर महतो, जितेंद्र साव, लीलमुनी कुमारी, रोशन कुमार पांडेय, खेल समन्वय समिति सदस्य देवेश कुमार देव, दशरथ महतो, प्रमीला सिंह, अन्नपूर्णा कुमारी, गोयल रंजन दीप, रोहित कुमार गुप्ता, नेलेश कुमार, अतीश कुमार मंडल, श्रवण कुमार सहित कई लोग उपस्थित रहे. आयोजन समिति द्वारा प्रतिभागियों एवं शिक्षकों के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई थी.

## दहेज हत्या में पति को दस वर्ष कैद की सजा

**धनबाद।** दहेज के लिए पत्नी की हत्या कर देने के एक मामले में अदालत ने अपना फैसला सुनाया. धनबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश पारस कुमार सिन्हा की अदालत ने बलियापुर निवासी चंदन कुमार को 10 वर्ष की सश्रम कैद की सजा सुनाई है. प्राथमिकी पीड़ित मृतका सोनाली के भाई चंदन कुमार की शिकायत पर बलियापुर थाने में 5 फरवरी 24 को दर्ज की गई थी. प्राथमिकी के मुताबिक 3 जून 23 को सोनाली की शादी चंदन के साथ संपन्न हुई थी. शादी के समय करीब अच्छा खास उपहार मृतका के घर वालों ने दिया था. दो लाख रुपया नकद की मांग को लेकर मृतका की हत्या कर दी गई थी. 4 फरवरी 24 को चंदन को सूचना मिली कि उसकी बहन की हत्या कर दी गई है. जब वह मौके पर पहुंचा तो देखा कि मृतका के गले में ब्लू रंग का निशान था, जिससे यह पता चल रहा था गर्दन दबाकर उसकी हत्या की गई थी. अनुसंधान के बाद पुलिस ने 1 जून 24 को चंदन के विरुद्ध आरोप पत्र दायर किया था. सुनवाई शुरू होने के बाद अभियोजन ने इस मामले में चौदह गवाहों का परीक्षण कराया था.

# गोविंदपुर में बनेगी नई सीएचसी, ट्रॉमा सेंटर

- आधुनिक सुविधाओं के साथ बनेगा पेट क्लिनिक
- जिला समन्वय समिति की बैठक में डीसी ने की सभी विभागों की समीक्षा
- पंचायत भवनों के सीमांकन और बाउंड्री वॉल बनाने का निर्देश

**शुभम संदेश। धनबाद**



उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय के सभागार में जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई. बैठक में उपायुक्त ने ग्रामीण कार्य विभाग, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पथ प्रमंडल, पीएचईडी 1 व 2, नगर निगम, भवन प्रमंडल, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, सीपीग्राम सहित अन्य विभागों की समीक्षा की. उपायुक्त ने सभी प्रखंडों में स्थित पंचायत भवन की जमीन का सीमांकन कराने, बाउंड्री वॉल, शेड, शौचालय, रंग रोगन तथा बायोमेट्रिक से उपस्थिति दर्ज करने एवं सभी झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय की बउंड्री ऊंची कर कॉन्सर्टिना तार की बाड़ लगाने का निर्देश दिया. उन्होंने अंचल अधिकारियों को आंगनबाड़ी केंद्र के लिए सड़क के बगल में जमीन चिन्हित करने, अंचलों में सरकारी जमीन के अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाने, चलकारी में पीएचसी निर्माण के लिए जमीन चिन्हित करने तथा अंचलों में विकास से संबंधित लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए कार्यपालक अभियंता के साथ साइट विजिट करने का निर्देश दिया. समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने जिले में आधुनिक सुविधाओं के साथ पेट क्लिनिक खोलने का निर्देश दिया. साथ ही गोविंदपुर में जहां वर्तमान सीएचसी है, वहां नई सीएचसी और ट्रॉमा सेंटर बनाने के लिए प्राक्कलन तैयार करने का निर्देश दिया. पीएचईडी 1 की समीक्षा में उपायुक्त ने ग्रामीण इलाकों में पिट वाटर सप्लाई के लिए डीपीआर तैयार करने, जलान नगर एवं वासेपुर के जल मीनार को ठीक करने तथा वार्ड 17 में पानी की समस्या दूर करने, पीएचईडी 2 को 300 आंगनबाड़ी केंद्र के चापाकलों को एक पखवाड़ा में ठीक करने, मेढ़ा पंचायत में एक बड़े तालाब का निर्माण करने, धनबाद प्रखंड कार्यालय एवं सदर सीएचसी में जलापूर्ति सुनिश्चित करने, पीएम - अभीम के लिए सभी एमओआईसी को जमीन चिन्हित करने तथा सड़क की लंबित योजनाओं के लिए एनएचएआई को अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने में तेजी लाने का निर्देश दिया. बैठक में उपायुक्त आदित्य रंजन, उप विकास आयुक्त सादात अनवर, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मुकेश कुमार बाउरी, एडीएम सप्लाई जियाउल अंसारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी स्नेह कश्यप के अलावा सभी प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल के अंचल अधिकारी, पीएचईडी के कार्यपालक अभियंता, जेबीवीएनएल सहित अन्य विभागों के पदाधिकारी मौजूद थे.

## टाटा जामाडोबा अस्पताल में आयुष्मान योजना हो चालू : जेना

**शुभम संदेश। धनबाद**



भाजपा जिला मंत्री एवं दिशा समिति के सदस्य राज किशोर जेना ने जिले में आयुष्मान भारत योजना की जमीनी हकीकत पर गहरी चिंता जताई है. उन्होंने कहा कि जिले के 24 सूचीबद्ध अस्पतालों में से लगभग 17 ने इलाज बंद कर दिया है, जबकि शेष अस्पतालों में गंभीर बीमारियों का उपचार संभव नहीं है. नतीजतन, गरीब और ज़रूरतमंद मरीज योजना के लाभ से वंचित हैं और महंगे निजी इलाज के लिए मजबूर हो रहे हैं. इसी मुद्दे को लेकर जेना ने धनबाद सांसद ढुल्लू महतो और झरिया विधायक रागिनी सिंह से मुलाकात की. उन्होंने स्पष्ट कहा कि टाटा स्टील संचालित जामाडोबा अस्पताल को भी आयुष्मान भारत योजना से जोड़ा जाए, ताकि आसपास के हज़ारों गरीब मरीजों को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधा मिल सके. उन्होंने तर्क दिया कि जामाडोबा अस्पताल 100 बिस्तरों वाला सुसज्जित अस्पताल है, जहाँ विशेषज्ञ डॉक्टर और आधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध हैं. इस अस्पताल में कम्पनी अपनी कामगारों के अलावा बाहरी मरीजों का इलाज भी कम शुल्क पर करते है. उन्होंने कहा कि जमशेदपुर स्थित टाटा मेन अस्पताल में पहले से ही आयुष्मान योजना के तहत इलाज किया जाता है. उसी तर्ज पर जामाडोबा अस्पताल को भी इस योजना से जोड़ा जाए. सांसद और विधायक ने आश्वासन दिया कि वे इस संबंध में जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग से आवश्यक पहल करेंगे. राज किशोर जेना ने कहा कि जब जमशेदपुर टाटा मेन अस्पताल में आयुष्मान योजना के तहत इलाज हो सकता है, तो जामाडोबा जैसे महत्वपूर्ण अस्पताल को इससे अलग रखना गरीब मरीजों के साथ अन्याय है. हमारी मांग है कि जल्द से जल्द यहाँ भी आयुष्मान का लाभ शुरू हो.

## विधायक राज सिन्हा ने किया सार्वजनिक शेड का शिलान्यास



**शुभम संदेश। धनबाद**

विधानसभा सचेतक सह धनबाद विधायक राज सिन्हा ने तेलीपाड़ा सीमलडीह में स्थित शिव मंदिर के के प्रांगण में विधायक निधि से सार्वजनिक शेड निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया. राज सिन्हा ने इस अवसर पर कहा कि यह शेड हमारे गांववासियों के लिए एक सुरक्षित और आरामदायक स्थान बनेगा, जहां लोग मौसम की बेरुखी से बचने के लिए शरण ले सकेंगे. यह एक छोटी सी पहल है, जो हमारे गांव की दिनचर्या को और बेहतर बनाने की दिशा में एक कदम है. उन्होंने आगे कहा कि इस निर्माण कार्य से न केवल सार्वजनिक स्थानों की सुंदरता बढ़ेगी, बल्कि स्थानीय लोगों की जीवन गुणवत्ता में भी सुधार होगा. विधायक निधि से इस तरह के विकास कार्यों को प्राथमिकता देना हमेशा मेरा उद्देश्य रहा है, और मैं भविष्य में भी इसी दिशा में काम करता रहूँगा. इस उद्घाटन समारोह में क्षेत्रीय कार्यकर्ता और समर्थक भी उपस्थित थे, जिनमें जगत महतो, वीरेन्द्र हांसदा, मनोज महतो, अखिलेश झा, निर्मल प्रधान, राजू मालाकार, उमेश सिंह, उदय सिंह, राजू सिंह, विजय रजक, प्रदीप सिंह, जीतन साव, प्रकाश साव, विनोद साहू, लक्ष्मण मिश्रा, संदीप दे, अमित दे, कृष्ण चार, और शंकर साव प्रमुख रूप से शामिल थे.

## कर्मी की मौत के बाद सांसद और विधायक ने परिवार को दिलवाया हक

**शुभम संदेश। धनबाद**



धनबाद सांसद ढुल्लू महतो और बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो ने एक बार फिर मानवता की नई मिसाल पेश की है. उन्होंने बीसीसीएल कर्मी शेषनाथ प्रसाद रॉय के परिवार को उनके हक और अधिकार दिलवाए. शेषनाथ प्रसाद रॉय की सड़क दुर्घटना में दुखद मृत्यु हो गई थी. इस घटना के बाद सांसद और विधायक ने तत्काल कदम उठाते हुए मृतक के परिवार को राहत प्रदान की. मृतक के परिजनों को न्याय दिलाने के लिए सांसद ढुल्लू महतो और विधायक शत्रुघ्न महतो ने एरिया 1 के प्रबंधक से तत्काल मुलाकात की. उनके प्रयासों से बीसीसीएल के अधिकारियों ने मृतक की पत्नी को औपबंधिक नियोजन प्रपत्र प्रदान किया. विधायक महोदय की पहल पर एरिया 1 कार्यालय में 10 घंटे के भीतर मृतक की पत्नी को यह नियोजन प्रपत्र सौंपा गया. इससे पहले, जब संबंधित अधिकारियों ने नियोजन प्रपत्र देने में आनाकानी की, तो विधायक महोदय ने जीएम, एजीएम और अन्य अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई, जिसके बाद सफलता प्राप्त हुई. सांसद और विधायक ने मृतक के परिवार को प्रोविजनल नौकरी दिलाने का भी आश्वासन दिया, जिससे परिवार को आर्थिक सहायता मिलेगी और उनकी जिंदगी को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी. इस पहल से उनकी संवेदनशीलता और क्षेत्र के प्रति जिम्मेदारी स्पष्ट रूप से झलकती है. मौके पर यूनियन के सभी पदाधिकारी भी उपस्थित थे.

## सेंट जेवियर्स इंटरनेशनल स्कूल में बच्चों ने दिखायी प्रतिभा

**शुभम संदेश। धनबाद**



शनिवार को जीजीसीईटी सेंट जेवियर्स इंटरनेशनल स्कूल, नवाडीह धनबाद में विभिन्न श्रेणी तथा वर्गों में विभिन्न प्रतियोगिता करवाई गई. कक्षा 9 से कक्षा 12 तक अंतर सदनीय अंग्रेजी वाद-विवाद प्रतियोगिता रखी गई. हर सदन के तरफ से एक पक्ष एक विपक्ष में ,प्रतिभागियों ने भाग लिया. कक्षा 9-12 तक अंतर सदनीय क्विज प्रतियोगिता हुई, जिसमें विज्ञान, आध्यात्मिक, सामाजिक विज्ञान, वर्तमान समसामयिकी आदि घटनाओं पर आधारित प्रश्न पूछे गए. कक्षा 3 से कक्षा 8 तक अंतर्सदनीय सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. कक्षा 3 से 5 तक धार्मिक नृत्य प्रस्तुत किए. कक्षा 6से 8 के बच्चों ने पौराणिक कथा के नृत्य प्रस्तुत किए. कक्षा 6-8 तक विज्ञान पर आधारित विभिन्न थीमों पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता भी कराई गई. वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अरित विश्वास और गीतांजलि गुंजन, क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थानःजस्टिस सदन, द्वितीय स्थानःइक्वालिटी सदन व तृतीय स्थानःफ्रेटरनिटी सदन रहे. सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता में कक्षा 3 से 5 में प्रथम स्थानः लिबर्टी सदन, कक्षा 6से 9 में प्रथम स्थानः जस्टिस सदन, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान फ्रेटरनिटी सदन के श्रेयांश सिंह, द्वितीय स्थानःफ्रेटरनिटी सदन की सुमित्रा कुमारी तथा तृतीय स्थानः लिबर्टी सदन आयुष राज यादव हुए. विद्यालय के प्रधानाचार्य इंद्रनाथ सिन्हा ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए उन्हें विभिन्न प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया. कार्यक्रम का समापन विजेताओं को उप प्रधानाचार्य कृष्णा विश्वास तथा वरिष्ठ शिक्षक गणों द्वारा सर्टिफिकेट प्रदान कर कर किया गया.

# आसनसोल

# जमीन विवाद में युवक की हत्या

- पुलिस ने किया चचेरा भाई को गिरफ्तार
- सीसीटीवी में कैद हुई पूरी घटना
- लोगों ने जीटी रोड जाम कर किया विरोध

**शुभम संदेश। सीतारामपुर**



कुल्टी थाना अंतर्गत नियामतपुर फाड़ी क्षेत्र के रहमान पाड़ा निवासी सैयद जावेद बारीक की शुक्रवार की रात बाजार से घर लौटते समय गोली मारकर हत्या कर दी गई. पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 10 घंटे के अंदर ही आरोपी इंतिखाब आलम को गिरफ्तार कर लिया. आरोपी मृतक का चचेरा भाई है. उसे आसनसोल न्यायालय में प्रस्तुत कर पुलिस ने 10 दिन की रिमांड पर लिया है. मृतक सैयद जावेद बारीक आसनसोल नगर निगम में कैजुअल कर्मी के रूप में कार्यरत थे. स्थानीय लोगों के अनुसार, जावेद रोज की तरह रात करीब 10 बजे के आसपास मोड़ स्थित एक पान की दुकान से पान खाकर अपने घर लौट रहे थे. रास्ते में ठाकुरबाड़ी मंदिर पार करने के बाद, बाइक पर सवार दो अपराधियों ने घात लगाकर उन पर हमला किया. पीछे बैठे अपराधी ने उनके सिर में गोली मार दी और दोनों रहमान पाड़ा की ओर फरार हो गए. स्थानीय लोगों की मदद से जावेद को पहले एक निजी अस्पताल और फिर जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. घटना पास के एक सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई थी, जिससे पुलिस को जांच में मदद मिली. घटना के विरोध में स्थानीय लोगों ने रात करीब 11:30 बजे नियामतपुर जीटी रोड जाम कर दिया. मौके पर पहुंचे कुल्टी एसीपी जावेद हुसैन, थाना प्रभारी कीर्षनंदु दत्ता और नियामतपुर फाड़ी प्रभारी अखिल मुखर्जी ने लोगों को समझाकर जाम हटवाया. पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृतक के पूर्वजों के नाम पर सिलीगुड़ी में एक बड़ी पुश्तैनी जमीन थी, जिसे उनके चचेरे भाई-बहनों ने कथित रूप से फर्जी हस्ताक्षर कर बेच दिया था. जब जावेद को इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने कोर्ट के माध्यम से कानूनी कार्रवाई कर बिक्री पर रोक लगवा दी थी. इस जमीन की बिक्री से संबंधित पक्षों ने मोटी रकम ली थी और उन पर लगातार दबाव बढ़ता जा रहा था. मृतक के परिवार वालों ने बताया कि जावेद की चचेरे भाई-बहनों से कई बार इस मामले को लेकर बहस हो चुकी थी. उनकी पत्नी सबनम ने आरोप लगाया कि शबाना और उसके पति (जिनकी पहचान जीजा के रूप में की गई है) ने जान से मारने की धमकी दी थी. सबनम के अनुसार, पुश्तैनी जमीन को फर्जी हस्ताक्षर कर बेचा गया और जावेद इसके खिलाफ कानूनी लड़ाई लड़ रहे थे. पुलिस ने आसनसोल बस्ती बाजार क्षेत्र में भी छापेमारी की, जहां मृतक के जीजा रहते हैं. वे फिलहाल फरार बताए जा रहे हैं. मृतक का शव पोस्टमार्टम के बाद घर लाया गया, जहां बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे.

### विधायक ने की परिजनों से मुलाकात

घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय विधायक डॉ. अजय पोद्दार मौके पर पहुंचे और परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी. उन्होंने पत्रकारों से कहा कि कुल्टी क्षेत्र में लगातार आपराधिक घटनाएं बढ़ रही हैं और पुलिस किसी दबाव में सख्ती से कार्रवाई नहीं कर रही है. इसी वार्ड में पूर्व में एक अवैध बंदूक फैक्ट्री भी पकड़ी गई थी. पुलिस की निष्क्रियता के कारण अपराधियों के हौसले बुलंद हो रहे हैं. पूर्व मेयर जितेंद्र तिवारी ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की और कहा कि पुलिस को चाहिए कि वह इस घटना से जुड़े सभी दोषियों को चिन्हित कर सख्त कार्रवाई करे. उन्होंने आश्वासन दिया कि पीड़ित परिवार को पूरा समर्थन दिया जाएगा.

## पत्नी की हत्या के जुर्म में पति को उम्रकैद

**पुरुलिया (शुभम संदेश)।** पुरुलिया जिले के रघुनाथपुर अनुमंडल अदालत ने पत्नी की हत्या के मामले में आरोपी पति को आजीवन कारावास की सज़ा सुनाई है. अदालत के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रियजीत चटर्जी ने शनिवार को यह फैसला सुनाया. रघुनाथपुर महकमा न्यायालय के सरकारी वकील तपन कुमार माजी ने बताया कि दोषी रतन माजी, पुरुलिया जिले के संतालडीह थाना अंतर्गत इछार के कमरगोड़ा गांव का निवासी है. वर्ष 2012 में उसकी शादी झारखंड के बोकारो जिले की शम्पा माजी से हुई थी. शादी के बाद से ही उनके बीच पारिवारिक विवाद चला आ रहा था. दिनांक 16 मई, 2022 को यह विवाद इस कदर बढ़ गया कि रतन माजी ने घरेलू कलह के चलते अपनी पत्नी शम्पा माजी की हत्या गैंती (कुदाल) से कर दी. घटना के बाद उसी दिन शम्पा के पिता शांति माजी ने संतालडीह थाने में हत्या की शिकायत दर्ज कराई. पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उसी दिन रतन को गिरफ्तार कर लिया.

## न्यूज अपडेट

### बराकर सृजन शाखा ने पर्यावरण के लिए किया पौधरोपण

**बराकर (शुभम संदेश)।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन, बराकर सृजन शाखा, पश्चिम बंगाल प्रदेश की ओर से शनिवार को "गृह हरित धरा सुरक्षित" के नारे के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. यह कार्यक्रम शाखा की अध्यक्षा प्रीति केजरीवाल के नेतृत्व में बराकर के गायत्री मंदिर के प्रांगण में संपन्न हुआ. कार्यक्रम में शाखा की ओर से कई पेड़ लगाए गए. इस अवसर पर मंदिर के ट्रस्टी संरक्षक एवं वरिष्ठ सदस्य विजय कृष्ण खेमानी, उमंग पोद्दार, दीपक दुधानी मुख्य रूप से उपस्थित थे. सृजन की महिला शाखा की सदस्यों ने पुष्प देकर इन अतिथियों का सम्मान भी किया. अध्यक्षा प्रीति केजरीवाल ने कहा कि हर व्यक्ति को पेड़-पौधे लगाना चाहिए, जिससे पर्यावरण प्रदूषण से बचा जा सके. उन्होंने कहा कि हर जीव को शुद्ध वातावरण से लाभ मिलता है. पृथ्वी पर जहाँ भी खाली जगह हो, चाहे वह घर के भीतर हो या बाहर, मंदिर या स्कूल में, पेड़-पौधे जरूर लगाने चाहिए.

### सड़क पर अचानक बनी गोफ, मची अफरातफरी

**नियामतपुर (शुभम संदेश)।** राष्ट्रीय राजमार्ग और उसके आसपास बीते महीने लगातार तीन से चार सड़क पर बने गौफ से जहां लगातार दहशत का माहौल रहा, वहीं शनिवार दोपहर को आसनसोल जीटी रोड नियामतपुर लक्षिपुर गेट के पास पेट्रोल पंप के सड़क किनारे खड़े एक ट्रक का अचानक गौफ फटने से उसका चक्का फंस गया, जिससे अफरातफरी मच गई. तुरंत ट्रक को किरन की मदद से बाहर निकाला गया. गौफ फटने से इलाके में काफी हलचल का माहौल बना रहा. यह गौफ आकार में बड़ा प्रतीत हो रहा है. स्थानीय प्रशासन ने सड़क के किनारे बने इस गौफ को बैरिकेडिंग कर सुरक्षित कर दिया है, ताकि रात के अंधेरे में किसी प्रकार की दुर्घटना न हो.

### आसनसोल हिंदी जनकल्याण मंच का ईएनटी जांच शिविर

**बर्नपुर (शुभम संदेश)।** आसनसोल हिंदी जनकल्याण मंच द्वारा पिछड़े हिंदी भाषियों के उत्थान तथा महिला सशक्तिकरण के लिए कई कार्य किए जा रहे हैं. साथ ही लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से भी कई कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं. शनिवार को इसी कड़ी में आसनसोल हिंदी जनकल्याण मंच की ओर से ध्रुव डंगाल स्थित ध्रुव डंगाल एफपी स्कूल में ईएनटी जांच शिविर का आयोजन किया गया. इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राज्य के मंत्री मलय घटक उपस्थित हुए. उन्होंने मंच द्वारा लगातार किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना की और इसे सफल बनाने के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया. इस दौरान मंच के अध्यक्ष डॉ. शैलेंद्र कुमार सिंह एवं सचिव रामाधार सिंह ने मंत्री मलय घटक को मंच की आगामी सामाजिक योजनाओं की जानकारी भी दी. शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने 78 लोगों की जांच कर परामर्श दिया. इस कार्यक्रम में स्थानीय पार्षद बबीता दास, मंच के अध्यक्ष डॉ. शैलेंद्र कुमार सिंह, सचिव रामाधार सिंह, कोषाध्यक्ष रामनाथ तिवारी, गांधी नोनिया, शाहिदा परवीन, राखी विश्वकर्मा, प्रभु, मधु, दयानंद पासवान, गुलशन कुमार, भोला हेला, दलजीत सिंह आदि की सक्रिय भूमिका रही.

### परिवहन कर्मियों के लिए जागरुकता शिविर

**बर्नपुर (शुभम संदेश)।** राज्य सरकार के श्रम विभाग की ओर से शनिवार को बर्नपुर बस स्टैंड में निःशुल्क सामाजिक सुरक्षा योजना को लेकर परिवहन कर्मियों के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य के श्रम एवं कानून मंत्री मलय घटक उपस्थित थे. इस जागरूकता कार्यक्रम में परिवहन कर्मियों को राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गई और उनके या उनके परिजनों को सहायता राशि के चेक भी वितरित किए गए. इस मौके पर मंत्री मलय घटक के अलावा तृणमूल माइनॉरिटी सेल के जिलाध्यक्ष एस.एम. हसन, बोरो चेयरमैन शिवानंद बाउरी, पार्षद तरुण चक्रवर्ती, गुरमीत सिंह, अक्षय घोष, आईएनटीटीयूसी बस यूनियन नेता मोहम्मद समीर बांके, पार्थो चटर्जी आदि भी मौजूद थे. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री मलय घटक ने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा परिवहन कर्मियों के लिए कई परियोजनाएं लागू की गई हैं. उन्होंने बताया कि पेंशन योजना के तहत, 60 वर्ष से अधिक उम्र के परिवहन कर्मियों को हर महीने 1500 रुपए पेंशन के रूप में दिए जाएंगे.

## ईसीएल का कानून प्रशिक्षण कार्यक्रम 2.0 सम्पन्न

**शुभम संदेश। सांकतोड़िया**

ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड द्वारा मिशन ब्रांड सीआईएल @50 के तहत मैराथन प्रशिक्षण कार्यक्रम 2.0 आयोजित किया गया. इसी के अंतर्गत 30 जून 2025, शनिवार को "क़ानून की अज्ञानता कोई बहाना नहीं" विषय पर एक दिवसीय हाइब्रिड संगोष्ठी ईसीएल मुख्यालय के संकल्प हॉल में सफलतापूर्वक संपन्न हुई. इस कार्यक्रम का संयोजन कॉन्ट्रैक्ट मैनेजमेंट सेल विभाग, ईसीएल द्वारा किया गया था, जिसमें ईसीएल मुख्यालय और सभी क्षेत्रों के अधिकारी सक्रिय रूप से शामिल हुए. संगोष्ठी में ईसीएल के निदेशक (वित्त) मोहम्मद अंज़र आलम और निदेशक (कार्मिक) गुञ्जन सिन्हा भी उपस्थित रहे. इस अवसर पर मोहम्मद अंज़र आलम ने आईआईटी- आईएसएम धनबाद की प्रो. शिखा सिंह का स्वागत किया, जबकि गुञ्जन सिन्हा ने वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के महाप्रबंधक (विधि) श्रीराम आर. का स्वागत किया, जो इस कार्यक्रम के विशेषज्ञ प्रशिक्षक थे. प्रो. शिखा सिंह ने विभिन्न संविदात्मक ढाँचों, विशेषकर एमडीओ एवं राजस्व साझेदारी अनुबंधों पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया. उन्होंने इनके गुण-दोष, अवसर, चुनौतियाँ, लागत के प्रभाव और निविदा प्रक्रियाओं पर प्रकाश डाला. वहीं, श्रीराम आर. ने अनुबंधों के विधिक पहलुओं को रेखांकित करते हुए भारतीय अनुबंध अधिनियम, 1872, प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत, शो-कॉज़ नोटिस, सुनवाई, अनुबंध समाप्ति एवं निरर्हण जैसी प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की. सत्रों के दौरान हुई संवादात्मक चर्चाओं और प्रश्नोत्तर के आधार पर विचार-विमर्श ने प्रतिभागियों को संविदा प्रबंधन के तकनीकी और विधिक दोनों पहलुओं पर महत्वपूर्ण ज्ञान अर्जित करने का अवसर प्रदान किया.

## कांग्रेस कार्यालय पर हमले के खिलाफ प्रदर्शन



**शुभम संदेश। कुल्टी**

कोलकाता स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए हमले और तोड़फोड़ के विरोध में कुल्टी ब्लॉक कांग्रेस की ओर से शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया. यह विरोध प्रदर्शन कुल्टी ब्लॉक कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष मोहम्मद इम्तियाज खान के नेतृत्व में कुल्टी स्टेशन के सामने आयोजित किया गया. जैसे ही विरोध प्रदर्शन की सूचना बराकर रेल पुलिस को मिली, मौके पर पहुंचकर पुलिस ने रेलवे की जमीन पर बिना अनुमति आंदोलन करने पर कार्यकर्ताओं को हटाने की कोशिश की. इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुलिस को ट्रेन ठहराव को लेकर आंदोलन करने का बहाना देकर चकमा दिया, जिसके बाद उन्होंने प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया. कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष इम्तियाज खान ने कहा कि भाजपा के कुछ गुंडों ने कोलकाता में कांग्रेस कार्यालय पर हमला कर तोड़फोड़ की है, जो बेहद निंदनीय है. उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा पश्चिम बंगाल में लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव नहीं जीत पा रही है, इसलिए हिंसा का सहारा ले रही है. उन्होंने कहा, ₹कांग्रेस देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी है. अगर किसी ने हमारे नेताओं या कार्यालयों पर हमला करने की कोशिश की, तो उसे उसी भाषा में जवाब दिया जाएगा. इस अवसर पर इम्तियाज खान के साथ हुसैन खान, इंटक नेता बाबू बनर्जी, जुगल किशोर, फिरोज अंसारी सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे.

### पुरुलिया में भाजपा के खिलाफ कांग्रेस का विरोध

**पुरुलिया।** शनिवार को पुरुलिया जिले के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय बिधान भवन पर भाजपा द्वारा किए गए हमले के विरोध में प्रदर्शन किया और भाजपा हाय-हाय के नारे लगाए. इस दौरान कार्यकर्ताओं ने भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर किए जा रहे हमलों का कड़ा विरोध करते हुए चेतावनी भी दी. प्रदर्शनकारियों ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस देश की सबसे पुरानी और सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है. उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा, अगर आप कांग्रेस पर हमला करने की सोच रहे हैं, तो उस विचार को मन से निकाल दीजिए, क्योंकि हम उदारवादी भी हैं और ज़रूरत पड़ने पर उग्रवादी भी. हमला करना हमें भी आता है. प्रदर्शनकारियों ने यह भी कहा कि वे सड़कों पर उतरकर भाजपा जैसी पार्टी को चेतावनी देने आए हैं कि अगर यह सोच रहे हैं कि कांग्रेस कुछ नहीं कर सकती, तो यह एक बड़ी भूल होगी. कांग्रेस आपके खिलाफ खड़ी हो चुकी है और हम शपथ लेते हैं कि आपका विरोध करते हुए आपको उखाड़ फेंकेंगे. सभा में मंच से संबोधित करते हुए कांग्रेस के पूर्व विधायक नेपाल महतो ने कहा, ₹राष्ट्रीय कांग्रेस ने न कभी कुछ गलत किया है और न कभी करेगी. मैं भाजपा को चेतावनी देता हूं कि कांग्रेस पर हमला करने की भूल न करें. अगर ऐसा हुआ, तो हम इतनी तेज़ी से आंदोलन में कूदेंगे कि आप उसकी कल्पना भी नहीं कर पाएंगे.



# राधा अष्टमी के दिन श्री राधा रानी को अर्पित करें ये चीजें, धन-धान्य से भरा रहेगा घर

भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी के दिन राधा अष्टमी मनाई जाती है। राधा अष्टमी के दिन राधा रानी का जन्मोत्सव मनाने के साथ ही उनकी सेवा-पूजा एवं भव्य श्रृंगार का भी विधान है। इसके अलावा, राधा रानी की पूजा के दौरान उन्हें कुछ चीजें अर्पित करने से उनकी कृपा प्राप्त हो सकती है।

## राधा अष्टमी के दिन राधा रानी को अर्पित करें बांसुरी

बांसुरी श्री कृष्ण की प्रिय मानी जाती है। ऐसी मान्यता है कि श्री कृष्ण बांसुरी तभी बजाते थे जब पहले राधा रानी उसमें स्वर का संचार करती थीं। ऐसे में कृष्ण प्रिय बांसुरी राधा रानी को अर्पित करने से वह शीघ्र प्रसन्न हो जाती हैं।



## राधा अष्टमी के दिन राधा रानी को अर्पित करें चूड़ा

राधा रानी को हाथ में पहनने वाले कड़े अर्पित करने चाहिए। यानी कि जब आप उनका श्रृंगार कर रहे हों तो उन्हें चूड़ा या कड़ा अवश्य पहनाएं। ऐसी मान्यता है कि कृष्ण भगवान को राधा रानी के हाथों में कड़े बहुत भाते थे।

## राधा अष्टमी के दिन राधा रानी को अर्पित करें मोरपंख

मोरपंख न सिर्फ कृष्ण प्रिय है बल्कि राधा रानी को भी मोरपंख बहुत भाता है। ऐसे में अगर राधा अष्टमी के दिन राधा रानी को मोरपंख अर्पित जाए तो इससे व्यक्ति के जीवन के सभी दुख और नकारात्मकता दूर होती है।

## राधा अष्टमी के दिन राधा रानी को अर्पित करें नाम जाप

राधा अष्टमी के दिन जितना हो सके उतना राधा नाम का जाप या कृष्ण नाम का जपा करना चाहिए। शास्त्रों में भी लिखा है कि नाम जाप से श्रेष्ठ कुछ भी नहीं है। ऐसे में राधा कृष्ण का नाम जाप करने से उनका सानिध्य मिलता है।



# मोक्षदायिनी है परिवर्तिनी एकादशी

## तिथि, मुहूर्त और पूजा का महत्व

**हिंदू धर्म में एकादशी व्रत का विशेष महत्व होता है. सालभर में कुल 24 एकादशी आती हैं, जिनमें से प्रत्येक व्रत का अलग-अलग फल और महत्व माना गया है. भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी को परिवर्तिनी एकादशी कहा जाता है. इस दिन भगवान विष्णु की विशेष पूजा की जाती है. मान्यता है कि इस व्रत को करने से सभी पाप नष्ट हो जाते हैं और मोक्ष की प्राप्ति होती है.**

एकादशी का व्रत बहुत ही महत्वपूर्ण माना जाता है. यह व्रत भगवान विष्णु को समर्पित है और हर महीने में दो बार आता है. इनमें से एक एकादशी, परिवर्तिनी एकादशी, विशेष महत्व रखती है. यह व्रत भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी को मनाया जाता है. इस दिन भगवान विष्णु अपनी चार महीने की योगनिद्रा की मुद्रा में करवट लेते हैं, इसलिए इसे परिवर्तिनी एकादशी कहा जाता है. आइए जानते हैं इस व्रत की तिथि, शुभ मुहूर्त, पूजा विधि और महत्व के बारे में विस्तार से.

### परिवर्तिनी एकादशी कब है?

पंचांग के अनुसार, परिवर्तिनी एकादशी तिथि का आरंभ 3 सितंबर 2025 को सुबह 3 बजकर 53 मिनट पर होगा और यह तिथि अगले दिन 4 सितंबर 2025 को सुबह 4 बजकर 21 मिनट तक रहेगी. उदयातिथि के अनुसार, परिवर्तिनी एकादशी का व्रत 3 सितंबर को ही रखा जाएगा.

### परिवर्तिनी एकादशी की पूजा विधि

एकादशी के दिन सुबह स्नान के बाद व्रत का संकल्प लें. भगवान विष्णु की मूर्ति या प्रतिमा स्थापित करें. उन्हें पंचामृत (दूध, दही, घी, शहद, गंगाजल) से स्नान कराएं.भगवान को पीले वस्त्र पहनाएं और पीली वस्तुओं से उनका श्रृंगार करें. इसके बाद उन्हें तुलसी दल, फूल, फल, मिठाई और विशेष रूप से माखन-मिश्री का भोग लगाएं.'ऊँ नमो भगवते वासुदेवाय' मंत्र का जप करें. विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करना भी बहुत शुभ माना जाता है. आखिर में, भगवान विष्णु की आरती करें. इस दिन रात्रि जागरण का विशेष महत्व है. रात में भगवान विष्णु के भजन-कीर्तन करें और उनकी महिमा का गुणगान करें. द्वादशी के दिन व्रत का पारण करें. पारण से पहले किसी ब्राह्मण को भोजन कराएं या दान दें.

### परिवर्तिनी एकादशी का महत्व

परिवर्तिनी एकादशी का व्रत रखने से कई शुभ फल प्राप्त होते हैं. धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन व्रत रखने और भगवान विष्णु की पूजा करने से व्यक्ति के सभी पाप नष्ट हो जाते हैं और उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है.इस दिन व्रत रखने से घर में सुख, समृद्धि और शांति का वास होता है. सच्चे मन से की गई पूजा और व्रत से भगवान विष्णु प्रसन्न होते हैं और भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी करते हैं. यह व्रत व्यक्ति को जीवन-मरण के बंधन से मुक्त कर मोक्ष की ओर ले जाता है. इस प्रकार, परिवर्तिनी एकादशी का व्रत एक बहुत ही पवित्र और फलदायी व्रत है, जिसे विधि-विधान से करने पर व्यक्ति को भगवान विष्णु की असीम कृपा प्राप्त होती है.

# परिवर्तिनी एकादशी के दिन करें इन पेड़ों की पूजा, दूर होगा ग्रह दोष

परिवर्तिनी एकादशी इस साल 3 सितंबर की पड़ रही है। इस दिन भगवान विष्णु की पूजा का विधान है। साथ ही, इस दिन कुछ पेड़-पौधों की पूजा करना भी बहुत शुभ और लाभकारी माना जाता है। इस दिन भगवान विष्णु की पूजा का विधान है। साथ ही, इस दिन कुछ पेड़-पौधों की पूजा करना भी बहुत शुभ और लाभकारी माना जाता है।



### परिवर्तिनी एकादशी के दिन करें केले के पेड़ की पूजा

केले के पेड़ में भगवान विष्णु का वास माना गया है। इसके अलावा, केले के पेड़ का संबंध बृहस्पति यानी कि गुरु ग्रह से बताया गया है। ऐसे में परिवर्तिनी एकादशी के दिनकेले के पेड़ की पूजाकरने से कुंडली में ब्रिहसी मजबूत होते हैं और भगवान विष्णु की कृपा रहता है।



### परिवर्तिनी एकादशी के दिन करें तुलसी के पौधे की पूजा

तुलसी को मां लक्ष्मी का प्रतीक माना जाता है। इसी कारण से घर में तुलसी रखने का विधान है। ऐसी मान्यता है कि घर में तुलसी का पौधा हो तो साक्षात लक्ष्मी वास करती हैं। एकादशी के दिन तुलसी को हात लगाने की मनाही है लेकिन तुलसी के पास दीपक जला सकते हैं।

### परिवर्तिनी एकादशी के दिन करें पीपल के पेड़ की पूजा

पीपल के पेड़ में सभी देवी-देवताओं का वास माना जाता है। ऐसे में परिवर्तिनी एकादशी के दिन पीपल के पेड़ की पूजा करने से सभी देवी-देवताओं की कृपा घर पर बनी रहती है। इसके अलावा, इस दिन पीपल के पेड़ की पूजा करने से ग्रह दोष एवं वास्तु दोष भी दूर होता है।



# परिवर्तिनी एकादशी पर करें इन पांच चीजों का दान सभी कष्टों से मिलेगी मुक्ति

साल में 24 एकादशी तिथि होती है, जो सभी भगवान विष्णु को समर्पित है। इस दिन जगत के पालनहार की पूजा करने से मनचाहे परिणामों की प्राप्ति होती हैं। एकादशी तिथि पर व्रत रखने से व्यक्ति के धन धान्य में वृद्धि और जीवन में खुशियों का वास होता है। हर माह में आने वाली एकादशी तिथि का अपना विशेष महत्व होता है। हालांकि इनमें परिवर्तिनी एकादशी को सबसे खास माना गया है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन भगवान विष्णु निद्रासन में अपनी करवट बदलते हैं, इसलिए इसका नाम परिवर्तिनी एकादशी है। इस साल 3 सितंबर को परिवर्तिनी एकादशी का व्रत रखा जाएगा। इस दिन शोभन योग के साथ उत्तराषाढा नक्षत्र का संयोग बन रहा है। ऐसे में कुछ चीजों का दान करने से भाग्य में वृद्धि और तरक्की के योग का निर्माण हो सकता है।

### पीले रंग के फल

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भगवान विष्णु को पीला रंग अधिक प्रिय है। ऐसे में परिवर्तिनी एकादशी पर पीले रंग के फल दान करने से शुभ परिणामों की प्राप्ति होती हैं। साथ ही जीवन में सुख-समृद्धि का वास होता है।

### दाल का दान

परिवर्तिनी एकादशी के खास मौके पर दाल का दान करना चाहिए। मान्यता है कि दाल के दान से गुरु दोष से छुटकारा मिलता है। साथ ही जीवन में खुशियों का वास होता है।

सफेद रंग की मिठाई

परिवर्तिनी एकादशी पर पीले या सफेद रंग की मिठाई का दान करें। मान्यता है कि इससे जीवन में मिठास बनी रहती है। साथ ही धन की देवी मां लक्ष्मी भी खुश होती हैं।

### वस्त्र का दान

परिवर्तिनी एकादशी पर जरूरत लोगों को वस्त्र का दान करना चाहिए। ऐसा करने से भगवान विष्णु प्रसन्न होते हैं, और सभी मनोकामनाएं पूरी करते हैं। कहते हैं कि वस्त्रों का दान करने से मां लक्ष्मी की कृपा भी जीवन में बनी रहती है।

### अन्न का दान

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार जरूरतमंदों को अन्न का दान करने से व्यक्ति के भाग्य में वृद्धि होती है। आप परिवर्तिनी एकादशी पर अन्न का दान कर सकती हैं। मान्यता है कि इससे घर में सुख-समृद्धि का वास बना रहता है।

## परिवर्तिनी एकादशी के दिन घी का दीया जलाने के क्या लाभ हैं

- परिवर्तिनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु के सामने घी का दीया जलाने से श्री हरि प्रसन्न होते हैं और अपनी कृपा बरसाते हैं।
- हिन्दू धर्म शास्त्रों में बताया गया है कि भगवान विष्णु को पंचगव्य अर्पित करने से 1000 यज्ञों के बराबर पुण्य की प्राप्ति होती है।
- इसके अलावा, 10 हजार अनुष्ठानों के बराबर फल मिलता है। घी भी गाय के दूध से बनता है और पंचगव्य का ही एक हिस्सा है।
- ऐसे में भगवान विष्णु को घी चढ़ाने या उनके समक्ष घी का दीया जलाने से यज्ञों और अनुष्ठानों के समान फल की प्राप्ति होती है।
- वहीं, ज्योतिष शास्त्र की मानें तो हर खान-पान से जुड़ी वस्तु का नाता ग्रहों से होता है। ऐसे में घी का संबंध बृहस्पति ग्रह से है।
- परिवर्तिनी एकादशी के दिन अगर भगवान विष्णु के सामने घी का दीया जलाया जाए तो उनकी कृपा से गुरु ग्रह मजबूत होते हैं।



# राधा अष्टमी के दिन लड्डू गोपाल को ऐसे करें राधा स्वरूप में तैयार

**भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि के दिन राधाष्टमी मनाई जाती है। इस दिन जहां एक ओर राधा रानी के भव्य श्रृंगार और उनकी पूजा का विधान है तो वहीं, इस दिन लड्डू गोपाल को राधा रानी के रूप में भी तैयार किया जाता है। जिन लोगों के घरों में राधा रानी विराजमान नहीं है वह लड्डू गोपाल का राधा रानी के रूप में श्रृंगार कर सकते हैं।**

### राधा अष्टमी के दिन लड्डू गोपाल का राधा रानी रूप में श्रृंगार

- राधा रानी की तरह तैयार करने के लिए लड्डू गोपाल के लिए सबसे पहले सोलह श्रृंगार की वस्तुएं और वस्त्र खरीदकर रख लें।
- इसके अलावा, राधा राधा रानी की प्रिय वैजयंती माला, मोगरे के फूल और चंदन भी लाना न भूलें। इनके बिना श्रृंगार अधूरा है।
- इसके बाद राधा अष्टमी वाले दिन लड्डू गोपाल को सबसे पहले पंचामृत से स्नान कराएं। फिर चंदन से लाला को नहलाएं।
- फिर जल से स्नान कराने के बाद उन्हें गोपी ड्रेस पहनाएं। गोपी ड्रेस द्वापर युग में गोपियां और श्री राधा रानी धारण करती थीं।
- लड्डू गोपाल को गोपी ड्रेस पहनाने के बाद आंखों में काजल भरें। होठों पर लाली लगाएं। हाथों में कंगन और पेरों में पायल पहनाएं।
- इसके बाद कमर पर करधनिया यानी कि कमर बंद बांधें। लड्डू गोपाल को कानों में राधा रानी की तरह कुंडल पहनाएं।
- फिर लड्डू गोपाल को केश पहनाएं और केशों को फूलों से सजाएं। लड्डू गोपाल को गले में सुंदर सा हार भी पहनाएं।
- इसके बाद भौहों के ऊपर लड्डू गोपाल का चंदन से श्रृंगार करें। लड्डू गोपाल को पहनाई गई गोपी ड्रेस पर इत्र अवश्य छिड़कें।
- इसके बाद लड्डू गोपाल के समक्ष पहले राधा रानी या युगल जोड़ी की आरती गाएं। फिर लड्डू गोपाल की आरती करें।

# राधा अष्टमी के दिन पढ़ें ये व्रत कथा

**भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि के दिन राधा अष्टमी मनाई जाती है। मान्यता है कि राधा अष्टमी के दिन जितना लाभकारी राधा रानी की पूजा करना होता है, उतना ही शुभ राधा अष्टमी की व्रत कथा सुना या पढ़ना माना जाता है।**

## राधा अष्टमी की व्रत कथा

पौराणिक कथा के अनुसार, श्री राधा रानी और श्री कृष्ण के धाम गोलोक में एक बार श्रीदामा जी पधारे जो कान्हा के परम भक्त और उनके साथी माने जाते हैं। यूं तो श्रीदामा श्री कृष्ण के साथ रहते थे लेकिन एक बार ब्रह्म ज्ञान के बारे में जानने हेतु वह गोलोक से बाहर गए। जब श्रीदामा वापस लौटे और कृष्ण दर्शनों के लिए उनके पास पहुंचे तब श्री राधा रानी के साथ श्री कृष्ण लीला करने में इतने लीन थे कि उन्हें श्रीदामा के आने का आभास ही नहीं हुआ। यह देख श्रीदामा बहुत दुखी हुए और उन्हें श्री राधा रानीके ऊपर भयंकर क्रोध आ गया। श्रीदामा का मानना था कि राधा रानी के कारण ही श्री कृष्ण उनसे दूर हो गए हैं। बस यही सोचते हुए उन्होंने श्री राधा रानी को यह श्राप दे दिया कि वह श्री कृष्ण से दूर हो जाएंगी और पृथ्वी पर जन्म लेंगी। असल में यह सब राधा रानी और कान्हा की ही रचाई हुई लीला थी। कृष्ण अवतार के दौरान प्रेम की मूल वाख्या को समझाने के लिए ही राधा रानी और श्री कृष्ण ने श्राप का यह खेल रचा ताकि कृष्ण से पहलेराधा रानीका पृथ्वी पर अवतरण हो जाए। इसके बाद राधा रानी का भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी के दिन बरसाना में जन्म हुआ।

## मंथन

## लखपति दीदियों के लिए राह खोलती झिमड़ी परियोजना

झारखंड की धरती पर खेती लंबे समय तक सिंचाई और पूंजी के अभाव में संकटग्रस्त रही है. महिलाएं खेतों में तो परिश्रम करती थीं, लेकिन आर्थिक सशक्तीकरण की मुख्यधारा से दूर रहीं. ऐसे में झारखंड माइक्रो ड्रिप इरिगेशन परियोजना (झिमड़ी) ने न केवल खेती की तस्वीर बदली, बल्कि ग्रामीण महिलाओं को लखपति दीदी बनने का मौका भी दिया है. दुमका की पूजा सोरेन, खूंटी की विनीता देवी और रांची की मधुबाला देवी जैसे उदाहरण बताते हैं कि जब तकनीक, प्रशिक्षण और सामूहिक सहयोग एक साथ आते हैं तो परिवर्तन असंभव नहीं होता. ड्रिप सिंचाई तकनीक ने पौधों को समय पर नमी और पोषण दिया, श्रम घटाया और उत्पादन व गुणवत्ता दोनों बढ़ाई. इससे किसान अब पारंपरिक खेती पर निर्भर नहीं रह गए, बल्कि करेले, मिर्च, स्ट्रॉबेरी, फ्रेंच बीन्स जैसी नकदी फसलों से सीधे बाजार से जुड़कर सालाना लाखों रुपये कमा रहे हैं. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा इस परियोजना को 2027 तक विस्तार देने का निर्णय स्वागतयोग्य है. 9 जिलों के 30 प्रखंडों की लगभग 28 हजार महिला किसानों की भागीदारी यह साबित करती है कि यह पहल केवल कृषि सुधार नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन की भी कहानी है. सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि किसानों की आय दोगुनी हो रही है और फसल उपज में रिकॉर्ड सुधार दर्ज किया गया है. कृषि में तकनीक और महिला सशक्तिकरण का यह संगम राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा दे रहा है. आने वाले समय में यदि इस परियोजना का दायरा और बढ़े, तो झारखंड की महिलाएं न सिर्फ आत्मनिर्भर बनेंगी बल्कि राज्य को समृद्धि की नई ऊंचाई तक ले जाएंगी.

## नजरिया

## ट्रंप टैरिफ के बीच तेजी की ओर भारतीय अर्थव्यवस्था

वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था ने उम्मीदों से कहीं बेहतर प्रदर्शन किया है. अप्रैल-जून तिमाही में जीडीपी ग्रोथ रेट 7.8% रही, जबकि अनुमान 6.7% का था. यह न केवल पिछले साल की समान तिमाही (6.5%) से बेहतर है, बल्कि पिछली तिमाही (7.4%) की तुलना में भी प्रगति को रेखांकित करता है. इस शानदार वृद्धि के पीछे सेवा क्षेत्र की तेजी, निवेश में निरंतर वृद्धि और सरकारी खर्च में मजबूती प्रमुख कारक रहे. सेवा क्षेत्र ने जहां 7.6% की जीवीए ग्रोथ दर्ज की, वहीं मैन्युफैक्चरिंग और निर्माण क्षेत्र ने क्रमशः 7.7% और 7.6% की वृद्धि दर हासिल की. कृषि क्षेत्र भी 3.7% की दर से बढ़ा, जो पिछले वर्ष की मात्र 1.5% की वृद्धि की तुलना में उल्लेखनीय सुधार है. यह संकेत देता है कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था भी धीरे-धीरे मजबूत हो रही है. यह परिदृश्य भारत को वैश्विक स्तर पर सकारात्मक उदाहरण बनाता है, खासकर तब जब कई बड़ी अर्थव्यवस्थाएं सुस्ती या मंदी का सामना कर रही हैं. हालांकि इस चमक के बीच चुनौतियां भी नजरअंदाज नहीं की जा सकतीं. वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और घरेलू महंगाई के दबाव भविष्य में विकास दर को प्रभावित कर सकते हैं. फिलहाल, पहली तिमाही के ये आंकड़े भरोसा जगाते हैं कि भारत की अर्थव्यवस्था विकास के पथ पर मजबूती से अग्रसर है और आने वाले वर्षों में यह दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में अग्रणी बनी रहेगी.

# आदिवासी ज्ञान परंपरा में जलवायु संकट पर चिंतन

डॉ. मयंक मुरारी

**याद रहे हम पेड़ को काट कर जो दर्द देते हैं, वही हमको वापस मिलता है.**



**जब आप जानते हैं कि पेड़ दर्द सहते हैं और उनकी यादें होती हैं. आप उन्हें यूं ही काट कर अस्त व्यस्त नहीं कर सकते. जलवायु संकट हल करने के लिए जंगल, नदियां, पहाड़ व मानव समाज को को एक ही रूप में देखना होगा.**

जलवायु संकट आज प्रकृति से मनुष्य के व्यापक अलगाव की कहानी है. आदिवासी अद्वितीय ज्ञान और प्रथाओं के संरक्षक रहे हैं, जो मानव और प्राकृतिक दुनिया के बीच संतुलन पर जोर देते हैं. कई स्वदेशी पारंपरिक प्रथाएं प्रभावी जलवायु समाधान प्रदान करती हैं, जैसे टिकाऊ कृषि प्रणालियां और जलवायु-लचीला जल प्रबंधन. कार्बन सिंक और जैव विविधता की रक्षा करने वाले प्रमुख पारिस्थितिक तंत्रों की सुरक्षा करके, आदिवासी लोग शेष विश्व को एक पर्यावरणीय सेवा प्रदान करते हैं. उनका मानना है कि मानवता और प्रकृति अलग नहीं हैं. जल, जंगल और पहाड़ में रहनेवाले जनजातीय समाज के लिए पेड़ का कटना महज एक वृक्ष का गिरना नही है. हम पेड़ को काट कर जो दर्द देते हैं, पहाड़ को खोद कर जो चोट पहुंचाते हैं, वही हमको वापस मिलता है.

पिछले एक सदी की विकास यात्रा के प्रभाव के आंकलन पश्चात अब यह माने जाने लगा है कि विकास की किसी भी संवाद या प्रक्रिया में जनजातीय समाज को बहार रखकर कोई प्रभावी निर्णय संभव नहीं है. आदिवासी के लिए अगर वन उसकी शांति है, तो कृषि उसकी सांस है. निरंतर जीवन के लिए वन मात्र अनुपूरक हो सकता है, प्रधान आधार तो कृषि ही होगा. मनुष्य ने वन से ही कृषि का विकल्प खड़ा किया, क्योंकि इस प्रक्रिया में उसका आर्थिक जीवन वन्य (घुमंतू) जीवन से अपेक्षाकृत अधिक आश्वस्त था. वन में ही नदी घाटियों में उसने कृषि योग्य जमीन बनाई, वनस्पति को आंशिक रूप से उन्नत किया, अपने काम के जीव-जन्तुओं को पालतू बनाया और इस तरह से उसके जीवन में स्थिरता आई. इसके उदाहरण हैं सूखे के प्रति प्रतिरोधी पारंपरिक फसलों का उपयोग और शुष्क वातावरण में न्यूनतम जल उपयोग वाले पारंपरिक घरों का निर्माण. अब समय आ गया है कि हम जलवायु परिवर्तन और कार्बन फुटप्रिंट जैसे मौजूदा विषयों पर स्वदेशी लोगों के अधिकार को पूरी तरह से मान्यता प्रदान करे, उन्हें जलवायु वित्त और क्षमता निर्माण तक सीधी पहुंच प्रदान करनी चाहिए, तथा स्वदेशी ज्ञान को जलवायु नीति में एकीकृत करना चाहिए.सवाल है कि जलवायु कार्रवाई के मामले में स्वदेशी ज्ञान क्यों मायने रखता है ? स्वदेशी लोग अद्वितीय ज्ञान प्रणालियों, नवाचारों और प्रथाओं के संरक्षक हैं, जो पीढ़ियों से चली आ रही हैं और जिन्होंने दुनिया के कई हिस्सों में विभिन्न संस्कृतियों और समुदायों को स्थायी रूप से रहने की अनुमति दी है, जिससे मानव और प्राकृतिक दुनिया के बीच संतुलन पर जोर दिया गया है. कई जनजातीय पारंपरिक प्रथाएँ पारिस्थितिक तंत्रों की गहरी समझ और उनके प्रति सम्मान पर आधारित हैं और संसाधनों के सतत उपयोग को बढ़ावा देती हैं. इन प्रथाओं का पर्यावरण पर न्यूनतम प्रभाव पड़ता है और ये पारिस्थितिक परिवर्तनों के प्रति अत्यधिक अनुकूल होती हैं, जिससे स्वस्थ और लचीले पारिस्थितिक तंत्र को बढ़ावा मिलता है.

जलवायु समाधानों में प्रयुक्त जनजातीय ज्ञान के उदाहरण पूरे विश्व में पाये जाते हैं. मध्य अमेरिका और दक्षिणी मेक्सिको में मूल निवासी माया की पारंपरिक कृषि प्रणाली, मिल्पा, एक स्थायी कृषि मॉडल है जिसमें वन क्षेत्र के भीतर कृषि भूखंडों को बारी-बारी से उगाया जाता है. महत्वपूर्ण बात यह है कि इस चक्र में कई फसलें उगाई जाती हैं और साथ ही खेती किए गए भूखंडों में प्राकृतिक वन पुनर्जनन की अनुमति भी मिलती है. परिणामस्वरूप, जैव विविधता और मिट्टी की उर्वरता के उच्च स्तर को बनाए रखते हैं, जिससे जलवायु परिवर्तन शमन और अनुकूलन प्रयासों में महत्वपूर्ण योगदान मिलता है. ये प्रणालियां, जिनमें फसलें पेड़ों के साथ-साथ रहती हैं, मृदा अपरदन को कम करने और मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने में मदद करती हैं. साथ ही, फसल विविधीकरण कीटों, बीमारियों या चरम मौसम की घटनाओं के कारण पूरी तरह से फसल बर्बाद होने के जोखिम को कम करता है. ये रणनीतियां सूखे और भारी बारिश जैसी चरम जलवायु परिस्थितियों में भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित करती हैं और आजीविका की रक्षा करती हैं. आदिवासी लोग लंबे समय से पारंपरिक अग्नि प्रबंधन पद्धति अपनाते आ रहे हैं, जिसे सांस्कृतिक दहन, या शीतल दहन के नाम से जाना जाता है. इस पद्धति में ईंधन का भार कम करने, वनस्पति का प्रबंधन करने और जैव विविधता को बढ़ावा देने के लिए कम तीव्रता वाली आग का नियंत्रित उपयोग शामिल है. पारंपरिक मधुमक्खी पालन पद्धतियाँ भूमि के स्थायी उपयोग को प्रोत्साहित करती हैं. जनजातीय समाज दुनिया की लगभग 25 प्रतिशत भूमि का प्रबंधन करते हैं , जिसमें अधिकांश जैव विविधता और मिट्टी व बायोमास में संग्रहीत कार्बन समाहित है. इस भूमि का एक बड़ा हिस्सा वनों से आच्छादित है जो सात करोड़ मूल निवासियों की परंपराओं, संस्कृतियों और आजीविका के केंद्र में हैं, जो दुनिया के कम से कम 36 प्रतिशत अक्षुण्ण वनों का पर्यावरणीय संरक्षण करते हैं. शोध से पता चलता है कि अपनी जमीन पर बढ़ते बाहरी दबाव के बावजूद, मूल निवासियों द्वारा प्रबंधित क्षेत्रों के कई जंगल और अन्य पारिस्थितिकी तंत्र इन क्षेत्रों के बाहर की प्रकृति की तुलना में बेहतर स्थिति में हैं .

कार्बन सिंक और जैव विविधता की रक्षा करने वाले इन प्रमुख पारिस्थितिकी तंत्रों की सुरक्षा करके, मूल निवासी दुनिया के बाकी हिस्सों को एक पर्यावरणीय सेवा प्रदान करते हैं, जिसे अक्सर अनदेखा किया जाता है और जिसे अधिक राजनीतिक संरक्षण और वित्तीय सहायता की आवश्यकता है. जनजातीय समाज मानते है कि अगर जंगल में एक पेड़ गिरता है, तो दूसरे पेड़ भी उसे सुन रहे होते हैं. जब आप जानते हैं कि पेड़ दर्द सहते हैं और उनकी यादें होती हैं और पेड़ों के माता-पिता अपने बच्चों के साथ रहते हैं, तो आप उन्हें यूं ही काटकर बड़ी मशीनों से उनके जीवन को अस्त-व्यस्त नहीं कर सकते. जलवायु संकट को हल करने के लिए हमें जंगल, पहाड़, नदिया और मानव समाज को एक ही रूप में देखना होगा.

## आज का इतिहास

1881 : अमेरिका में पहली टेनिस चैंपियनशिप का आयोजन.
1919 : प्रसिद्ध कवयित्री, उपन्यासकार एवं निबंधकार अमृता प्रीतम का जन्म.
1920 : अमेरिकी शहर डेट्रायट में रेडियो पर पहली बार समाचारों का प्रसारण.
1957 : मलेशिया को ब्रिटेन से आजादी मिली.
1962 : कैरेबियाई देश टोबैगो एवं त्रिनिदाद ब्रिटेन से स्वतंत्र हुए.
1968 : भारत के टू-स्टेज राउंडिंग रॉकेट रोहिणी-एमएसवी 1 का सफल प्रक्षेपण.
1991 : उज्बेकिस्तान व किर्गिस्तान ने सोवियत संघ से स्वतंत्रता की घोषणा की.
1993 : रूस ने लिथुआनिया से अपने आखिरी सैनिकों को वापस बुलाया.
1995: एमनेस्टी ने चीन में मानवाधिकार की स्थिति पर पहली बार आपत्ति दर्ज की.
1997 : राजकुमार चार्ल्स की पत्नी डायना की पेरिस में कार दुर्घटना में मौत.

## क्रोधित व्यक्ति ही असली अछूत बन जाता है

### चिंतन

एक दिन बुद्ध शिष्यों के साथ शांत बैठे हुए थे. उन्हें इस प्रकार बैठे हुए देख उनके शिष्य चिंतित हुए कि कहीं वे अस्वस्थ तो नहीं हैं. एक शिष्य ने उनसे पूछा कि आज आप मौन क्यों हैं. क्या शिष्यों से कोई गलती हो गई है? इसी बीच एक अन्य शिष्य ने पूछा कि क्या आप अस्वस्थ हैं? पर बुद्ध मौन रहे. तभी कुछ दूर खड़ा व्यक्ति चिल्लाया, आज मुझे सभा में बैठने की अनुमति क्यों नहीं दी गई है? बुद्ध आंखें बंद करके ध्यान मग्न हो गए. वह व्यक्ति फिर चिल्लाया, मुझे अनुमति क्यों नहीं मिली?

इस बीच एक उदार शिष्य ने उसका पक्ष लेते हुए कहा कि उसे सभा में आने की अनुमति प्रदान की जाए. बुद्ध ने आखें खोली और बोले, नहीं वह अछूत है, उसे आज्ञा नहीं दी जा सकती. यह सुन शिष्यों को बड़ा आश्चर्य हुआ. बुद्ध उनके मन का भाव समझ गए और बोले, हां वह अछूत है.

इस पर कई शिष्य बोले कि- हमारे धर्म में तो जात-पांत का कोई भेद ही नहीं, फिर वह अछूत कैसे हो गया? तब बुद्ध ने समझाया, आज वह क्रोधित हो कर आया है. क्रोध से जीवन की एकाग्रता भंग होती है. क्रोधी व्यक्ति प्रायः मानसिक हिंसा कर बैठता है. इसलिए वह जबतक क्रोध में रहता है तब तक अछूत होता है. इसलिए उसे कुछ समय एकांत में ही खड़े रहना चाहिए.

क्रोधित शिष्य भी बुद्ध की ये बातें सुन रहा था, पश्चाताप की अग्नि में तप कर वह समझ चुका था की अहिंसा ही महान कर्तव्य व परम धर्म है.

वह तुरंत गौतम बुद्ध के चरणों में गिर पड़ा और कभी क्रोध न करने की शपथ ली.

आशय यह कि क्रोध के कारण व्यक्ति अनर्थ कर बैठता है और बाद में उसे पश्चाताप होता है. इसलिए हमें क्रोध नहीं करना चाहिए. असल मायने में क्रोधित व्यक्ति अछूत हो जाता है और उसे अकेला ही छोड़ देना चाहिए. क्रोध करने से तन, मन, धन तीनों की हानि होती है. क्रोध से ज्यादा हानिकारक कोई और वस्तु नहीं है। बुद्ध ने कहा भी है– क्रोध को पाले रखना गर्म कोयले को किसी और पर फेंकने की नीयत से पकड़े रहने के समान है; इसमें आप ही जलते हैं.

## X इंडिया पर ट्रेंडिंग



1. #Baaghi4Trailer
2. #CMStalinInEurope
3. #DisappearancesInPakistan
4. #GwaliorTourismConclave
5.Mohan Yadav
6.TRUMP IS DEAD
7. लघु उद्योग
8. #GurukulShiksha
9. Sanatan Sanskriti
10. बुलेट ट्रेन

# बहुरंग

## इंडस्ट्री में एंट्री के लिए अहान पांडे ने लिया रील्स का सहारा

अभिनेता अहान पांडे इन दिनों अपनी फिल्म 'सैय्यारा' को लेकर सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोर रहे हैं. हालांकि, फिल्मों में कदम रखने से पहले ही अहान इंस्टाग्राम रील्स के जरिए चर्चा में आ चुके थे. हाल ही में उन्होंने खुलासा किया कि इन रील्स के पीछे उनकी एक खास वजह थी. अभिनेता अहान पांडे के मुताबिक, उन्होंने इंडस्ट्री में जगह बनाने और काम पाने के लिए लगातार इंस्टाग्राम पर रील्स बनाई थीं. अहान ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा, जो वीडियो मैंने इंस्टाग्राम पर बनाए, वह मेरा असली रूप नहीं था. वह एक अलग चेहरा था, जिसे मैंने सिर्फ काम पाने के लिए गढ़ा था. अहान ने यह भी स्वीकार किया कि फिल्म इंडस्ट्री में जगह बनाने के लिए अक्सर एक खास तरह का व्यवहार अपनाना पड़ता है. उन्होंने कहा, ₹मेरे माता-पिता ने भी समझाया था कि काम पाने के लिए ऐसा करना ज़रूरी है. लेकिन मुझे इस बात का अफसोस है, क्योंकि वह असली मैं नहीं था.अहान पांडे ने अपनी बातचीत में साफ़ किया कि सोशल मीडिया पर दिखाया गया उनका रूप हकीकत से काफी अलग है. उन्होंने कहा, असल ज़िंदगी में मैं बिल्कुल अलग हूं.

मेरे दोस्त, परिवार और करीबी लोग मुझे असली रूप में जानते हैं. मैं सोशल मीडिया पर जितना नज़र आता हूं, उससे कहीं ज़्यादा शांत और सरल हूं. अहान ने यह भी स्पष्ट किया कि इंस्टाग्राम पर उनकी मौजूदगी का मकसद केवल काम हासिल करने की कोशिश थी. दिलचस्प बात यह है कि अब वह जल्द ही 'जवान' के निर्देशक एटली के साथ काम करने वाले हैं.




## फिल्म 'परम सुंदरी' पहले दिन 7.25 करोड़ का कलेक्शन किया

अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा और अभिनेत्री जाह्नवी कपूर की फिल्म 'परम सुंदर' का दर्शक लंबे समय से इंतज़ार कर रहे थे. 29 अगस्त को यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज़ हुई, लेकिन शुरुआती प्रतिक्रिया उम्मीद के मुताबिक़ नहीं रही. इसके बावजूद फिल्म के पहले दिन की कमाई सामने आ चुकी है. भले ही यह डबल डिजिट तक नहीं पहुंच पाई, मगर ओपनिंग के साथ ही इसने साल की कई फिल्मों को पीछे छोड़ दिया है. सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार, 'परम सुंदरी' ने रिलीज़ के पहले दिन 7.25 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है. 40 से 50 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने एडवांस बुकिंग से अच्छी कमाई कर ली थी, इसलिए माना जा रहा था कि ओपनिंग पर यह आसानी से 10 करोड़ रुपये पार कर लेगी. हालांकि, ऐसा नहीं हो पाया और फिल्म उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सकी. बावजूद इसके, 'सैय्यारा' को छोड़कर इस साल आई बाकी रोमांटिक फिल्मों की तुलना में 'परम सुंदरी' ने बेहतर शुरुआत की है. पिछली रिलीज़ का हाल देखें तो सिद्धांत चतुर्वेदी और तृप्ति डिमरी की 'धड़क 2' ने पहले दिन 3.65 करोड़ रुपये की कमाई की थी. वहीं, विक्रांत मैसी की 'आंखों की गुस्ताखियां' महज 35 लाख रुपये ही बटोर सकी, जबकि 'मेट्रो इन दिनों' ने 4 करोड़ रुपये की ओपनिंग की थी. मैडॉक फिल्म्स की 'भूल चूक माफ' ने पहले दिन 7.20 करोड़ रुपये जुटाए थे. दूसरी ओर, रोमांटिक ड्रामा 'मेरे हस्बैंड की बीवी' ने 1.75 करोड़ रुपये और जुनैद खान की 'लवयापा' ने 1.25 करोड़ रुपये से अपना खाता खोला था. 'परम सुंदरी' की सफलता सिद्धार्थ मल्होत्रा और जाह्नवी कपूर दोनों के लिए बेहद अहम है, क्योंकि हाल के समय में उनकी पिछली फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर खास असर नहीं डाला था. हालांकि, इस बार भी दर्शकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया देखने को मिली. फिल्म में सिद्धार्थ और जाह्नवी की ऑनस्क्रीन केमिस्ट्री कई दर्शकों को प्रभावित नहीं कर पाई. खासकर जाह्नवी के अभिनय को लेकर आलोचना देखने को मिली, जबकि समीक्षकों का मानना है कि फिल्म की कहानी में नयापन नहीं है. फिल्म की कथा परम (सिद्धार्थ) और सुंदरी (जाह्नवी) के इर्द-गिर्द घूमती है.

## सोनू सूद अब लॉन्च करेंगे स्टार प्लस का नया शो 'संपूर्णा'

छोटे पर्दे पर दमदार कहानियों के लिए पहचाने जाने वाले स्टार प्लस ने दर्शकों के लिए एक नया फिक्शन ड्रामा 'संपूर्णा' की घोषणा की है. इस शो की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसके ट्रेलर लॉन्च के लिए फिल्म इंडस्ट्री के लोकप्रिय अभिनेता और समाजसेवा में सक्रिय नाम सोनू सूद को चुना गया है. सोनू सूद ने लिखा, गणेश चतुर्थी की खुशियों और रंगों के बीच यह भूल जाना आसान है कि हमारे आस-पास कई महिलाएं रोज़ ऐसी लड़ाइया लड़ रही हैं, जो उन्हें कभी नहीं लड़नी चाहिए थीं. इस ट्रेलर ने मुझे गहराई से झकझोर दिया, क्योंकि यह सिर्फ एक कहानी नहीं है... बल्कि हमारे समाज का आईना है. मेरी प्रार्थना है कि बप्पा हर महिला के जीवन से ये विघ्न दूर करें. उन्होंने आगे बताया कि 'संपूर्णा' एक प्रभावशाली नया शो है, जो हर दर्शक को न सिर्फ देखना बल्कि महसूस करना चाहिए. यह शो 8 सितंबर से हर दिन शाम 7:30 बजे स्टार प्लस पर प्रसारित होगा.

**शो की कहानी :** 'संपूर्णा' के ट्रेलर में दर्शकों को मिट्टी नाम की महिला की ज़िंदगी को नज़दीक से देखने का मौका मिलता है. पहली झलक में मिट्टी एक खुशहाल पत्नी और चार साल के बेटे की मां नज़र आती है. सात साल की शादीशुदा ज़िंदगी उसे स्थिर और संपूर्ण लगती है. लेकिन यह स्थिरता अचानक बिखर जाती है, जब उसे खबर मिलती है कि उसके पति डॉ. आकाश किसी गंभीर मामले में गिरफ्तार कर लिए गए हैं. आकाश खुद को निर्दोष बताते हैं और दावा करते हैं कि उन्हें इस मामले में फंसाया जा रहा है. वहीं, दूसरी ओर कहानी में प्रवेश करती है नयना, एक अकेली और बेफिक्र लड़की, जो प्यार की तलाश में है.

## मनोरंजन से भरपूर 'डू यू वाना पार्टनर' का ट्रेलर रिलीज




ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेज़न प्राइम वीडियो लगातार दर्शकों के लिए नए और हटके कंटेंट लेकर आ रहा है. अब प्लेटफॉर्म ने अपनी आने वाली वेब सीरीज़ 'डू यू वाना पार्टनर' का दमदार ट्रेलर रिलीज़ कर दिया है. रिलीज़ के बाद से ही यह ट्रेलर चर्चा का विषय बना हुआ है. इस सीरीज़ का निर्देशन अर्चित कुमार और कॉलिन डी कुन्हा ने किया है, जबकि इसके निर्माता करण जौहर हैं, जो हमेशा से ही अपने अलग अंदाज़ और युवा कहानियों के लिए पहचाने जाते हैं.

**कहानी में क्या है खास :** 'डू यू वाना पार्टनर' एक फ्रेश, एंटरटेनिंग और आधुनिक दौर की कॉमेडी-ड्रामा सीरीज़ है. कहानी दो सहेलियों, शिखा (तमन्ना भाटिया) और अनाहिता (डायना पेंटी) के इर्द-गिर्द घूमती है. दोनों लड़कियों का सपना है कि वे अपनी खुद की अल्कोहल स्टार्टअप कंपनी खड़ी करें. वे तय करती हैं कि भीड़-भाड़ वाले शहर और पुरुष-प्रधान बिज़नेस वर्ल्ड के बीच अपनी अलग पहचान बनाएगी उनका आइडिया है क्राफ्ट बीयर बिज़नेस में उतरने का, जो एक ओर काफी अनोखा है और दूसरी ओर चुनौतीपूर्ण भी. इस सफर में उन्हें समाज की परंपराओं, सामाजिक बंदिशों और कई रूढ़िवादी सोच का सामना करना पड़ता है. लेकिन, शिखा और अनाहिता अपने जुगाड़, जज़्बे और आत्मविश्वास के दम पर हर मुश्किल का सामना करती हैं.

**ट्रेलर की झलक :** रिलीज हुए ट्रेलर में दोनों सहेलियों का बेबाक और बोल्ड अंदाज़ देखने को मिल रहा है. ट्रेलर यह साफ कर देता है कि यह सीरीज़ सिर्फ कॉमेडी तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें दोस्ती, संघर्ष, पैशन और एक बड़े सपने को साकार करने की जद्दोजहद भी दिखाई जाएगी.

## राशिफल



आचार्य प्रणव मिश्रा
मोबाइल नंबर 8210075897

**मेष :** धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी. सुख-आनंद कारक समय है. लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी. बुद्घितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा. कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी. सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी. कार्यक्षेत्र में स्थिति सामान्य ही रहेगी. शुभांक-2-4-6

**वृष :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी. बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी. हाथ में आने वाला धन भी किसी अवरोध का शिकार हो जाएगा. व्यापार में स्थिति उत्तम रहेगी. नौकरी में पदोन्नति की संभावना है. धार्मिक यात्रा का योग है. शुभांक-5-7-9

**मिथुन :** चापलूस मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है. व्यापार में स्थिति नरम रहेगी. शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे. संतोष रखने से सफलता मिलेगी. नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी. सब्र का फल मीठा होता है अतःधैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें. शुभांक-4-6-8

**कर्क :** थोड़े प्रयास से कार्य सिद्घ होंगे. घर-परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा. बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा. सुबह-सुबह की महत्त्वपूर्ण सिद्घि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा. शुभ कार्यों का तत्काल फल मिलेगा. शुभांक-5-7-8

**सिंह :** पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी. कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा. माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा. वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे. संयमित भाषा का इस्तेमाल करें. आवेग में आकर किये गए कार्यों का म्लान, अवसाद रहेगा. अपने काम को प्राथमिकता से करें. शुभांक-6-8-9

**कन्या :** प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे. कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित लाभ होंगे. आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी. स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी. ज्ञान-विज्ञान की वृद्घि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा. शुभांक-7-8-9

**तुला :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी. व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए. अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें. पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे. व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी. माता-पिता के स्वास्थ्य की चिन्ता रहेगी. शुभांक-5-8-9

**वृश्चिक :** पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी. व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी. बुरी संगति से बचें. अपनों का सहयोग प्राप्त होगा. शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है. व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी. नौकरी में पदोन्नति की संभावना. मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है. शुभांक-1-3-5

**धनु :** शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें. संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी. पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी. खान-पान में सावधानी रख. कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा. मान-सम्मान में वृद्घि होगी. अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे. शुभांक-2-4-6

**मकर :** रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी. कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे. स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा. यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा. मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी. राजकीय कार्यों से लाभ. शुभांक-3-5-7

**कुंभ :** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्घ हो रहे है. समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा. नवीन जिम्मेदारी बढने के आसार रहेंगे. यात्रा शुभ रहेगी. अपने काम को प्राथमिकता से करें. आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी. कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है. भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा. शुभांक-4-7-9

**मीन :** महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा. आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी. आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्घ हो रहे हैं. कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं. कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे. सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा. आप से जलने वाले लोग सक्रिय हो सकते हैं. सावधान रहें. शुभांक-4-8-9

## जोगबनी और आनंद विहार के बीच चलेगी पूजा स्पेशल ट्रेन

**फारबिसगंज/अररिया ।** रेलवे ने आगामी त्योहारों के मद्देनज़र यात्रियों की सुविधा के लिए आनंद विहार टर्मिनल और जोगबनी के बीच एक नई पूजा स्पेशल ट्रेन चलाने का ऐलान किया है. इस ट्रेन के लिए बुकिंग शुरू हो चुकी है. ट्रेन संख्या 04008: आनंद विहार-जोगबनी स्पेशल ट्रेन 20 सितंबर से 22 नवंबर 2025 तक प्रत्येक शनिवार को सुबह 8:30 बजे आनंद विहार से रवाना होगी. यह शाम 7:00 बजे जोगबनी पहुंचेगी. ट्रेन संख्या 04007: जोगबनी-आनंद विहार स्पेशल ट्रेन 21 सितंबर से 23 नवंबर 2025 तक प्रत्येक रविवार को जोगबनी से चलेगी. कोच और रूट: इस ट्रेन में जनरल, स्लीपर, थर्ड एसी, सेकेंड एसी और फर्स्ट एसी के कोच उपलब्ध होंगे. यह ट्रेन मुरादाबाद, बरेली, आलमनगर, उतरेटिया (लखनऊ), रायबरेली, प्रतापगढ़, वाराणसी, गाजीपुर सिटी, बलिया, छपरा, बरौनी, बेगूसराय, खगड़िया, मानसी, कटिहार, पूर्णिया, अररिया कोर्ट और फारबिसगंज होते हुए गुजरेगी. यह स्पेशल ट्रेन दिल्ली और बिहार के बीच यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए एक बड़ी राहत साबित होगी.

## सनकी पति ने दहेज के लिए तीसरी पत्नी को खंती से मार डाला

संवाददाता । दरभंगा

दरभंगा जिले के सदर थाना क्षेत्र के रानीपुर गांव में एक सनकी पति ने अपनी तीसरी पत्नी विभा देवी की हत्या कर दी. मृतका प्रमोद पासवान की पत्नी थीं. घटना रक्षाबंधन के दिन, 26 अगस्त की बताई जा रही है. बताया गया है कि प्रमोद पासवान ने रात में सोई हुई अपनी पत्नी के सिर पर लोहे की खंती से वार कर दिया. विभा गंभीर रूप से घायल हो गईं. मारपीट के बाद प्रमोद खंती लेकर मौके से फरार हो गया. घायल विभा को ससुराल वालों ने तुरंत डीएमसीएच में भर्ती कराया. उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए गुरुवार को उन्हें पटना रेफर किया गया. पटना के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान विभा की मृत्यु हो गई. विभा की मौत की सूचना पर ग्रामीणों की भीड़ प्रमोद के पिता शिव प्रसाद पासवान के घर पर जुट गई. ग्रामीणों ने सदर थाना के प्रभारी मोती कुमार को सूचना दी. मौके पर पहुंची पुलिस ने पूछताछ की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा.

### अनंत सिंह के साथ मोकामा के लिए निकले ललन सिंह, बोले-

# सब फर्जीवाड़े की यात्रा कर रहे हैं

संवाददाता । पटना



बिहार के मोकामा में केंद्रीय मंत्री और जेडीयू के कद्दावर नेता ललन सिंह और बाहुबली पूर्व विधायक अनंत सिंह की रैली है. ललन सिंह और पूर्व विधायक अनंत सिंह पटना से एक साथ मोकामा के लिए रवाना हुए. दोनों नेता सड़क मार्ग से मोकामा पहुंचेंगे और वहां जनसंपर्क अभियान चलाएंगे. इस दौरान केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने कहा कि ₹हमारी यात्रा सफल है, जबकि बाकी सब फर्जीवाड़े की यात्रा कर रहे हैं. देश का मान सम्मान जिस प्रधानमंत्री ने दुनिया में बनाया है. उस प्रधानमंत्री की माता को इंगित करके यह लोग गाली दे रहे हैं. 1990-2005 तक उनके माता पिता का राज था, जहां लोग इसी तरह की भाषा का इस्तेमाल करते थे, यह उसी संस्कृति को वापस लाना चाहते हैं. बिहार के लोग सजग हैं. वह इस तरह की भाषा को बर्दाश्त नहीं करते.₹ बता दें कि अनंत सिंह पिछले 5 अगस्त को ही जेल से रिहा हुए हैं. जेल से बाहर आने के बाद वो पूरी तरह राजनीति में सक्रिय हो गए हैं. जेल से बाहर आते ही उन्होंने ऐलान किया है कि मोकामा से दोबारा चुनाव लड़ेंगे. अब मोकामा की जनता से ललन सिंह के साथ संवाद करने पहुंचे हैं. जेडीयू के बड़े नेताओं का उनके साथ होना चुनावी समीकरण को बदल सकता है. दोनों नेताओं को देख कर अनंत सिंह के कार्यकर्ताओं में भी काफी उत्साह है.



### अररिया में डबल मर्डर, जमीन विवाद बना बवाले जान

# एक को जिंदा जलाया, दूसरे की गोली मार कर हत्या, सनसनी

- एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा ने जमीन विवाद में हत्या किए जाने की बात कही है

संवाददाता । अररिया

अररिया जिले के भरगामा थाना क्षेत्र के धनेश्वरी गांव में जमीन विवाद में शनिवार को दो लोगों की हत्या कर दी गई. एक व्यक्ति को सोई हुई अवस्था में गोली मार दी गई, जबकि दूसरे को जिंदा जलाकर मार डाला गया. मृतकों की पहचान 40 वर्षीय जयकुमार यादव और नयन यादव के रूप में हुई है.

**दोनों पक्षों में विवाद की गई हत्या :** जयकुमार यादव पंचायत समिति सदस्य गुड्डू यादव के डिपो में काम करते थे, जबकि नयन यादव गुड्डू यादव के बड़े साढ़ू हैं. जानकारी के अनुसार, गुड्डू यादव ने अपने बड़े साढ़ू से पौने दो एकड़ जमीन जबरन लिखवा लिया था, लेकिन नयन यादव उन्हें कब्जा करने नहीं दे रहे थे. शुक्रवार की देर शाम खेत जुताई को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हुआ था, जिसके बाद शनिवार की अहले सुबह दोनों की हत्या कर दी गई.

सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भिजवाया है. फारबिसगंज एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा ने जमीन विवाद में हत्या किए जाने की बात कही है और कहा कि मामले की बारीकी से जांच की जा रही है.

**आरोपियों को पकड़ने के लिए छापेमारी :** एफएसएल की टीम को भी बुलाया गया है और वैज्ञानिक और तकनीकी अनुसंधान का भी सहारा लिया जा रहा है. एसडीपीओ ने कहा कि जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा. पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और आरोपियों को पकड़ने के लिए छापेमारी कर रही है. बता दें कि बिहार में हत्या और मारपीट की ज्यादातर घटनाएं जमीन विवाद को लेकर ही होती हैं. आए दिन ऐसे विवादों में लोगों को मौत के घाट उतार दिया जाता है. अपराधी बेखौफ होकर इन वारदातों को अंजाम देने में लगे हैं. पुलिस की कार्रवाई का भी इन पर कोई असर नहीं होता.

## बरामदे पर सो रहे युवक की गोली मारकर हत्या इलाके में सनसनी फैली

**मुजफ्फरपुर :** मुजफ्फरपुर जिले के पारू थाना क्षेत्र के बैजलपुर गांव में देर रात अपराधियों ने एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी. मृतक की पहचान अभिमन्यु कुमार सिंह (पिता संजय कुमार सिंह का छोटा पुत्र) के रूप में हुई है. अभिमन्यु एक निजी बाइक एजेंसी में स्टाफ के तौर पर काम करता था. जानकारी के अनुसार, अभिमन्यु कुमार सिंह गुरुवार रात खाना खाने के बाद हमेशा की तरह अपने घर के बरामदे में सो रहा था. इसी दौरान आधी रात बदमाशों ने उस पर फायरिंग कर दी. उसे दो गोलियां लगीं, जो गले में मारी गईं. सुबह उसकी मां ने खून से लथपथ लाश देखी तो शोर मचाया. चीख सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर जुट गए और पुलिस को सूचना दी गई. मौके पर पहुंची पुलिस, एफएसएल और डॉग स्क्वॉड की जांच की जा रही है.

# टेरर फंडिग मामले में छापेमारी, मिले विदेशी करेंसी और संदिग्ध दस्तावेज

संवाददाता । पूर्वी चंपारण



जिले के घोड़ासहन थाना पुलिस ने पटना से पहुंची पुलिस की विशेष टीम के साथ संयुक्त कारवाई करते हुए 101 करोड़ के टेरर फंडिग मामले में गिरफ्तार साइबर फ्रॉड के अंतर्राष्ट्रीय गिरोह के सदस्य भूषण चौधरी और उनके बेटे गोलू कुमार के ठिकाने पर छापेमारी किया है. छापेमारी के दौरान इनके घर से भारी मात्रा में संदिग्ध सामग्री और दस्तावेज बरामद हुए है,जिसमे अलग-अलग देशो के करेंसी,5 विदेशी रोलेक्स घड़ी 98 आधार कार्ड,8 ड्राइविंग लाइसेंस,16 मतदाता पहचान पत्र,5 श्रम कार्ड,4 बैंक के पासबुक,1 एटीएम कार्ड 1 चेक बुक,9 स्कैनर शामिल है. इसके अलावा, पुलिस को एक लेजर बुक (खाता बही) भी मिली है, जिसमें रुपये के लेनदेन का विस्तृत हिसाब-किताब दर्ज है.उल्लेखनीय है,कि नेपाल,चीन और पाकिस्तान से जुड़े इस अंतर्राष्ट्रीय साइबर फ्रॉड गिरोह के सदस्य भूषण चौधरी और उनके बेटे गोलू कुमार को यूपी पुलिस द्वारा पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका हैं. बिहार पुलिस अब उन्हें उत्तर प्रदेश से रिमांड पर लेने की तैयारी कर रही है ताकि उनसे गहन पूछताछ की जा सके और इस गिरोह के अन्य सदस्यों और उनके नेटवर्क का पता लगाया जा सके. छापेमारी टीम में सिकरहना डीएसपी उदय शंकर,घोड़ासहन थानाध्यक्ष संजीव कुमार,एसआई मधुकर कुमार,नवल किशोर पासवान,नवीन कुमार घोड़ासहन थाना के सशस्त्र जवान शामिल थे.

# प्रिंसिपल की दबंगई! बोले- डीएम भी स्कूल में घुसने से पहले लें मेरी इजाजत

संवाददाता । मुजफ्फरपुर



मुजफ्फरपुर जिले से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है. साहेबगंज प्रखंड के मध्य विद्यालय भलूई खान के प्रधानाध्यापक सूरज कुमार का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. वीडियो में वह कहते दिख रहे हैं कि "मेरे स्कूल में अगर डीएम भी आएं तो उन्हें मेरी परमिशन लेनी होगी." बताया जा रहा है कि यह वीडियो दो दिन पुराना है और उस वक्त स्कूल के बच्चे भी मौके पर मौजूद थे. प्रधानाध्यापक के इस बयान को शिक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करने वाला और अधिकारियों के खिलाफ धौंस जमाने वाला बताया जा रहा है. दरअसल, राज्य सरकार ने स्कूलों की पारदर्शिता और निगरानी के लिए प्रखंड स्तर पर 20 सूत्री समिति का गठन किया था. इसी कड़ी में समिति के अध्यक्ष मनी रोशन सिंह जब स्कूल निरीक्षण के लिए पहुंचे तो प्रधानाध्यापक सूरज कुमार से उनकी तीखी बहस हो गई. मामला इतना बढ़ा कि गाली-गलौज और आरोप-प्रत्यारोप तक पहुंच गया.

**भ्रष्टाचार बनाम सत्ता का मद :** वायरल वीडियो में एक ओर समिति अध्यक्ष भ्रष्टाचार की शिकायतें सामने लाते दिखे, तो दूसरी ओर प्रधानाध्यापक अपने 'नियम-कानून' और ताकत का खुलेआम ऐलान करते नजर आए. अब यह वीडियो न केवल शिक्षा व्यवस्था की लापरवाही उजागर कर रहा है बल्कि प्रशासनिक व्यवस्था की गंभीरता पर भी सवाल खड़े कर रहा है.

# हरूहर नदी ने बनाया हजारों को जलकैदी, 24 गांव प्रभावित

संवाददाता । शेखपुरा

शेखपुरा जिले में गंगा की सहायक हरुहर नदी इस समय उफान पर है. नदी के रौद्र रूप ने घाटकुसुंभा प्रखंड की पांच पंचायतों के करीब 24 गांवों को जलमग्न कर दिया है. हजारों लोग पिछले 20 दिनों से जलकैद की स्थिति में जीने को विवश हैं. डीह कुसुंभा, पानापुर, गगौर, माफो और भदौसी पंचायत पूरी तरह प्रभावित हैं. नदी का उल्टा बहाव हजारों एकड़ में लगी धान और मक्का की फसलों को बर्बाद कर चुका है. सैकड़ों घर पानी में डूब गए हैं, जिससे लोग छत और ऊंचे स्थानों पर शरण लेने को मजबूर हैं. ग्रामीणों ने बताया कि घरों में कमर भर पानी है और चापाकल डूब चुके हैं, जिससे पीने का पानी बड़ी समस्या बन गया है. लोग सड़क से किसी तरह पानी लाकर उपयोग कर रहे हैं. वहीं धूप और उमस भरी गर्मी के बीच छत पर रहना कठिन हो गया है. ग्रामीण महिला कारी देवी ने कहा कि छत पर रहने के कारण बड़ी समस्या हो गई है. मवेशियों के लिए चारा नहीं है और वे आधा पेट खाकर जी रहे हैं. वहीं सांप–बिच्छू का खतरा भी लगातार बना हुआ है. ग्रामीणों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने जिला प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं. सामाजिक कार्यकर्ता ने कहा , "पिछले 20 दिनों से जलकैद में हैं, लेकिन अब तक कोई राहत सामग्री नहीं पहुंचाई गई. अधिकारी केवल टाल क्षेत्र का दौरा कर फोटो खिंचवाकर लौट जाते हैं. पीड़ित परिवारों की सुध तक नहीं लेते." सबसे विकट स्थिति पानापुर पंचायत की बताई जा रही है, जहां पुल पर चार फुट से अधिक पानी बह रहा है. इस कारण पंचायत की पांचों गांवों का प्रखंड और जिला मुख्यालय से संपर्क पूरी तरह टूट गया है. स्थानीय लोग सरकार की दोहरी नीति से नाराज हैं. ग्रामीणों का कहना है कि हरुहर नदी के एक किनारे का इलाका (लखीसराय जिला, बड़हिया प्रखंड) बाढ़ग्रस्त क्षेत्र घोषित है, जहां सामुदायिक किचन और राहत कार्य चलाए जाते हैं. जबकि दूसरे किनारे का इलाका (शेखपुरा, घाटकुसुंभा) केवल जलजमाव क्षेत्र माना जाता है, जिससे प्रभावित लोगों को न तो मुआवजा मिलता है और न ही राहत सामग्री.

## कारोबार

## वायरलेस ग्राहकों की संख्या 117 करोड़ के पार पहुंची : ट्राई

**नयी दिल्ली ।** भारत में कुल वायरलेस सब्सक्राइबर बेस जुलाई 2025 के अंत में 1171.91 मिलियन (117.19 करोड़) पर पहुंच गया. भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) के अनुसार जून में यह 1170.88 मिलियन था. वृद्धि दर 0.09 प्रतिशत रही. शहरी वायरलेस ग्राहकों में 31.6 की बढ़ोतरी हुई और संख्या 64.1 करोड़ हो गई. वहीं, ग्रामीण ग्राहकों में 21.2 करोड़ की कमी दर्ज हुई और यह 53.88 करोड़ रह गया. परिणामस्वरूप, जुलाई 2025 में शहरी हिस्सेदारी 54.70 प्रतिशत और ग्रामीण 45.30 प्रतिशत रही. दूसरी ओर मोबाइल ग्राहकों की संख्या 116.3 करोड़ रही. शहरी मोबाइल 63.6 करोड़ और ग्रामीण 52.74 करोड़ रहे.

## उद्योगों की कर्ज वृद्धि घटी, पर्सनल लोन में आई तेजी



**नयी दिल्ली ।** उद्योगों को बैंक ऋण की वृद्धि दर जून, 2025 में घटकर 7.6 प्रतिशत रह गई. एक साल पहले 11.3 प्रतिशत थी. पर्सनल लोन में समग्र लोन की तुलना में तेजी से वृद्धि जारी रही. रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, बैंक ऋण वृद्धि जून, 2024 के 15 प्रतिशत से घटकर जून, 2025 में 9.9 प्रतिशत रह गई. केंद्रीय बैंक ने कहा कि नीतिगत दरों में ढील के साथ 9 प्रतिशत से कम ब्याज दर वाले ऋणों का हिस्सा जून, 2025 में बढ़कर 54.1 प्रतिशत हो गया. बीते वर्ष 43.2 प्रतिशत था. रिपोर्ट के अनुसार, कुल ऋण में उद्योगों की हिस्सेदारी 2025-26 की पहली तिमाही में मामूली रूप से घटकर 23.3 प्रतिशत रह गई, जो एक वर्ष पहले 23.8% थी.

### अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के टैरिफ के बीच आया ओएनजीसी का बड़ा बयान

# रूस से भारत तेल खरीदता रहेगा

एजेंसी । नयी दिल्ली




अमेरिका ने भारत पर पहले लगाए गए 25 परसेंट के बेसलाइन टैरिफ को बढ़ाकर अब 50 परसेंट कर दिया है. यह एक्स्ट्रा 25 परसेंट रूस से तेल की खरीद को लेकर पेनाल्टी के तौर पर लगाया गया है. हालांकि, इन सबके बीच सरकारी कंपनी ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन (ओएनजीसी) ने शुक्रवार को कहा कि वह रूस से तब तक तेल खरीदना जारी रखेगी, जब तक कि उन्हें ऐसा करना कमर्शियली सही लगता है. ओएनजीसी के चेयरमैन अरुण कुमार सिंह कहते हैं, अभी तक रूसी तेल पर कोई प्रतिबंध नहीं है. जब तक सरकार कोई अन्य निर्णय नहीं लेती, हम खरीदना जारी रखेंगे. कंपनी ने यह भी कहा कि यदि ओएनजीसी को सही कीमत पर ऊर्जा परिसंपत्तियां मिलती हैं, तो वह विदेशों में भी उनका अधिग्रहण करने पर विचार करेगी.

**ओएनजीसी के चल रहे हैं 21 प्रोजेक्ट:** कंपनी की दो यूनिट- हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन (एचपीसीएल) और मैंगलोर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स अपनी रिफाइनरियों के लिए नियमित रूप से रूस से तेल खरीदती हैं. इस बीच, कंपनी चालू वित्त वर्ष में अपने घरेलू उत्पादन को भी बढ़ाने की योजना बना रही है. मौजूदा समय में इसकी 21 परियोजनाएं चल रही हैं, जिसकी अनुमानित लागत लगभग 66,000 करोड़ रुपये है. इनमें से नौ डेवलपमेंट प्रोजेक्ट हैं और बाकी इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े हुए प्रोजेक्ट्स हैं.

**कंपनी को है निवेश के मौके की तलाश:** ओएनजीसी विदेश के मैनेजिंग डायरेक्टर राजर्षि गुप्ता ने भी पहले कहा था कि कंपनी अमेरिका में एलएनजी और अपस्ट्रीम परिसंपत्तियों में निवेश करने पर विचार कर रही है. उन्होंने आगे कहा कि कंपनी लैटिन अमेरिका, अफ्रीका और पश्चिम एशिया सहित कई दूसरे देशों में और अधिक ग्रीनफील्ड और ब्राउनफील्ड परिसंपत्तियों की तलाश कर रही है. उन्होंने लैटिन अमेरिका और अफ्रीका का नाम लेते हुए कहा, ₹हम अमेरिका में उपयुक्त परिसंपत्तियों की तलाश कर रहे हैं. रूस में हमारे तीन प्रोजेक्ट्स हैं, लेकिन हम अन्य भौगोलिक क्षेत्रों पर भी विचार कर रहे हैं.₹ उन्होंने कहा कि खनिजों से समृद्ध होने के कारण इन देशों में अपार संभावनाएँ हैं. उन्हें इस बात की उम्मीद है कि निकट भविष्य में कच्चे तेल की कीमतें लगभग 60 डॉलर प्रति बैरल के दायरे में रहेंगी.

**यूक्रेन से जंग के बढ़ा रूस से बढ़ा आयात :** बता दें कि भारत और चीन ये दोनों देश रूस से तेल के सबसे बड़े खरीदार हैं. रूस और यूक्रेन में जंग छिड़ने के बाद से भारत ने रूस से कच्चे तेल के आयात को और बढ़ा दिया है. वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, जहां साल 2018 में भारत के कुल तेल आयात का लगभग 1.3 परसेंट रूस से आया. वहीं, वित्त वर्ष 2024-25 में यह बढ़कर लगभग 35 परसेंट हो गया.

## एलआईसी ने सरकार को दिया 7324 करोड़ रुपये का डिविडेंड

**नयी दिल्ली।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने कारोबारी साल 2024-25 के लिए भारत सरकार को 7,324.34 करोड़ का डिविडेंड चेक दिया. एलआईसी के सीईओ और मैनेजिंग डायरेक्टर आर दोरईस्वामी ने केंद्रीय वित्त मंत्री और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण को यह चेक सौंपा. 26 अगस्त को हुई एलआईसी की वार्षिक आम बैठक के दौरान कंपनी के शेयरहोल्डर्स को इसे मंजूरी दी थी. इस मौके पर वित्तीय सेवा विभाग के सचिव नागराजू एम. और संयुक्त सचिव प्रशांत कुमार गोयल सहित वित्त मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे. वहीं, एलआईसी की तरफ से मैनेजिंग डायरेक्टर सतपाल भानु, दिनेश पंत, रत्नाकर पटनायक और नॉदर्न जोन के जोनल मैनेजर (इनचार्ज) जे.पी.एस. बजाज मौजूद रहे. बता दें कि एलआईसी में सरकार की हिस्सेदारी 96 परसेंट है. सरकार के पास इसके 6,103,622,781 (610 करोड़) शेयर हैं.

### ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा

# निर्यातकों को 2500 करोड़ रुपये आवंटित करने पर विचार हो

- पिछले वर्षों में केवल 250 करोड़ रुपये के मामूली बजट के साथ, यह योजना 440 अरब डॉलर से अधिक की निर्यात अर्थव्यवस्था के लिए पहले से ही बहुत छोटी थी.
- निर्यातकों की मदद करने वाले एमएआई को वित्त वर्ष 2025 में कोई धनराशि नहीं मिली है, जो दशकों में पहली ऐसी चूक है.

एजेंसी । नयी दिल्ली



सरकार को बाजार पहुंच पहल (एमएआई) के तहत वैश्विक प्रदर्शनियों में भाग लेने के लिए निर्यातकों को 2,500 करोड़ रुपये आवंटित करने पर विचार करना चाहिए. एमएआई को इस वित्त वर्ष में कोई धनराशि नहीं मिली है. आर्थिक थिंक टैंक जीटीआरआई ने निर्यात संवर्धन निधि में गिरावट पर चिंता व्यक्त करते हुए यह बात कही है. जीटीआरआई ने कहा कि निर्यातकों ने अप्रैल से अगस्त के बीच वैश्विक प्रदर्शनियों में भाग लेने के महत्वपूर्ण अवसर गंवा दिए हैं. ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा, पिछले वर्षों में केवल 250 करोड़ रुपये के मामूली बजट के साथ, यह योजना 440 अरब डॉलर से अधिक की निर्यात अर्थव्यवस्था के लिए पहले से ही बहुत छोटी थी. इसे सालाना 2,500 करोड़ रुपये के बड़े बजट के साथ फिर से शुरू किया जाना चाहिए. इसमें कम से कम एक साल पहले धनराशि जारी की जानी चाहिए ताकि भारतीय फर्मों को वैश्विक मेलों में उच्च-दृश्यता वाले स्लॉट सुरक्षित करने का मौका मिल सके. उन्होंने अमेरिका द्वारा भारतीय वस्तुओं पर लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ के बीच निर्यात को बढ़ावा देने के लिए ब्याज समानीकरण योजना (आईईएस) को फिर से शुरू करने, निर्यात संवर्धन मिशन (ईपीएम) को तुरंत लागू करने और ई-कॉमर्स निर्यात केंद्रों की स्थापना का भी आह्वान किया.

इसके अलावा, श्रीवास्तव ने सीमा शुल्क निकासी में तेजी लाने, निर्यातित उत्पादों पर शुल्कों और करों की छूट योजना के लाभों को पूर्वानुमानित बनाने और अग्रिम प्राधिकरण योजना को सरल बनाने की सिफारिश की. उन्होंने कहा, विदेशी प्रदर्शनियों में भाग लेने में निर्यातकों की मदद करने वाले एमएआई को वित्त वर्ष 2025 में कोई धनराशि नहीं मिली है, जो दशकों में पहली ऐसी चूक है. नतीजतन, निर्यातकों ने अप्रैल और अगस्त के बीच महत्वपूर्ण अवसरों को गंवा दिया, और अगर बाद में धनराशि जारी भी की जाती है, तो 1-2 साल पहले बुक किए गए प्रमुख प्रदर्शनी स्थल अब उपलब्ध नहीं होंगे. उन्होंने कहा कि अप्रैल 2025 से ब्याज समतुल्यीकरण योजना (आईईएस) के निलंबन से एमएसएमई निर्यातकों को उच्च वित्तपोषण लागत से जूझना पड़ रहा है, जबकि पहले इस योजना के तहत उन्हें 5-7 प्रतिशत कम ब्याज दर मिलती थी. उन्होंने कहा, ₹इससे कपड़ा, चमड़ा, हस्तशिल्प और इंजीनियरिंग सामान जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों की प्रतिस्पर्धा करने की क्षमता खत्म हो गई है.₹ उन्होंने कहा कि लागत लाभ को बहाल करने और पूर्वानुमान सुनिश्चित करने के लिए, सभी निर्यातों को कवर करने के लिए आईईएस को बहाल किया जाना चाहिए और इसका विस्तारित वार्षिक बजट 15,000 करोड़ रुपये और पांच साल की प्रतिबद्धता होनी चाहिए.

## पेज एक का शेष

## जलवायु परिवर्तन से लड़ने का सूत्र करम...

आधुनिक जलवायु नीति यदि इन पारंपरिक तौर-तरीकों को अपनाए, तो ज्यादा टिकाऊ और समावेशी समाधान संभव होंगे. महिला नेतृत्व और पीढ़ियों का संवादः महिलाएं करम पर्व में अनाज अंकुरित करने, पूजा की तैयारी और बच्चों को लोककथाएँ सुनाने में केंद्रीय भूमिका निभाती हैं. यह इको-फेमिनिज़्म का जीवंत रूप है, जहां महिलाएं जीवन और प्रकृति को जोड़ने वाली सेतु बनती हैं. नैतिकता, आशा और सहयोग का संदेशः जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न निराशा और पलायन की स्थितियों में करम पर्व यह संदेश देता है—वन-जंगल-जमीन का सम्मान करो, तभी जीवन बचेगा. यह सामाजिक सहयोग, श्रम और सामूहिकता की शिक्षा देता है.

**राष्ट्रीय नीति और करम पर्व से सीख :** भारत वैश्विक क्लाइमिट परफॉरमेंस इंडेक्स 2023 में 8वें स्थान पर है. यह नवीकरणीय ऊर्जा, उत्सर्जन नियंत्रण और जलवायु नीति में सुधार का नतीजा है. लेकिन केवल नीतियां काफी नहीं हैं. जब तक स्थानीय समुदाय सक्रिय भागीदारी नहीं निभाएंगे, समाधान अधूरा रहेगा. करम पर्व से प्रेरणा लेकर कई कदम उठाए जा सकते हैं. इनमें पंचायतों और महिला समूहों को सामुदायिक वृक्षारोपण, बीज बैंक और जलस्रोत संरक्षण की जिम्मेदारी देना हो सकता है. आदिवासी ज्ञान पर आधारित जलवायु शिक्षा को स्कूल पाठ्यक्रम में शामिल करने की दिशा में पहल की जा सकती है. करम पर्व जैसे सामुदायिक आयोजनों को "लोक-पर्यावरण अभियान" के रूप में संस्थागत समर्थन देने की मुहिम होनी चाहिए. वनाधिकार एवं पेसा कानूनों को मज़बूती से लागू करना ताकि स्थानीय समुदाय जंगल और जल-जमीन की रक्षा कर सकें, इसे प्रोत्साहित करने की रणनीति होनी चाहिए.

**बढ़ते खतरे व निर्णायक आंकड़े :** वर्ल्ड मौसम विज्ञान संगठन की रिपोर्ट के अनुसार, 2023 में औसत वैश्विक तापमान 1.45 डिग्री (0.12C) बढ़ चुका है, और लगातार ब्रेक होते रिकॉर्ड चिंता बढ़ाते जा रहे हैं. ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में भारत 7% हिस्सेदार है, जबकि देश की जनसंख्या वैश्विक आबादी का 17% है. साल 2023 में जलवायु के असर से भारत को 141 अरब डॉलर (11.5 लाख करोड़ रु.) का सीधा आर्थिक नुकसान हुआ—जो किसानों, शहरी गरीबों, छोटे कारोबारियों और बुजुर्गों के लिए सबसे बड़ी विपदा रही. लैंसेट की "काउंटडाउन रिपोर्ट" कहती है कि हीटवेव से अकेले भारत में 181 अरब कामकाजी घंटे बर्बाद हुए. नीति आयोग के मुताबिक 60 करोड़ भारतीय पहले से ही जल संकट झेल रहे हैं. यानी संकट केवल भविष्य की आशंका नहीं, बल्कि वर्तमान की सच्चाई है. भारत की 60% आबादी अर्थात लगभग 84 करोड़ लोग वर्षा पर निर्भर कृषि से जुड़े हैं; अतः मौसम की अनिश्चितता इनकी आजीविका को सीधा प्रभावित करती है. 17 करोड़ लोग तटीय क्षेत्रों में रहते हैं, जहाँ समुद्र-स्तर वृद्धि, चक्रवात और तटीय भूखण्ड क्षरण आने वाले वर्षों में उनकी आजीविका और मकान जोखिम में डाल देंगे. 1998-2017 के दौरान, भारत का जलवायु-विपदा अनुबंधित आर्थिक नुकसान 79.5 अरब डॉलर हुआ; यदि इंतजाम न किए गए, तो 2100 तक सालाना जीडीपी का 3-10% नुकसान संभव है. सुंदरबन के 80% मैंग्रोव 2100 तक विलुप्त हो सकते हैं—यह जैव विविधता और तटीय सुरक्षा दोनों के लिए अलार्मिंग है. स्पष्ट है कि जलवायु परिवर्तन का भार सबसे अधिक गरीबों, किसानों, आदिवासियों, महिलाओं और बच्चों पर पड़ रहा है.

**करम पर्व का संदेश :** जलवायु परिवर्तन के विरुद्ध टिकाऊ लड़ाई केवल सरकारी योजनाओं, अंतरराष्ट्रीय घोषणाओं या तकनीकी समाधान-आधारित प्रयासों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए. इसका सबसे सशक्त और स्थायी जवाब सामुदायिक चेतना, परंपरा और व्यवहारिक पहल में छुपा है. आदिवासी समाज द्वारा सदियों से जीवित रखा गया कर्म पर्व इसका प्रमाण है—यह पर्व केवल प्रकृति-पूजन नहीं, बल्कि लोक आधारित, स्थानीय, पर्यावरण-संवेदी, शिक्षा एवं नीतिगत हस्तक्षेप के लिए जीवंत मॉडल है. भारत ही नहीं, दुनिया के तमाम जलवायु आंदोलनों के लिए गांव, गरीब, आदिवासी, महिला, किसान—इनकी भागीदारी और नेतृत्व वाला कर्म पर्व जैसे आयोजन अनुकरणीय हैं. धरती का सम्मान करें–तरक्की की गारंटी पाएं–यह भाव, संस्कृति और नीति दोनों के लिए आज का सर्वोत्तम मूलमंत्र है. जब तक स्थानीय समुदाय, संस्कृति, स्त्रियां और युवा प्रकृति-संग स्वस्थ संबंध नहीं बनाएंगे, किसी भी जलवायु नीति की सफलता अधूरी रहेगी.

### एशिया कप इतिहास के 10 अटूट रिकॉर्ड

# अमर हैं विराट और रोहित शर्मा के ये कीर्तिमान

एजेंसियां। नयी दिल्ली

एशिया कप 2025 की शुरुआत 9 सितंबर से होनी है. यह एशिया कप का 17वां संस्करण होगा. इससे पहले 16 संस्करण में कई ऐसे रिकॉर्ड बने हैं, जिनका टूटना अब लगभग मुश्किल है. इसमें भारतीय दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा के भी रिकॉर्ड्स हैं. इस बार रोहित और विराट एशिया कप का हिस्सा नहीं होंगे. क्योंकि इस बार एशिया कप टी20 फॉर्मेट में खेला जाएगा. दोनों ने टी20 से संन्यास ले लिया है.



**एशिया कप के 10 रिकॉर्ड जिनका टूटना है मुश्किल :** पाकिस्तान ने एक पारी में दिए सबसे ज्यादा एक्स्ट्रा रनः पाकिस्तान के नाम एक अनचाहा रिकॉर्ड है. पाकिस्तान ने एशिया कप के इतिहास में एक पारी में सबसे ज्यादा एक्स्ट्राज दिए हैं. पाकिस्तान ने साल 2000 और 2004 में एक ही पारी में 98 एक्स्ट्राज दे दिए थे.

**एशिया कप की सबसे बड़ी जीत :** भारत के पास एशिया कप के इतिहास में रनों के मामले में सबसे बड़ी जीत हासिल करने का रिकॉर्ड है. भारत ने हॉन्ग कॉन्ग को 256 रनों के बड़े अंतर से हराकर ये रिकॉर्ड बनाया था.

**रोहित शर्मा के नाम सबसे ज्यादा छक्के जड़ने का रिकॉर्ड :** रोहित ने टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे ज्यादा छक्के लगाए हैं. रोहित ने एशिया कप में 40 छक्के जड़े हैं. वहीं दूसरे नंबर पर शाहिद अफरीदी हैं. उन्होंने 26 छक्के लगाए हैं.

एशिया कप में सबसे ज्यादा मैचः रोहित शर्मा ने एशिया कप में सबसे ज्यादा मैच खेले हैं. उन्होंने वनडे और टी20 मिलाकर 37 मैच खेले हैं. दूसरे नंबर पर इस लिस्ट में एक्टिव प्लेयर में सिर्फ जडेजा हैं. लेकिन जडेजा टी20 इंटरनेशनल से संन्यास ले चुके हैं.

**लसिथ मलिंगा के नाम सबसे ज्यादा 5 विकेट हॉल :** श्रीलंका के दिग्गज तेज गेंदबाज लसिथ मलिंगा के नाम टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे ज्यादा 5 विकेट हॉल लेने का रिकॉर्ड है. मलिंगा ने ये कारनामा तीन बार किया है. वो टूर्नामेंट में दो 5 विकेट हॉल लेने वाले इकलौते खिलाड़ी हैं.

मुथैया मुरलीधरन ने लिए सबसे ज्यादा विकेटः श्रीलंका के स्पिनर मुथैया मुरलीधरन ने एशिया कप में सबसे ज्यादा 30 विकेट लिए हैं. दूसरे नंबर पर 29 विकेट के साथ अजंता मेंडिस और रवींद्र जडेजा हैं. लेकिन मेंडिस पहले ही संन्यास ले चुके हैं. वहीं जडेजा ने टी20 इंटरनेशनल से संन्यास लिया है.

**सनथ जयसूर्या के नाम एक एडिशन में सबसे ज्यादा रन :** श्रीलंका के महान बल्लेबाज सनथ जयसूर्या के नाम एशिया कप के इतिहास में एक एडिशन में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड है. जयसूर्या ने साल 2008 में 5 मैचों में 378 रन जड़े थे.

**जयसूर्या के नाम सबसे ज्यादा शतक :** जयसूर्या ने एशिया कप में सबसे ज्यादा 6 शतक लगाए हैं. दूसरे नंबर पर विराट कोहली हैं. लेकिन कोहली इस साल टी20 संन्यास लेने की वजह से एशिया कप में नहीं खेलेंगे.

**विराट कोहली ने खेली है एशिया कप की सबसे बड़ी पारी :** एशिया कप में सबसे बड़ी पारी खेलने का रिकॉर्ड कोहली के नाम है. कोहली ने साल 2012 में पाकिस्तान के खिलाफ 183 रन जड़ दिए थे.

**अजंता मेंडिस के नाम सबसे बेहतरीन स्पेल :** एशिया कप में सबसे बेहतरीन स्पेल फेंकने का रिकॉर्ड श्रीलंका के पूर्व स्पिनर अजंता मेंडिस के नाम है. मेंडिस ने साल 2008 में भारत के खिलाफ सिर्फ 13 रन देकर 6 विकेट झटक लिए थे.

# एशिया कप इतिहास में सबसे बड़ी पार्टनरशिप की लिस्ट, टॉप-10 में पांच तो भारतीयों के नाम

एजेंसियां। नयी दिल्ली



क्रिकेट मैच में पार्टनरशिप किसी भी टीम की जीत की सबसे बड़ी कुंजी मानी जाती है. जब दो बल्लेबाज क्रीज पर टिककर रन बनाते हैं, तो न केवल स्कोरबोर्ड तेजी से आगे बढ़ता है बल्कि विपक्षी टीम पर दबाव भी बढ़ जाता है. अच्छी साझेदारी मुश्किल हालात में टीम को संभाल सकती है और बड़े मैचों में जीत की नींव रखती है. एशिया कप जैसे बड़े टूर्नामेंट में भी कई ऐसी साझेदारियां हुई, जिसने टीम को जीत दिला दी. आइए जानते हैं एशिया कप की टॉप-10 सबसे बड़ी साझेदारियों के बारे में.

**एशिया कप की 10 बड़ी साझेदारियां**

**विराट कोहली और केएल राहुल** – 233 रन : एशिया कप के इतिहास में सबसे बड़ी साझेदारी का रिकॉर्ड विराट कोहली और केएल राहुल के नाम है. राहुल और कोहली ने साल 2023 में पाकिस्तान के खिलाफ तीसरे विकेट के लिए नाबाद 233 रन जोड़ दिए.

**नासिर जमशेद और मोहम्मद हफीज** – 224 रन : पाकिस्तान के नासिर जमशेद और मोहम्मद हफीज इस लिस्ट में दूसरे स्थान पर हैं. नासिर और हफीज ने साल 2012 में भारत के खिलाफ पहले विकेट के लिए 224 रन जोड़े थे.

**यूनिस खान और शोएब मलिक** – 223 रन : पाकिस्तान के यूनिस खान और शोएब मलिक इस लिस्ट में तीसरे स्थान पर हैं. यूनिस और शोएब ने साल 2004 में हांगकांग के खिलाफ तीसरे विकेट के लिए 223 रन जोड़े थे.

**इफ्तिखार अहमद और बाबर आजम** – 214 रन : पाकिस्तान के बल्लेबाज इफ्तिखार अहमद और बाबर आजम का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है. बाबर और इफ्तिखार ने साल 2023 में नेपाल के खिलाफ 5वें विकेट के लिए 214 रन जोड़े थे.

**अजिंक्य रहाणे और विराट कोहली** – 213 : भारतीय बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे और विराट कोहली पांचवें स्थान पर हैं. रहाणे और कोहली ने साल 2014 में बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे विकेट के लिए 213 रन जोड़े थे.

**रोहित शर्मा और शिखर धवन** – 210 : भारतीय बल्लेबाज रोहित शर्मा और शिखर धवन इस लिस्ट में छठे स्थान पर हैं. रोहित और धवन ने साल 2018 में पहले विकेट के लिए 210 रन जोड़े थे.

**मोइन-उल-अतीक और इजाज अहमद** – 205 रन : पाकिस्तान के बल्लेबाज मोइन-अली-अतीक और इजाज अहमद ने बांग्लादेश के खिलाफ साल 1988 में 205 रन जोड़े थे. वो लिस्ट में सातवें स्थान पर हैं.

**विराट कोहली और गौतम गंभीर** – 205 रन : भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली और गौतम गंभीर इस लिस्ट में 8वें स्थान पर हैं. कोहली और गंभीर ने श्रीलंका के खिलाफ साल 2012 में दूसरे विकेट के लिए 205 रन जोड़े थे.

### बीडब्ल्यूएफ विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप

## सात्विक- चिराग सेफा में, पदक पक्का

**नयी दिल्ली ।** पेरिस में चल रही बीडब्ल्यूएफ विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप में भारत की पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने इतिहास रच दिया है. उन्होंने शुक्रवार रात क्वार्टर फाइनल में मलेशिया की जोड़ी आरोन चिया और वूई यिक सोह को 21-12, 21-19 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली. इस जीत के साथ भारतीय जोड़ी ने कम से कम कांस्य पदक पक्का कर लिया है. यह सात्विक-चिराग का विश्व चैंपियनशिप में दूसरा पदक होगा. उन्होंने 2022 में टोक्यो में कांस्य पदक जीता था, जहां सेमीफाइनल में इन्हें इसी मलेशियाई जोड़ी ने हराया था. इस बार उन्होंने उसी हार का बदला चुकता कर दिया. इस जीत के साथ भारत की 2011 से हर विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने की परंपरा भी बरकरार रही. मैच में भारतीय जोड़ी ने शानदार शुरुआत की और पहले गेम में लंबे रैलियों का फायदा उठाते हुए 11-6 की बढ़त बनाई. इसके बाद उन्होंने पहला गेम 21-12 से अपने नाम किया. दूसरे गेम में भी भारतीय खिलाड़ियों ने आक्रामक खेल दिखाया. हालांकि मध्यांतर के बाद मलेशियाई जोड़ी ने वापसी की और स्कोर 19-19 पर बराबर कर दिया. लेकिन सात्विक और चिराग ने धैर्य रखते हुए अंतिम दो अंक जीतकर मुकाबला अपने नाम किया. यह भारतीय जोड़ी की चिया-सोह पर 15 मुकाबलों में चौथी जीत है.

### नीतीश राणा ने जड़ दिए 15 छक्के, सिर्फ 42 गेंदों पर बनाया शतक

# बीच मैदान में हो गई मारपीट

एजेंसियां। नयी दिल्ली

दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) 2025 के एलिमिनेटर मुकाबले में वेस्ट दिल्ली लायंस के कप्तान नीतीश राणा का बल्ला जमकर गरजा. उन्होंने साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज के खिलाफ महज 42 गेंदों में शतक ठोक दिया और अपनी टीम को क्वालिफायर-2 में पहुंचा दिया. इस दौरान उन्होंने गेंदबाजों की जमकर धुनाई की और 15 छक्कों व 8 चौकों की मदद से नाबाद 134 रन (55 गेंद) बनाए. राणा की तूफानी पारी के बीच मैदान पर गर्मी का दूसरा नजारा भी देखने को मिला. उनका साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज स्पिनर दिग्वेश राठी से झगड़ा हो गया, जो धीरे-धीरे मारपीट की नौबत तक पहुंच गया. यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है.

**पहले बल्लेबाजी में साउथ दिल्ली का दम :** अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी. टीम की शुरुआत अच्छी रही. ओपनर अंकुर कौशिक (16 रन) और अनमोल शर्मा ने पहले विकेट के लिए 67 रन जोड़ दिए. अंकुर के आउट होने के बाद कुंवर बिधूड़ी 6 रन बनाकर जल्दी ही पवेलियन लौट गए. इसके बाद अनमोल शर्मा ने 39 गेंदों पर 55 रन (7 चौके, 2 छक्के) की शानदार पारी खेली. फिर कप्तान तेजस्वी दहिया (60 रन, 33 गेंद, 2 चौके, 6 छक्के) और सुमित माथुर (नाबाद 48 रन, 26 गेंद, 5 चौके, 2 छक्के) ने मिलकर पारी को आगे बढ़ाया. इनकी बल्लेबाजी की बदौलत साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज ने 20 ओवर में 201/5 का मजबूत स्कोर खड़ा किया. गेंदबाजी में वेस्ट दिल्ली की ओर से ऋतिक शौकिन ने 2 विकेट, जबकि शुभम दुबे, शिवांक वशिष्ठ और अनिरुद्ध चौधरी ने एक-एक विकेट लिया.

**राणा ने बनाया मैच एकतरफा :** 202 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्ट दिल्ली लायंस ने शुरुआत से ही आक्रामक बैटिंग की. कप्तान नीतीश राणा का बल्ला जैसे आग उगल रहा था. उन्होंने हर गेंदबाज की जमकर खबर ली और सिर्फ 42 गेंदों में अपना शतक पूरा किया. राणा ने पारी के अंत तक नाबाद 134 रन (55 गेंद, 8 चौके, 15 छक्के) ठोक दिए. उनके अलावा विकेटकीपर क्रिस यादव ने 31 रन (22 गेंद, 1 चौका, 3 छक्के) और मयंक गोसाईं ने नाबाद 15 रन बनाए. वेस्ट दिल्ली की टीम ने यह मैच 17 गेंद शेष रहते 7 विकेट से अपने नाम कर लिया.



### जब मैदान पर मारपीट पर उतर गए राणा और राठी

मैच का सबसे विवादित पल वेस्ट दिल्ली की पारी के दौरान आया. नीतीश राणा लगातार छक्के बरसा रहे थे और दिग्वेश राठी के एक ओवर में उन्होंने तीन छक्के भी जड़ दिए. इससे राठी बौखला गए. अगली गेंद डालते वक्त राणा क्रीज से पीछे हटे और दोनों में बहस शुरू हो गई. कुछ देर तक मैदान पर तू-तू, मैं-मैं चलती रही. राणा ने तो गुस्से में बल्ला तक उठा लिया. मामला बिगड़ने ही वाला था कि अंपायर और खिलाड़ियों ने बीचबचाव कर स्थिति को संभाला. गेंदबाजी में राठी का प्रदर्शन बेहद खराब रहा और बहुत ही मंहगे साबित हुए. उन्होंने सिर्फ 2 ओवर में 39 रन लुटा दिए और फिर उन्हें दुबारा गेंदबाजी करने का मौका नहीं मिला.



## जाओ फेलिक्स ने किया शानदार डेब्यू, हैट्रिक के साथ अल नास्र को जिताया

**नयी दिल्ली ।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो की टीम अल नास्र ने सऊदी प्रो लीग के नए सीज़न की शुरुआत धमाकेदार अंदाज़ में की. शुक्रवार को बुरैदा के किंग अब्दुल्ला स्पोर्ट्स सिटी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में अल नास्र ने अल तावोन को 5-0 से मात दी. इस मैच में टीम के नए सितारे जाओ फेलिक्स छा गए और अपने लीग डेब्यू पर शानदार हैट्रिक दाग दी. अल नास्र ने नए मैनेजर जॉर्ज जीसस की देखरेख में बदली हुई आक्रमण पंक्ति के साथ मैदान संभाला. रोनाल्डो और सादियो माने के साथ नए साइन किए गए खिलाड़ी जाओ फेलिक्स और किंग्सले कोमन भी मैदान पर उतरे. शुरुआत से ही डेब्यू खिलाड़ियों ने खेल पर अपना रंग जमाया. मैच का पहला गोल सातवें मिनट में फेलिक्स ने अपने बाएँ पैर से खूबसूरत शॉट के जरिए किया. इसके बाद अल नास्र की बढ़त दोगुनी हो गई जब रोनाल्डो ने पेनल्टी स्पॉट से गोल दागा. यह पेनल्टी वलीद अल-अहमद के हैंडबॉल के चलते मिली थी. ठीक एक मिनट बाद कोमन ने शानदार हेडर से तीसरा गोल कर स्कोर 3-0 कर दिया.

# सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में फिटनेस टेस्ट कराएंगे रोहित सहित छह खिलाड़ी



- विराट कोहली को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं

एजेंसियां। नयी दिल्ली

स्टार क्रिकेटर रोहित शर्मा, शुभमन गिल, जसप्रीत बुमराह, वाशिंगटन सुंदर, यशस्वी जायसवाल, मोहम्मद सिराज और शार्दुल ठाकुर बंगलूरू स्थित भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में सीजन से पहले फिटनेस टेस्ट कराएंगे. मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, नया सीजन शुरू होने से पहले इन खिलाड़ियों का डेक्सा स्कैन होगा जो हड्डियों को परीक्षण के लिए उपयोग किया जाता है. इसके अलावा कुछ रक्त परीक्षण में कराए जाएंगे. इस रिपोर्ट के अनुसार, विराट कोहली को लेकर स्थिति अभी स्पष्ट नहीं है. बीसीसीआई के एक अधिकारी ने इस रिपोर्ट के हवाले से कहा, सभी खिलाड़ियों को प्री-सीजन फिटनेस टेस्ट से गुजरना होगा। यह अनुबंध के अनुसार अनिवार्य है. ये टेस्ट सीओई को यह समझने में मदद करते हैं कि खिलाड़ियों को किन क्षेत्रों में काम करना है या उनमें कहां कमी है. इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के बाद ब्रेक था इसलिए खिलाड़ी घर में ही व्यायाम कर रहे थे. रोहित और कोहली के भविष्य को लेकर कई तरह की अटकलें चल रही हैं. इन दोनों ने टी20 अंतरराष्ट्रीय और टेस्ट प्रारूप को अलविदा कह दिया है और अब इनके वनडे भविष्य को लेकर भी चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है क्योंकि वनडे प्रारूप का बड़ा इवेंट 2027 विश्व कप है जिसमें अभी समय है.

### ब्रोंको टेस्ट क्या है?

यह टेस्ट रग्बी से लिया गया है और खिलाड़ियों की एरोबिक क्षमता और रनिंग स्टैमिना को जांचने के लिए बनाया गया है. इसमें खिलाड़ी को एक सेट में 20 मीटर, 40 मीटर और 60 मीटर की शटल रन पूरी करनी होती है. कुल पांच सेट (1200 मीटर) लगातार यानी बिना रुके पूरे करने होते हैं और इसके लिए अधिकतम समय छह मिनट तय है. यह टेस्ट पहले से मौजूद यो-यो टेस्ट और दो किलोमीटर टाइम-ट्रायल के साथ मिलकर खिलाड़ियों की फिटनेस का मूल्यांकन करेगा.

# श्रीलंका ने एशिया कप के लिए टीम घोषित

एजेंसियां। कोलंबो

श्रीलंका ने अगले महीने होने वाले एशिया कप के लिए गुरुवार को 16 सदस्यीय टीम घोषित कर दी है. एशिया कप का आयोजन संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में नौ सितंबर से होना है. श्रीलंका ने इस बहु-राष्ट्रीय टूर्नामेंट के लिए लेग स्पिनर वानिंदु हसरंगा को मौका दिया है. दिलचस्प बात यह है कि हसरंगा एशिया कप से ठईक पहले होने वाले जिम्बाब्वे दौरे के लिए श्रीलंकाई टीम का हिस्सा नहीं हैं. जिम्बाब्वे दौरा शुक्रवार को हरारे में पहले वनडे मैच से शुरू होगा. इस दौरे में श्रीलंका एक और वनडे तथा तीन टी20 मैच खेलेगा। बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू सीरीज के दौरान हसरंगा की हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आ गया था। श्रीलंका ने उनके अलावा एशिया कप की टीम में दो युवा बल्लेबाजों कामिल मिशारा और नुवानिदु फर्नांडो को भी शामिल किया है. श्रीलंका को एशिया कप में अफगानिस्तान, बांग्लादेश और हांगकांग के साथ ग्रुप बी में रखा गया है. सुपर फोर चरण से पहले श्रीलंका का सामना 13 सितम्बर को बांग्लादेश से, 15 सितम्बर को हांगकांग से और 18 सितम्बर को अफगानिस्तान से होगा.



**श्रीलंकाई टीम इस प्रकार है :** चरिथ असलांका (कप्तान), पथुम निसांका, कुसल मेंडिस (विकेटकीपर), कुसल परेरा (विकेटकीपर), नुवानिदु फर्नांडो, कामिंडु मेंडिस, कामिल मिशारा, दासुन शनाका, वानिंदु हसरंगा, डुनिथ वेलालेज, चमिका करुणारत्ने, महीश थीक्षाना, दुशमंथा चमीरा, बिनुरा फर्नांडो, नुवान तुषारा, मथीशा पथिराना.

# कोहली और रोहित के वनडे भविष्य को लेकर इरफान पठान ने रखी राय

एजेंसियां। नयी दिल्ली

रोहित शर्मा और विराट कोहली टी20 अंतरराष्ट्रीय और टेस्ट प्रारूप को भले ही अलविदा कह चुके हैं, लेकिन ये दोनों फिलहाल वनडे में खेलते हैं. प्रशंसकों को रोहित-कोहली के मैदान पर उतरने का बेसब्री से इंतजार है और माना जा रहा है कि ये दोनों दिग्गज बल्लेबाज अक्तूबर में होने वाले ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाएंगे. रोहित और कोहली के वनडे भविष्य को लेकर भी कई तरह की बातें की जा रही हैं और अब इसे लेकर पूर्व भारतीय ऑलराउंडर इरफान पठान ने भी राय रखी है.

**रो-को के वनडे विश्व कप 2027 में हिस्सा लेने की चर्चा अधिक :** इस बात पर अधिक चर्चा है कि रोहित और कोहली 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप में खेल पाएंगे या नहीं. इरफान ने कहा कि इन दोनों के लिए सबसे बड़ी चुनौती नियमित रूप से खेलने के लिए समय निकालना होगा. उन्होंने सुझाव दिया कि यदि दोनों इतने लंबे समय तक टिके रह सकते हैं, तो कोई कारण नहीं है कि वे विश्व कप में नहीं खेल सकें. इरफान ने कहा, कोहली और रोहित के लिए एकमात्र चुनौती नियमित क्रिकेट खेलना होगी. बाकी सब तो शानदार हैं. इन पेशेवर क्रिकेटरों की बात करें, जिनका फिलहाल सिर्फ क्रिकेट खेलने पर ही ध्यान है, तो उनके लिए सबसे बड़ी चुनौती नियमित रूप से खेलना और फिट रहना होगा. खेल का समय जारी रखना आसान काम नहीं होगा. टी20 का बोलबाला हो गया है और वनडे पीछे छूट गया है, इसलिए दोनों में मैचों की संख्या बदल गई है. अगर खेल के समय की निरंतरता बनी रही तो 2027 का विश्व कप कोई चुनौती नहीं होगा। दुर्भाग्य से उन दोनों पर दबाव जरूर होगा. इरफान ने कहा कि रोहित और कोहली दोनों अपनी फिटनेस को बनाए रखने के लिए उत्सुक हैं. उन्होंने कहा, रोहित शर्मा से मैंने बात की है और वह फिटनेस को लेकर बहुत उत्सुक हैं. मुझे यकीन है कि कोहली भी बहुत उत्सुक होंगे.



### ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद वनडे प्रारूप छोड़ेंगे रोहित-कोहली

ऐसी खबरें आ रही हैं कि कोहली और रोहित का ऑस्ट्रेलिया दौरे आखिरी होगा, क्योंकि मुख्य कोच गौतम गंभीर और मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर दोनों ही उनके वनडे भविष्य पर फैसला ले सकते हैं. हालांकि, इरफान ने उम्मीद जताई कि दोनों ऑस्ट्रेलिया सीरीज के बाद भी खेलना जारी रखेंगे. इरफान ने कहा, मैं सचमुच सोचता हूं कि ऐसा ही होना चाहिए और मुझे आशा है कि संवाद बहुत स्पष्ट रहा होगा. गंभीर और अगरकर को जानते हुए मुझे लगता है कि उन्होंने बातचीत के मामले में इसे बहुत स्पष्ट कर दिया है. जैसा कि मैंने कहा कि नियमित रूप से खेलने का समय मिलने से सभी प्रकार की चुनौतियां दूर रहेंगी. अगर आप 2027 की बात कर रहे हैं, तो वह चुनौती वहां होगी क्योंकि वे वर्तमान में भारत के लिए नहीं खेल रहे हैं. मान लीजिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों और आईपीएल के बाद अगर एक बड़ा अंतराल होता है, तो निरंतरता टूट जाएगी.

### दरियादिली | जॉन सीना ने अचानक से छोटे बच्चे से क्यों मांगी माफी

# फैंस हो गए हैरान, बाद में होने लगी अचानक सराहना

एजेंसियां। पेरिस

पेरिस में 29 अगस्त को हुए डब्ल्यूडब्ल्यूई स्मैकडाउन के एपिसोड में सुपरस्टार जॉन सीना ने एक युवा फैन से अपनी पिछली गलती के लिए माफी मांगी. यह घटना तुरंत सुर्खियां बन गई क्योंकि सीना ने चार महीने पहले इसी बच्चे को सार्वजनिक रूप से डांटा था. उस वक्त भी इस मामले को लेकर काफी बवाल हुआ था, लेकिन अब यह मामला फिर से सामने आया है.



**माफी मांगने की वजह :** दरअसल, एलिमिनेशन चैंबर 2025 के बाद से ही जॉन सीना एक विलेन की भूमिका में नजर आ रहे थे. वह लगभग हर शो में दर्शकों पर गुस्सा निकालते थे. इसी दौरान ब्रसेल्स में हुए एक मंडे नाइट रॉ के एपिसोड में उन्होंने एक बच्चे को निशाना बनाते हुए कहा था कि 25 सालों से मैं एक बुरे रिश्ते का शिकार रहा हूं... हर कोई जिसमें वह बच्चा भी शामिल है, एक जहरीला और बेकार रिश्ता है. यह बात सुनकर बच्चा और उसके परिवार को काफी बुरा लगा था, और यह घटना सोशल मीडिया पर भी खूब चर्चित हुई थी.

**सीना ने सुधारी अपनी गलती :** लगभग चार महीने बाद वही बच्चा स्मैकडाउन के पेरिस शो में आया. लोगान पॉल के साथ बातचीत के दौरान सीना अचानक रिंग से बाहर गए और सीधे उस बच्चे के पास जाकर उससे माफी मांगी. फैंस ने सीना के इस कदम की सराहना की. सीना का यह व्यवहार दिखाता है कि वह अपनी गलती को सुधारने और एक बेहतर इंसान बनने में विश्वास रखते हैं.

**क्लैश इन पेरिस में नजर आएंगे सीना :** जॉन सीना अब 31 अगस्त को होने वाले क्लैश एट द कैसल इवेंट में लोगान पॉल का सामना करेंगे. यह मुकाबला भारतीय समयानुसार रात 11:30 बजे शुरू होगा. यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या सीना इस मैच में अपने विलेन वाले किरदार को जारी रखते हैं या एक बार फिर अपने पुराने हीरो वाले रूप में वापस आते हैं. उम्मीद है कि लोगान पॉल के साथ यह कहानी खत्म होने के बाद सीना का मुकाबला ब्रॉक लेसनर से होगा.

# पोलार्ड का जलवा, टी20 क्रिकेट में बने 14 हजारी

एजेंसियां। तरौबा

वेस्टइंडीज के विस्फोटक ऑलराउंडर कीरोन पोलार्ड इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं. वह आईपीएल में भी नहीं खेलते हैं. इसके बाद भी दुनिया भर की अन्य टी20 लीग में पोलार्ड के बल्ले का दम देखने को मिलता है. अभी वह अपनी घरेलू कैरेबियन प्रीमियर लीग में खेल रहे हैं. 38 साल के पोलार्ड त्रिनबागो नाइट राइडर्स का हिस्सा हैं. बारबाडोस रॉयल्स के खिलाफ ब्रायन लारा स्टेडियम पर पोलार्ड के बल्ले से 9 गेंदों पर 19 रनों की नाबाद पारी निकली. इस पारी के बाद उन्होंने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है.कीरोन पोलार्ड ने टी20 क्रिकेट में अपने 14 हजार रन पूरे कर लिए हैं. अभी तक उन्होंने 711 मैचों की 632 पारियों में बैटिंग की है. वह सबसे ज्यादा टी20 मैच खेलने वाले खिलाड़ी भी हैं। पोलार्ड के नाम करीब 32 की औसत और 151 की स्ट्राइक रेट से 14000 रन हैं. इस दौरान उन्होंने एक शतक और 64 फिफ्टी ठोकी है. पोलार्ड टी20 में 14 हजार रन बनाने वाले सिर्फ दूसरे बल्लेबाज हैं. उनसे पहले सिर्फ वेस्टइंडीज के ही क्रिस गेल ने यह कारनामा किया था.

**टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज**

| खिलाड़ी | देश | मैच | रन |
|---|---|---|---|
| क्रिस गेल | वेस्टइंडीज | 463 | 14,562 |
| कीरोन पोलार्ड | वेस्टइंडीज | 712 | 14,000 |
| एलेक्स हेल्स | इंग्लैंड | 507 | 13,931 |
| डेविड वॉर्नर | ऑस्ट्रेलिया | 424 | 13,595 |
| शोएब मलिक | पाकिस्तान | 557 | 13,571 |

**टेबल में टॉप पर नाइट राइडर्स :** इस मुकाबले को त्रिनबागो नाइट राइडर्स ने 7 विकेट से अपने नाम किया। पहले खेलते हुए रोवमैन पॉवेल की कप्तानी वाली रॉयल्स ने 6 विकेट पर 178 रन बनाए. शेरफन रदरफोर्ड के बल्ले से सबसे ज्यादा 22 गेंद पर 45 रन निकले। कप्तान पॉवेल ने भी 15 गेंद पर 31 रन ठोके. आंद्रे रसेल ने 3 विकेट झटके. 13 गेंद रहते नाइट राइडर्स ने मैच को 7 विकेट से अपने नाम कर लिया. कॉलिन मुनरो ने सबसे ज्यादा 66 रन बनाए. कप्तान निकोलस पूरन ने नाबाद 65 रन बनाए.



## ब्रीफ न्यूज

### बीबीएम टीचर ट्रेनिंग कॉलेज तोपचांची में एलुमनी मीट आयोजित

गोमो। तोपचांची के साहू बहियार स्थित विनोद बिहारी मेमोरियल टीचर ट्रेनिंग कॉलेज में शनिवार को पासआउट छात्र-छात्राओं के लिए एलुमनी मीट का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, जिला वन पदाधिकारी विकास पालीवाल, कोलंचल यूनिवर्सिटी धनबाद के उपसभापति डॉ. राम सिंह, राजगंज कॉलेज के पूर्व अध्यापक आर. पी. मिश्रा और टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. इस अवसर पर मुख्य अतिथि एसएसपी प्रभात कुमार ने कहा कि मानव जीवन में गुरु का स्थान सर्वोपरि है. गुरु से ही ज्ञान प्राप्त होता है. शिक्षक केवल नौकरी नहीं करते बल्कि नई पीढ़ी का भविष्य गढ़ते हैं. आज अनेक छात्र-छात्राएं अपने गुरुओं की शिक्षा के बल पर उच्च पदों पर आसीन हैं.

### गणेश पूजा के तीसरे दिन भव्य आयोजन

**लोयाबाद।** लोयाबाद संकटमोचन मंदिर स्थित गणेश पूजा महोत्सव के तीसरे दिन पूजा पंडाल में भव्य आयोजन हुआ. इस अवसर पर धनबाद सांसद ढुलू महतो, कांग्रेस जिला महासचिव राम-रहीम राजकुमार महतो, जिप सदस्य इसराफिल लाला और पूर्व मुखिया मोहम्मद आजाद विशेष रूप से उपस्थित हुए. सभी अतिथियों ने गणेश प्रतिमा पर मत्था टेका और पूजा-अर्चना की. गणेश पूजा समिति की ओर से आए सभी अतिथियों का स्वागत पगड़ी बांधकर किया गया. इस मौके पर सांसद ढुलू महतो ने आयोजकों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान गणपति जिले के लोगों को सुख, समृद्धि और स्वास्थ्य प्रदान करें. वहीं, राम-रहीम ने कहा कि धार्मिक आयोजनों से समाज में नई ऊर्जा और सकारात्मक माहौल का संचार होता है. उन्होंने आशा व्यक्त की

# ई एन डी= इंड का मतलब एफर्ट नेवर डाई : डॉ मोहंती

शुभम संदेश।रामगढ़



डिवाइन ओंकार मिशन और राधा गोविंद इंटर कॉलेज में शनिवार को खुशी क्लास का आयोजन किया गया. यह आयोजन लाइफ केयर हॉस्पिटल, रांची और खुशी मिशन के सहयोग से हुआ. डिवाइन ओंकार मिशन में आयोजित खुशी क्लास की अध्यक्षता और संचालन राजेश नेगी ने किया, जबकि राधा गोविंद इंटर कॉलेज में अध्यक्षता डॉ. सुजीत कुमार मोहंती और संचालन प्रो. शोभा पांडे ने किया. धन्यवाद ज्ञापन प्रो. सरिता कुमारी और विषय प्रवेश प्रो. अंकित कुमार ने कराया.
खुशी क्लास में डॉ. मोहंती ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि 'ईएनडी (इंड)' का सामान्य अर्थ होता है समाप्ति, लेकिन यदि इसे सकारात्मक रूप में देखा जाए, तो इसका अर्थ बनता है: ई फॉर एफर्ट, एन फॉर नेवर और डी फॉर डाइस, अर्थात, 'प्रयास कभी नहीं मरता'. उन्होंने कहा कि मंजिल उन्हीं को मिलती है, जिनके प्रयास में सकारात्मकता, समर्पण और धैर्य होता है.
प्रो. डॉ. संजय प्रसाद सिंह ने कहा कि जो लोग खुशी की ताकत को समझ लेते हैं, वे तनाव से दूर रहते हैं और जीवन को जिंदादिली से जीते हैं. उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे तनावमुक्त होकर अध्ययन करें और अपनी मंजिल को प्राप्त करें.
खुशी क्लास के संस्थापक और संचालक मुकेश सिंह चौहान ने छात्रों को करियर के अलावा संपूर्ण व्यक्तित्व विकास पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी. उनका कहना था कि सकारात्मकता से ही खुशी का जन्म होता है और खुश रहते हुए ही हम अपनी मंजिल पा सकते हैं. उन्होंने बताया कि मुस्कान एक शक्तिशाली हथियार है, जो हमारे व्यक्तित्व को निखारती है.
चौहान ने छात्रों से कहा कि अगर आप खुश होकर किसी प्रश्न को हल करने की कोशिश करेंगे, तो 99 प्रतिशत उसे हल कर ही लेंगे और अगर एक प्रतिशत नहीं भी कर पाए, तो रास्ता जरूर मिल जाएगा. अंत में, छात्रों ने संकल्प लिया कि वे जीवन में सकारात्मकता और खुशी के साथ आगे बढ़ेंगे और विपरीत परिस्थितियों का सामना सकारात्मक भाव से करेंगे, साथ ही, वे यह संदेश अपने घर और समाज तक पहुंचाएंगे.

## जिला समन्वयक समिति की बैठक में उपायुक्त ऋतुराज ने कहा

# सभी विभागों को समन्वय स्थापित कर विकास कार्यों को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया

शुभम संदेश।कोडरमा



समाहरणालय सभागार में उपायुक्त श्री ऋतुराज की अध्यक्षता में जिला समन्वयक समिति की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई. बैठक में उपायुक्त ने पूर्व बैठक के निर्णयों पर कार्रवाई की समीक्षा करते हुए वन प्रमंडल, भू-अर्जन, राजस्व, योजना, भवन निर्माण, खेल, आपूर्ति, समाज कल्याण, पशुपालन सहित विभिन्न विभागों की विकास योजनाओं की प्रगति की विस्तृत चर्चा की.
वन विभाग से डोमचांच सपही-फगुनी पथ के चौड़ीकरण, प्रतिबंधित भूमि, वृक्ष पातन, मुआवजा और नर्सरी में विद्युत कनेक्शन से संबंधित कार्यों की समीक्षा की गई. सभी अंचल अधिकारियों को सूखे पेड़ों की सूची तथा जंगली जानवरों से हुए नुकसान के प्रतिवेदन समय पर प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया. भू-अर्जन विभाग के तहत महतो आहार-रामपुर बासरिया पथ, तिलैया-बगडो पथ सहित अन्य सड़कों की प्रगति की भी समीक्षा की गई.
जिला योजना विभाग के विवाह भवन निर्माण और पॉलीटेक्निक कॉलेज निर्माण में आ रहे अवरोध दूर करने के निर्देश दिए गए. आपूर्ति विभाग के गोदामों के जीर्णोद्धार का कार्य एक माह में पूर्ण करने को कहा गया. समाज कल्याण विभाग से आंगनबाड़ी केंद्रों में शौचालय निर्माण, पेयजल व्यवस्था, विद्युत कनेक्शन एवं जर्जर केंद्रों की मरम्मत की जानकारी ली गई.
इसके अलावा झुमरी तिलैया में यातायात सुगमता हेतु अनुपयोगी बिजली पोल हटाने, बागीटोड़ स्टेडियम की दीवार मरम्मत एवं फुलवरिया गाँव में पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए. बैठक में सभी विभागीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे और उपायुक्त ने सभी से बेहतर समन्वय और तेजी से कार्यान्वयन का आग्रह किया.

### अनुबंध सेवा समाप्ति के बाद भी थानों में जमे सहायक पुलिस कर्मी

**हंटरगंज (चतरा)।** चतरा पुलिस अधीक्षक सुमित अग्रवाल ने हाल ही में जिला बल के उन सहायक पुलिस कर्मियों को कार्यमुक्त करने के निर्देश दिए थे जिनकी अनुबंध सेवा अवधि 8 वर्ष पूरी हो चुकी है. जिले में कुल 252 सहायक पुलिसकर्मी हैं, जिनमें से 29 अगस्त तक 244 कर्मियों की अनुबंध सेवा अवधि समाप्त हो चुकी है. पुलिस अधीक्षक ने इस संबंध में स्पष्ट पत्र जारी कर सभी संबंधित थानों को निर्देश दिया था कि अनुबंध समाप्ति के बाद सहायक पुलिसकर्मियों को कार्यमुक्त किया जाए. फिर भी कुछ सहायक पुलिसकर्मी इस आदेश को नजरअंदाज कर अपने-अपने थानों में जमे हुए हैं. वे न केवल थानों में बने हुए हैं, बल्कि मुंशी का कार्य भी संभाल रहे हैं. इस स्थिति से पुलिस विभाग में अव्यवस्था और अनुशासनहीनता की आशंका बढ़ गई है. सूत्रों का कहना है कि वरीय अधिकारियों के आदेश को नजरअंदाज करना अनुचित है और इसे लेकर कड़ी कार्रवाई की जरूरत है ताकि पुलिस बल की कार्यक्षमता और अनुशासन कायम रह सके.

## पेज तीन का शेष

### बार एसोसिएशन का चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न....

साढे चार बजे तक 1961 वोट पड़े. चुनाव पर्यवेक्षक संजय विद्रोही, परमेश्वर मंडल ने बताया कि बचे हुए 254 मतपत्र को रद्द कर दिया गया.
महिला अधिवक्ताओं को मतदान कार्य में लगाया गया था. मतदान कार्य के लिए कुल 13 टेबल बनाए गए थे. 38 मतदान केंद्र बनाए गए, जिसमें तीन टेबल पर महिला मतदान कर्मी तैनात थें. उत्साही अधिवक्ताओं मतदान के बाद विक्ट्री साइन दिखाते नजर आए, एक महिला अधिवक्ता व्हीलचेयर पर मतदान करने आई थी. नए मतदाता भी मतदान कर उत्साह में दिखे. मतदान करने के बाद उन्हें सेल्फी लेते भी देखा गया.
दोपहर करीब एक बजे कतार में लगे मतदाताओं को कुछ प्रत्याशी अपने पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित कर रहे थे . चुनाव पदाधिकारी के निर्देश पर वोलेंटियर ने उन्हें ऐसा करने से रोका इसपर कुछ अधिवक्ता आक्रोशित हो हंगामा करने लगे. हालांकि तुरंत राधेश्याम गोस्वामी, अमरेन्द्र सहाय, जीतेन्द्र कुमार व चुनाव पदाधिकारियों ने समझाकर शांत कराया. वहीं राजनीति से संबंध रखने वाले विजय झा , कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष बृजेंद्र सिंह ने अपने मत का प्रयोग किया. अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अमरेंदर सहाय, राधेश्याम गोस्वामी ,कंसारी मंडल, एचएन सिंह एक साथ एक जगह बैठे दिखे. मतदान की प्रक्रिया खत्म होने के बाद पर्यवेक्षक, चुनाव पदाधिकारी व प्रत्याशियों की उपस्थिति में मतपेटी को सील कर दिया गया. प्रत्याशियों की उपस्थिति में ही मतपेटी को स्ट्रांग रूम में दुबारा सील किया गया. पूरे स्ट्रांग रूम की निगरानी सीसीटीवी कैमरे द्वारा की जा रही है. मतदान कार्य संपन्न होने के बाद सभी उम्मीदवारों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दी.

## दो मजनुओं के चक्कर में बिखर गया युवती का दांपत्य जीवन

शुभम संदेश।रामगढ़

**टुंडी।** टुंडी प्रखंड के कोकराद गांव की एक युवती पिछले छह वर्षों से दो युवकों से प्रेम संबंध में थी. युवती ने शातिर अंदाज में दोनों को विवाह का वादा कर रखा था. इनमें से एक युवक पाटकोल गांव का जबकि दूसरा मछियारा गांव का रहने वाला है. इस दौरान युवती ने पाटकोल गांव के युवक से करीब अस्सी हजार रुपये अलग-अलग समय पर अपने खर्च के लिए ले लिए. पाटकोल का युवक बीते छह माह से गुजरात में काम कर रहा था और वहीं से युवती को बारी-बारी से पैसे भेजता रहा.
युवती के साथ उसके नजदीकी रिश्तों की कई तस्वीरें भी युवक ने अपने मोबाइल कैमरे में कैद कर रखी थीं. इधर लगभग ढाई महीने पहले युवती ने मछियारा गांव के युवक से शादी कर ली. जब पाटकोल गांव का युवक गुजरात से लौटा और शादी की खबर सुनी तो आग बबूला हो गया. उसने मछियारा गांव जाकर मोबाइल में मौजूद तस्वीरें दिखाकर युवती की करतूत उजागर कर दी. इसके बाद मछियारा गांव के युवक ने गांव के पंचों के साथ बैठक कर युवती को उसके मायके भेज दिया. मामले को लेकर टुंडी थाना में दोनों पक्षों की उपस्थिति में महापंचायत भी हुई. पंचायत में पहले युवती को पाटकोल गांव के युवक के साथ भेजने का निर्णय लिया गया, लेकिन युवती ने उसके साथ जाने से इंकार कर दिया. इस तरह, दो मजनुओं के साथ प्रेम संबंधों के चक्कर में युवती का हंसता-खिलखिलाता दांपत्य जीवन बिखर गया और वह न घर की रही, न घाट की.

# छात्राओं को डॉ. साधना ने किया स्वास्थ्य व स्वच्छता के प्रति जागरूक



शुभम संदेश।गोविंदपुर

स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. साधना ने शनिवार को प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल गोविंदपुर की बालिकाओं को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया. उन्होंने मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता पर विशेष बल दिया. डॉ. साधना ने कहा कि आज महिलाओं और युवतियों में कैंसर तेजी से फैल रहा है. स्तन कैंसर और गर्भाशय कैंसर की बीमारी बढ़ रही है, लेकिन जागरुकता के माध्यम से इसे रोका जा सकता है. वे गोविंदपुर लायंस क्लब की ओर से आयोजित महिला स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम और हरित पहल कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं. कार्यक्रम के तहत लगभग 300 छात्राओं के बीच सैनिटरी पैड और पौधों का वितरण किया गया. छात्राओं को पौधरोपण और पर्यावरण संरक्षण का महत्व बताया गया. इसके अलावा उनके बीच कपड़े के बैग भी वितरित किए गए ताकि वे पर्यावरण हितैषी बन सकें. क्लब की ओर से विद्यालय को लायंस ब्रांडिंग वाले 10 सुंदर गमले भी भेंट किए गए. कार्यक्रम में सचिव सपना लिख्मानिया, जिप सदस्य नाज़िश रहमानी, प्रधानाध्यापिका आस्था सिंह, मंजू शर्मा, नुपुर जायसवाल, संगीता अग्रवाल, रोशन अग्रवाल, कुमार कांत जायसवाल, राकेश कुमार, अमन यादव, एस.के. राय, राजेश जायसवाल, संदीप विश्वकर्मा और अशोक श्रीवास्तव समेत कई लोग उपस्थित थे. सचिव सपना लिख्मानिया ने बताया कि जो छात्राएं पौधा लगाकर उसका फोटो उनके व्हाट्सएप नंबर पर भेजेंगी, उन्हें क्लब की ओर से सम्मानित किया जाएगा.

## हजारीबाग में दिशा समिति की बैठक संपन्न

# केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने दिए पारदर्शी क्रियान्वयन के निर्देश

शुभम संदेश।हजारीबाग



समाहरणालय सभागार में शनिवार को जिला विकास समन्वय एवं मूल्यांकन समिति (दिशा) की महत्वपूर्ण बैठक केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी की अध्यक्षता में संपन्न हुई. बैठक में सांसद मनीष जायसवाल, जिले के सभी विधायक, उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह, पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे.
बैठक में जल जीवन मिशन, कृषि, स्वास्थ्य, बिजली, शिक्षा, कल्याण, भवन प्रमंडल, एनएच, नगर निगम समेत केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की समीक्षा की गई. केंद्रीय मंत्री ने योजनाओं के गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध क्रियान्वयन, पारदर्शिता और योग्य लाभुकों तक लाभ पहुंचाने पर विशेष बल दिया.
सांसद मनीष जायसवाल ने स्वास्थ्य सेवाओं, तालाब स्वीकृति की कमी, बिजली समस्या और पेयजल योजनाओं की बदहाल स्थिति को बैठक में उठाया. उन्होंने मेडिकल कॉलेज हजारीबाग की स्थिति सुधारने, डॉक्टरों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा जल आपूर्ति योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग की आवश्यकता पर बल दिया.
केंद्रीय मंत्री ने बोरिंग व पाइपलाइन की गुणवत्ता जांच हेतु जनप्रतिनिधियों को शामिल कर प्रखंडवार समिति गठन का निर्देश दिया. खराब ट्रांसफार्मरों की शीघ्र मरम्मत और बिजली आपूर्ति को प्राथमिकता देने को कहा. साइकिल वितरण में जनप्रतिनिधियों की सहभागिता और झील सफाई हेतु मशीन की कार्यशीलता पर भी चर्चा हुई.
बैठक के अंत में मंत्री ने सभी विभागों को दिशा-निर्देशों का गंभीरता से अनुपालन करने की बात कही ताकि जनता तक योजनाओं का वास्तविक लाभ पहुंचे.

### बाघमारा में स्कॉर्पियो चोरी, पुलिस की मुश्किलें बढ़ीं

**जयनगर (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाओं में फिर से वृद्धि हुई है. बीते एक सप्ताह में तीन जगहों पर चोरी की वारदातें सामने आई हैं. ताजा मामला बाघमारा चौक के पास का है, जहां एक व्यक्ति के घर के बाहर खड़ी स्कॉर्पियो कार चोरों द्वारा चोरी कर ली गई। स्कॉर्पियो के मालिक के भाई बंटी कुमार आर्य ने पुलिस थाने में आवेदन देकर जांच की मांग की है. बताया गया कि शुक्रवार रात करीब 9 बजे बंटी कुमार अपने स्कॉर्पियो को घर के बरामदे में पार्क करके सोने चले गए. सुबह 5 बजे उठने पर कार गायब पाई गई.

# बीएड प्रशिक्षुओं को दी गई स्नेहिल विदाई, सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां

शुभम संदेश।विष्णुगढ़



बनासो स्थित दौलत महतो मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में बी.एड. सत्र 2023-25 के प्रशिक्षुओं के लिए स्नेहिल विदाई समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया. इस मौके पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समारोह को यादगार बना दिया.
कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार चतुर्वेदी द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया. अपने प्रेरक संबोधन में उन्होंने कहा कि इस महाविद्यालय से प्राप्त ज्ञान, अनुभव और संस्कार आपके जीवन की अमूल्य पूंजी है. जीवन की राह में आने वाली कठिनाइयों को आत्मविश्वास और साहस के साथ पार करना ही सफलता की कुंजी है.
कार्यक्रम में आईक्यूएसी कोऑर्डिनेटर एवं एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. कुमारी स्वर्णा मिश्रा सहित महाविद्यालय के सभी सहायक प्राध्यापकगण की गरिमामयी उपस्थिति रही.
इस अवसर पर मौजूद शिक्षकों में बबली कुमारी, डॉ. ओमकार नाथ शर्मा, अशोक कुमार झा, वीरेन्द्र देव, शशिभूषण देव, राघवेंद्र प्रताप, सरोज श्रीवास्तव, राजेश कुमार बर्मा, प्रवीण कुमार जायसवाल, विपिन कुमार, जितेंद्र कुमार, अदृश मुखर्जी, डॉ. सतीश चंद यादव, जयपाल राणा, डॉ. अम्बरीश कुमार दुबे, डॉ. विजयकांत चक्रवर्ती, सीमा, अजीत कुमार, भुवनेश्वर कुमार महतो, संतोष कुमार, विनोद कुमार, धर्मनाथ महतो, सौरभ सुमन, प्रीती पुनम हेमब्रम, आजाद, नाजरा एवं सुनीता शामिल रहे. बी.एड. एवं डी.एल.एड. के सभी प्रशिक्षु इस समारोह में शामिल हुए और विदाई के भावुक पल साझा किए.

### राज्य में गुटखा प्रतिबंध के बावजूद अवैध बिक्री जारी

**बरही।** झारखंड सरकार द्वारा राज्य में गुटखा की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध के बावजूद इसका अवैध कारोबार जोर-शोर से जारी है. स्वास्थ्य मंत्री के आदेश कागजों तक ही सीमित दिख रहे हैं, जबकि हकीकत में गुटखा का गुप्त रूप से कारोबार बढ़ता जा रहा है. शुरुआत में प्रतिबंध के कारण गुटखा की बिक्री और सेवन में कमी आई थी, लेकिन यह प्रभाव अधिक दिनों तक नहीं टिक सका. अब गुटखा बाजार में छुपकर ऊंचे दामों पर बिक रहा है. बरही क्षेत्र इस अवैध कारोबार का प्रमुख केंद्र बना हुआ है, जहां कारोबारी बिना किसी डर के गुटखा की बिक्री कर रहे हैं. बीती रात अग्रवाल गली के एक गोदाम में गुटखा से भरा ट्रक पकड़ा गया.

## एक नजर

### जमुआ में आंगनबाड़ी सेविकाओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

**जमुआ (गिरिडीह)।** जमुआ प्रखंड सभागार में आंगनबाड़ी सेविकाओं का तीन दिवसीय द्वितीय फेज प्रशिक्षण शिविर शनिवार को सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ. इस प्रशिक्षण शिविर में प्रखंड के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों की सेविकाओं एवं सहायिकाओं ने भाग लिया. शिविर के दौरान प्रतिभागियों को कुपोषण उन्मूलन, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण आहार की महत्ता, किशोरी बालिकाओं के लिए योजनाओं की जानकारी तथा केंद्र संचालन में पारदर्शिता पर विशेष प्रशिक्षण दिया गया. प्रशिक्षक श्वेता गांधी एवं दीपिका कुमारी ने कहा कि आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका ही सरकार की योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने की सबसे मजबूत कड़ी है, इसलिए इनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है. समापन अवसर पर महिला पर्यवेक्षिका कुमारी पुनम ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण शिविर से सेविकाओं का ज्ञान और अनुभव बढ़ता है, जिससे बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं किशोरियों को बेहतर सुविधा और पोषण उपलब्ध हो पाता है.

### पर्यावरण-मित्र आश्रम में श्रीगणेश पूजनोत्सव संपन्न

**बोकारो।** ओझा परिवार द्वारा विघ्नहर्ता मंगलमूर्ति भगवान श्रीगणेश का दो दिवसीय पूजनोत्सव शनिवार को बोकारो स्थित पर्यावरण-मित्र आश्रम में धूमधाम से संपन्न हुआ. पूजा-विधि पं. अखिलेश ओझा एवं पं. आकाश पांडेय ने षोडशोपचार विधि से संपन्न कराई. इस आयोजन की संयोजक अनीता ओझा तथा समाजसेवी शशिभूषण ओझा 'मुकुल' ने अपने पुत्र अनुपम ओझा और बहन दिव्या पांडेय के साथ भगवान का पूजन किया. उन्होंने देश के विकास, समृद्धि और समस्त देशवासियों के कल्याण हेतु प्रार्थना की. महिला मंडल द्वारा आयोजित भजन-कीर्तन से पूरा वातावरण भक्तिमय बन गया. इस अवसर पर विशेष अतिथियों के रूप में धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो, बोकारो के पूर्व विधायक बिरंची नारायण की पत्नी नीना नारायण, भाजपा की वरिष्ठ नेत्री परिंदा सिंह, डॉ. रंजना पांडेय, प्रो. एस. के. शर्मा समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे.

### सेक्रेड हार्ट स्कूल दुमका में कार्यशाला आयोजित

**दुमका।** जिला बाल संरक्षण इकाई एवं प्रवाह संस्था के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को सेक्रेड हार्ट स्कूल, दुमका में सभी शिक्षकगण के साथ बाल संरक्षण के मुद्दों पर संवेदीकरण कार्यशाला आयोजित की गई. कार्यशाला का शुभारंभ बाल कल्याण समिति की सदस्या किरण तिवारी, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी प्रकाश चंद्र, विद्यालय की प्राचार्या एन.सी. जोसर तथा प्रवाह संस्था के जिला समन्वयक प्रेम कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया. बाल कल्याण समिति की सदस्या किरण तिवारी ने कहा कि विद्यालय में अध्ययनरत सभी बच्चों के साथ शिक्षक समान नजर व मित्रवत व्यवहार रखें. बच्चों की सुरक्षा और संरक्षण अत्यंत संवेदनशील मुद्दा है, जिसके लिए शिक्षकों को सतर्क व संवेदनशील रहना आवश्यक है. उन्होंने कहा कि समाज के सभी बच्चों को मुख्यधारा में लाने हेतु सरकार लगातार प्रयासरत है और हमसभी को भी अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए बच्चों के संरक्षण व कल्याण के लिए कार्य करना चाहिए. जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी प्रकाश चंद्र ने कार्यशाला में किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 एवं मिशन वात्सल्य के तहत सीडब्ल्यूसी, जेजेबी और डीसीपीयू की भूमिका, कार्य एवं जिम्मेदारियों की विस्तार से जानकारी दी.

### जिला पुस्तकालय में अविलंब दुरुस्त करें व्यवस्था : डीसी

**बोकारो।** उपायुक्त अजय नाथ झा एवं उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने जिला रामरूद्र मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, चास स्थित पुस्तकालय का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान डीसी ने विद्यालय पुस्तकालय की कुछ व्यवस्थाओं पर असंतोष जताया. उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) जगरनाथ लोहरा को अविलंब आवश्यक प्रस्ताव तैयार कर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया, ताकि छात्रों को अनुकूल वातावरण में अध्ययन की सुविधा मिल सके. डीसी ने कहा कि जिला पुस्तकालय में बुनियादी सुविधाओं का व्यवस्थित होना अत्यंत आवश्यक है. रौशनी और पंखों की सही व्यवस्था से विद्यार्थियों को अध्ययन के दौरान बेहतर माहौल मिलेगा. उन्होंने निर्देश दिया कि पुस्तकालय में रौशनी और पंखों को तुरंत दुरुस्त किया जाए. निरीक्षण के क्रम में विद्यालय की छात्रा सुप्रिया ने उपायुक्त अजय नाथ झा का स्केच चित्र भेंट किया. उपायुक्त ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए छात्रा के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं.

### झामुमो महिला मोर्चा की बैठक, लिए गए कई निर्णय

**गिरिडीह।** शहर के नए परिसद भवन में झामुमो महिला मोर्चा की बैठक प्रमिला मेहरा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई. बैठक के दौरान मेहरा ने कहा कि जिले में महिला मोर्चा के संगठन को और अधिक मजबूत किया जाएगा. इसके लिए प्रखंड से लेकर पंचायत स्तर तक कमिटी का गठन किया जाएगा. उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा संचालित विकास योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करना आवश्यक है, ताकि अधिक से अधिक लोग इन योजनाओं का लाभ उठा सकें. उन्होंने यह भी बताया कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन की अंतिम जोहार यात्रा जिले के सभी पंचायतों में निकाली जाएगी और इसमें महिलाओं की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा. बैठक में ज्योति सोरेन, पूजा मुर्मू, सुबोदी देवी, शांति मुर्मू, रुक्सार खातून, रीना बास्के, माला देवी, सुनीता देवी, पार्वती देवी, बहामुनी देवी सहित कई अन्य महिलाएं उपस्थित थीं.

### चिन्मय विद्यालय में माइलस्टोन अवॉर्ड कार्यक्रम सम्पन्न

**बोकारो।** चिन्मय विद्यालय में डॉ. राधाकृष्णन सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स के तत्वावधान में माइलस्टोन अवॉर्ड कार्यक्रम आयोजित हुआ. इसमें जिले के 35 विद्यालयों के 122 मेधावी विद्यार्थियों को उनकी उत्कृष्ट प्रतिभा के लिए सम्मानित किया गया. मुख्य अतिथि उपायुक्त अजय नाथ झा ने सभी रैंक होल्डर्स को प्रमाण पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की. कार्यक्रम में चिन्मय मिशन की आचार्या स्वामिनी संयुक्तानंद सरस्वती, विद्यालय अध्यक्ष विश्वरूप मुखोपाध्याय, डॉ. राधाकृष्णन सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स के पदाधिकारी सूरज शर्मा, बिपुल सिंह, डॉ. अमीर हुसैन, डॉ. जी.एन. खान, फादर जेसी वर्गीस, एस.के. मिश्रा, संजीव ठाकुर, मुकेश कुमार, रीना ठाकुर सहित कई प्राचार्य, निदेशक, शिक्षक और अभिभावक मौजूद थे. समापन अवसर पर सचिव डॉ. जी.एन. खान ने सभी का आभार प्रकट किया. कार्यक्रम का सफल संचालन सुप्रिया चौधरी ने किया.

### तिसरी के अंजनवा में दो दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट

**तिसरी (गिरिडीह)।** तिसरी प्रखंड अंतर्गत बेलवाना पंचायत के ग्राम अंजनवा में दो दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया. मुख्य अतिथि समानता शिक्षा केंद्र के सचिव नीरज मुर्मू ने फीता काटकर टूर्नामेंट का उद्घाटन किया. इस प्रतियोगिता में विभिन्न प्रखंडों और पंचायतों की कुल 16 टीमों ने भाग लिया. नीरज मुर्मू ने खेल में अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए शिक्षा और समाज की कुरीतियों पर भी अपने विचार व्यक्त किए. उन्होंने खिलाड़ियों को जर्सी प्रदान कर खेल के प्रति प्रोत्साहित किया. इस अवसर पर बाल अधिकार कार्यकर्ता इंकज कुमार, समानता शिक्षा केंद्र की उपाध्यक्ष ललिता हेंब्रम, आयोजक महेश बास्के, सुनील बास्के, कल्लू कुमार, फुलचंद कुमार सहित कई युवा उपस्थित थे.

### भाकपा (माले) का अनिश्चितकालीन धरना समाप्त

**धनवार (गिरिडीह)।** जनसवालों से जुड़ी 10 सूत्री मांगों को लेकर भाकपा (माले) का अनिश्चितकालीन घेरा डालो, डेरा डालो धरना कार्यक्रम शनिवार को बीडीओ के आश्वासन के बाद समाप्त हो गया. ज्ञात हो कि प्रखंड सचिव क्युम अंसारी, माले नेता विनय संथालिया, जयंती चौधरी, शंकर पासवान और रामेश्वर चौधरी के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता व समर्थक गुरुवार से धरना स्थल पर डटे हुए थे. पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने पदाधिकारियों को चेतावनी देते हुए गरीब-गुरबों और मजदूर-किसानों को परेशान न करने की अपील की थी. साथ ही उन्होंने कैंप लगाकर दाखिल-खारिज करने की मांग भी की. इन सभी मांगों पर धनवार के बीडीओ देवेंद्र कुमार दास ने आश्वासन दिया कि शीघ्र ही कार्रवाई की जाएगी. धरना कार्यक्रम में जिप सदस्य पिंकी भारती, सजरुल अंसारी, बालेश्वर यादव, कैलाश सिंह, उमेश दास, बालमुकुंद यादव सहित सैकड़ों की संख्या में माले कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित थे.

### पीरपैंती में बनेगा 2400 मेगावॉट थर्मल पावर प्लांट, अडाणी पावर को मिला ठेका

**गोड्डा।** बिजली की जरूरतों को नई रफ्तार देने के लिए अडाणी पावर लिमिटेड को बड़ा ठेका मिला है. कंपनी पहले से गोड्डा जिले में पावर प्लांट संचालित कर रही है. अब दूसरा पावर प्लांट गोड्डा की सीमा से सटे बिहार के पीरपैंती में स्थापित किया जाएगा. यह 2400 मेगावॉट क्षमता वाला ग्रीनफील्ड थर्मल पावर प्लांट होगा, जो अगले 25 वर्षों तक राज्य को लगातार बिजली आपूर्ति करेगा. यह ठेका बिहार स्टेट पावर जनरेशन कंपनी द्वारा उत्तर और दक्षिण बिहार डिस्ट्रीब्यूशन कंपनियों के माध्यम से दिया गया है.

## न्यूज अपडेट

### आयरिश मिशनरी समेत आठ लोग एक महीने बाद रिहा किए गए

**नयी दिल्ली ।** आयरलैंड की एक मिशनरी और तीन साल एक बच्चा उन आठ लोगों में शामिल हैं, जिन्हें हैती में बंदूकधारियों ने शुक्रवार को रिहा कर दिया. इन सभी को तीन अगस्त को एक अनाथालय पर हमले के दौरान अगवा कर लिया गया था. अधिकारियों और पीड़ितों के परिजनों ने उनकी रिहाई की पुष्टि की है. गिना हेरेटी नाम की यह मिशनरी 1993 से हैती में काम कर रही हैं. वह सेंट-हेलीन अनाथालय में विशेष जरूरतों वाले बच्चों और वयस्कों के लिए चलाए जा रहे एक कार्यक्रम की निदेशक हैं. उनके परिवार ने कहा, हमारे पास इस राहत को बयां करने के लिए शब्द नहीं हैं. हम हर उस व्यक्ति का धन्यवाद करते हैं, जिसने हमारी मदद की.

### फिनलैंड की वायु सेना के कुछ झंडों पर मौजूद स्वास्तिक चिह्न जल्द हटेंगे

**नयी दिल्ली ।** नाटो सदस्य फिनलैंड की वायुसेना के कुछ झंडों पर अब भी स्वास्तिक चिह्न मौजूद है, लेकिन इसे जल्द हटाया जा रहा है क्योंकि यह उसके पश्चिमी सहयोगियों के बीच असहज स्थिति पैदा करता है. फिनलैंड की वायुसेना द्वारा स्वास्तिक का इस्तेमाल इतिहास में ज्यादा जटिल है. यह प्रतीक प्राचीन काल से मौजूद है और फिनलैंड ने इसे नाजी जर्मनी के उदय से बहुत पहले अपनी वायुसेना के प्रतीक के तौर पर अपनाया था. पिछले कुछ वर्षों से बदलाव की प्रक्रिया चल रही है. वायुसेना कमांड के प्रतीक चिह्न से कुछ साल पहले ही स्वास्तिक को चुपचाप हटा दिया गया था. लेकिन कुछ झंडों पर यह अब भी मौजूद था, जिसे देखकर नाटो के सहयोगी देशों, पर्यटकों और विदेशी मेहमानों में हैरानी होती थी.

### बाढ़ का पानी निकला, अगले हफ्ते दोबारा खुलेगा करतारपुर कॉरिडोर

**नयी दिल्ली ।** पाकिस्तान की पंजाब सरकार ने शुक्रवार को घोषणा की कि करतारपुर कॉरिडोर और गुरुद्वारा दरबार साहिब से बाढ़ का पानी निकाल दिया गया है और यह अगले हफ्ते की शुरुआत में सिख श्रद्धालुओं के लिए दोबारा खोल दिया जाएगा. कुछ दिन पहले आई बाढ़ के कारण करतारपुर कॉरिडोर जलमग्न हो गया था. इस दौरान करीब 150 स्थानीय सिख श्रद्धालु और अधिकारी परिसर में फंस गए थे, जिन्हें बाद में हेलिकॉप्टर और नावों के जरिए सुरक्षित बाहर निकाला गया. पंजाब प्रांत इस समय भीषण बाढ़ से जूझ रहा है, जिससे अब तक 15 लाख से अधिक लोग बेघर हो चुके हैं. मुख्यमंत्री मरियम नवाज के निर्देश पर ऐतिहासिक करतारपुर साहिब को शुक्रवार को बहाल कर दिया गया है.

### सिंगापुर में एक भारतीय नागरिक को जेल और जुर्माने की सजा सुनाई

**नयी दिल्ली ।** सिंगापुर की एक अदालत ने शुक्रवार को एक भारतीय नागरिक को 2023 में एक सड़क दुर्घटना में नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ़ सिंगापुर के एक वरिष्ठ लॉ प्रोफेसर की मौत के लिए दो साल एक महीने की जेल और 2,000 सिंगापुर डॉलर के जुर्माने की सजा सुनाई. 7 जुलाई, 2023 को, एक निर्माण मजदूर नटराजन मोहनराज (28) ट्रक चलाते समय अपना मोबाइल फोन देख रहा था और उसी वक्त उसके ट्रक ने एमेरिटस प्रोफेसर टैन यॉक लिन (70) की कार से टक्कर मार दी. इस हादसे में प्रोफेसर की इलाज के दौरान मौत हो गई. सिंगापुर के अखबार द स्ट्रेट्स टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, नटराजन का लापरवाही से गाड़ी चलाने का इतिहास रहा है.

### जापान लंबी दूरी की मिसाइलों की तैनाती तय समय से पहले करेगा

**जापान ।** जापान ने शुक्रवार को एक अहम घोषणा करते हुए इस बात पर जोर दिया कि वह अब अपनी घरेलू रूप से विकसित लंबी दूरी की मिसाइलों की तैनाती तय समय से एक साल पहले करेगा. इस बात की जानकारी जापान के रक्षा मंत्रालय ने दी. मंत्रालय के अनुसार अब ये मिसाइलें मार्च 2026 तक दक्षिण-पश्चिमी जापान के कुमामोटो स्थित सेना के कैंप केंगुन में तैनात कर दी जाएंगी. बता दें कि यह टाइप-12 एंटी-शिप मिसाइल एक विशेष प्रकार की मिसाइल है जो कि लगभग 1,000 किलोमीटर तक मार कर सकती है. जापान की सरकार की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार ये कदम चीन, उत्तर कोरिया और रूस से बढ़ते सुरक्षा खतरों को देखते हुए उठाया गया है.

### छत्तीसगढ़ के बीजापुर में एक और शिक्षादूत की नक्सलियों ने की हत्या

**बीजापुर/रायपुर ।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर में नक्सलियों ने एक और शिक्षादूत की हत्या कर दी है. मृतक शिक्षादूत गंगालूर क्षेत्र के नेन्द्रा में पदस्थ था. बीजापुर पुलिस अधीक्षक कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, गंगालूर क्षेत्र के नेन्द्रा में पदस्थ शिक्षादूत कल्लू ताती को नक्सलियों ने शुक्रवार शाम को स्कूल से लौटते समय अगवा कर लिया था. देर रात उसकी हत्या कर दी गई. मृतक मूल रूप से तोड़का गांव का निवासी था. पुलिस मामले की जांच कर रही है.उल्लेखनीय है कि 27 अगस्त को सुकमा जिले के जगरगुंडा थाना क्षेत्र में सिलगेर इलाके के मंडीमरका में नक्सलियों ने एक शिक्षादूत लक्ष्मण बारसे की हत्या कर दी थी. वह मूल रूप से बीजापुर के ग्राम पेगड़ापल्ली का निवासी था.



## जम्मू-कश्मीर

# रामबन में बादल फटने से चार लोगों की मौत, एक लापता

**रामबन ।** जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले की राजगढ़ तहसील में बादल फटा है. इसमें चार लोगों की मौत हो गई और एक व्यक्ति लापता है. एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि बचाव दल ने प्रभावित क्षेत्र से चार शव बरामद किए हैं और लापता व्यक्ति का पता लगाने के प्रयास जारी हैं. अधिकारी ने बताया, बादल फटने से अचानक बाढ़ आ गई, जिससे काफी नुकसान हुआ और क्षेत्र में सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है. एक व्यक्ति अभी भी लापता है. वहीं केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि उन्होंने रामबन के उपायुक्त मोहम्मद अयाज़ खान से घटना के संबंध में बात की है. उन्होंने बताया कि राजगढ़ क्षेत्र में बादल फटने से चार लोगों की मौत हो गई. एक व्यक्ति अभी भी लापता है और तलाशी अभियान जारी है. सौभाग्य से, किसी के घायल होने की सूचना नहीं है. बचाव कार्य जारी है और हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है. मैं जिला प्रशासन के लगातार संपर्क में हूं. मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने भी घटना पर दुख व्यक्त किया. मुख्यमंत्री कार्यालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मुख्यमंत्री ने रामबन के राजगढ़ में भूस्खलन से हुए जान-माल की हानि पर गहरा दुख व्यक्त किया है. उन्होंने प्रशासन को तत्काल बचाव और राहत अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं.

### रियासी के माहोर में भूस्खलन, एक ही परिवार के सात लोगों की मौत

रियासी । जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले की माहोर तहसील के भद्दर गांव में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में एक घर के ढह जाने से एक ही परिवार के सात लोगों की मौत हो गई है. अधिकारियों के अनुसार यह घटना शनिवार सुबह हुई जब भूस्खलन ने एक खड़ी ढलान पर स्थित घर को अपनी चपेट में ले लिया. इससे घर मलबे में दब गया. घटना के समय घर में परिवार के कई सदस्य मौजूद थे. अधिकारी ने बताया कि सात लोग मलबे में दबे हुए थे. पुलिस, एसडीआरएफ और स्थानीय प्रशासन के कर्मियों को तुरंत मौके पर भेजा गया. मलबे में दबे सात लोगों के शव बरामद किए गए हैं. मृतकों की पहचान घर के मालिक नजीर अहमद पुत्र बहार दीन निवासी बद्दर, उनकी पत्नी वजीरा बेगम, बेटे बिलाल अहमद, मोहम्मद मुस्तफा, मोहम्मद आदिल, मोहम्मद मुबारक और मोहम्मद वसीम के रूप में हुई है. नजीर अहमद के सभी पांच बेटे नाबालिग थे.

## ढाका में दो दलों के समर्थकों में हिंसक झड़प

# गोनो अधिकार परिषद अध्यक्ष की हालत गंभीर, सेना ने मोर्चा संभाला

**एजेंसी ।ढाका**



बांग्लादेश की राजधानी ढाका के काकरैल इलाके में शुक्रवार रात दो पार्टियों के समर्थकों और कार्यकर्ताओं के बीच हुई हिंसा में गोनो अधिकार परिषद के अध्यक्ष नूरुल हक गंभीर रूप से घायल हो गए. उनके अलावा पुलिस, सेना के जवान और दूसरी पार्टी के लोगों को भी चोट आई है. इस घटना के बाद काकरैल इलाके में तनाव के मद्देनजर सेना और पुलिस को तैनात किया गया है. प्रोथोम आलो अखबार की खबर के अनुसार, नूरुल हक के इलाज के लिए ढाका मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उच्च-स्तरीय मेडिकल बोर्ड का गठन किया गया है.

अस्पताल के निदेशक ब्रिगेडियर जनरल मोहम्मद असदुज्जमां ने शनिवार को बताया कि नूरुल हक के सिर में गंभीर चोट आई है. उनकी नाक में फ्रैक्चर हुआ है. रक्तस्राव नियंत्रित हो गया है और उन्हें होश आ गया है. कम से कम 48 घंटे बीत जाने तक यह पुष्टि नहीं की जा सकती कि वह खतरे से बाहर हैं. बताया गया है कि हिंसा की शुरुआत काकरैल में जातीय पार्टी के राष्ट्रीय कार्यालय के सामने हुई. गोनो अधिकार परिषद के जुलूस में कुछ लोगों के पथराव करने से स्थिति बिगड़ गई. स्थिति को संभालने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया. इस दौरान नूरुल हक और कई अन्य घायल हो गए. परिषद ने आरोप लगाया कि जुलूस पर जातीय पार्टी के कार्यकर्ताओं ने हमला किया. गोनो अधिकार परिषद के महासचिव रशीद खान ने आरोप लगाया है कि पुलिस और सेना के लाठीचार्ज में उनकी पार्टी के 100 से ज्यादा नेता और कार्यकर्ता घायल हो गए. नूर और छह अन्य लोगों को ढाका मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है. इस बीच इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस डायरेक्टोरेट (आईएसपीआर) ने विज्ञप्ति में कहा कि झड़प की शुरुआत में कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने दोनों पक्षों से शांत रहने का आग्रह किया था. दोनों पक्षों में से किसी ने भी उनकी अपील पर ध्यान नहीं दिया. इस दौरान सुरक्षा बलों पर हमला किया और रात को मशाल जुलूस निकालकर अशांति को भड़का दिया. कई प्रतिष्ठानों में आग लगाने का प्रयास किया. इसलिए कानून प्रवर्तन एजेंसियों को बल प्रयोग करना पड़ा. आईएसपीआर ने पुष्टि की कि इस घटना में पांच सैन्यकर्मी भी घायल हुए हैं. इस घटना पर ढाका ट्रिब्यून और द डेली स्टार ने अपडेट दिया है कि अध्यक्ष नूर पर हमले के विरोध गोनो अधिकार परिषद का आज देशव्यापी (सभी 64 जिलों) प्रदर्शन शुरू हो गया है. परिषद ने ढाका में पार्टी कार्यालय के सामने दोपहर तीन बजे रैली आहूत की है. परिषद नेता राशिद खान ने कहा, अवामी लीग के शासन के दौरान भी हम पर इस तरह का हमला नहीं हुआ. अंतरिम सरकार को जवाब देना चाहिए कि नूरुल हक आईसीयू में क्यों हैं? उन्होंने कहा, हम सरकार को 24 घंटे का अल्टीमेटम दे रहे हैं. अगर समय सीमा के भीतर कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलती है और बाद में कोई अप्रिय घटना होती है, तो उसके लिए अंतरिम सरकार जिम्मेदार होगी. बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के कार्यवाहक अध्यक्ष तारिक रहमान ने अंतरिम सरकार से गोनो अधिकार परिषद के अध्यक्ष नूरुल हक पर हमले और काकरैल में हुई घटनाओं की तत्काल जांच कराने की मांग की है. तारिक ने फेसबुक पोस्ट पर लिखा, ₹हम लोकतांत्रिक परिवर्तन के बेहद नाजुक दौर से गुज़र रहे हैं. इसका पहला चरण संसदीय चुनाव हैं. हमें सामूहिक रूप से यह सुनिश्चित करना होगा कि अस्थिरता पैदा करने वाली घटनाएं फैलाकर लोकतंत्र को रास्ते से न भटकाएं.₹ तारिक ने कहा कि अगर बांग्लादेश को आगे ले जाना है, तो भीड़तंत्र के खतरे के प्रति सतर्क रहना होगा.

## बलूचिस्तान में बीएलए ने किया हमला

# पाकिस्तानी सुरक्षा बलों के आठ जवान मारे गए

**एजेंसी ।क्वेटा (बलूचिस्तान)**



बलोच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने हाल के दिनों में बलूचिस्तान के कई जिलों में हुए आठ हमलों की जिम्मेदारी ली है. बीएलए ने कहा है कि इन हमलों में पाकिस्तान सुरक्षा बलों के कम से कम आठ जवान मारे गए. विस्फोट कर सुरक्षा बलों के अनेक वाहन उड़ा दिए गए. द बलोचिस्तान पोस्ट की खबर के अनुसार, बीएलए प्रवक्ता जीयंद बलूच ने कहा कि ये हमले पंजगुर, कच्ची, क्वेटा, जीवानी, खरान, बुलेदा और दलबंदिन में किए. बलोच लिबरेशन आर्मी के लड़ाकों ने सुरक्षा बलों की टुकड़ियों, पुलिस दल और वाहनों पर इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी), ग्रेनेड और बमों का इस्तेमाल किया.

बीएलए ने कहा कि पंजगुर जिले के पारोम इलाके में गुरुवार को एक चौकी से रवाना होते समय सेना के एक वाहन पर रिमोट-नियंत्रित आईईडी से हमला किया, जिसमें छह जवान मारे गए. इस हमले में वाहन पूरी तरह से नष्ट हो गया. इसी तरह कच्छी जिले के कोलपुर इलाके में रेलवे ट्रैक साफ कर रहे एक बम निरोधक दस्ते को निशाना बनाया गया. इसमें एक सैनिक मारा गया. 28 अगस्त को इसी इलाके में एक और हमला किया गया. इसके अलावा क्वेटा के मियां घुंडी इलाके में लड़ाकों ने गश्त पर तैनात पुलिसकर्मियों को कुछ देर के लिए हिरासत में लिया और तीन कलाश्निकोव राइफलें छीन लीं. ग्वादर जिले के जीवानी में एक सैन्य शिविर पर ग्रेनेड हमला किया गया. बीएलए ने 21 अगस्त को खारन में एक व्यक्ति की हत्या की भी जिम्मेदारी ली. प्रवक्ता ने कहा कि यह व्यक्ति पाकिस्तानी एजेंसियों के लिए मुखबिरी करता था. 23 अगस्त को केच जिले के बुलेदा में तीन आपूर्ति ट्रक और एक क्रेन तथा चगाई जिले के दलबांडिन में दो अतिरिक्त आपूर्ति वाहनों को आग के हवाले कर दिया गया.

## पीएम मोदी ने जेलेंस्की से की बात, बोले-

# युद्ध खत्म कराने में भारत देगा पूरा साथ

**एजेंसी ।नई दिल्ली**



भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार (30 अगस्त, 2025) को यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से फोन पर बातचीत की. उन्होंने यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के लिए हर संभव सहयोग देने की भारत की प्रतिबद्धता से अवगत कराया.

पीएम मोदी ने सोशल मीडिया **'एक्स'** पर पोस्ट करते हुए कहा, 'राष्ट्रपति जेलेंस्की को आज उनके फोन कॉल के लिए धन्यवाद. हमने चल रहे संघर्ष, इसके मानवीय पहलू, शांति और स्थिरता बहाल करने के प्रयासों पर विचारों का आदान-प्रदान किया. भारत इस दिशा में सभी प्रयासों को पूर्ण समर्थन देता है.

**राष्ट्रपति जेलेंस्की ने भी किया ट्विट :** वहीं यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने ट्विट कर कहा, 'मैंने वाशिंगटन में राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ यूरोपीय नेताओं की भागीदारी वाली बातचीत के बारे में पीएम मोदी को जानकारी दी. यह एक उपयोगी और महत्वपूर्ण बातचीत थी, जिसमें वास्तविक शांति कैसे प्राप्त की जाए, इस पर साझेदारों के बीच एक साझा दृष्टिकोण सामने आया.

## महाराष्ट्र में कंटेनर ने छह पैदल यात्रियों को रौंदा, मौत

**एजेंसी ।मुंबई**

महाराष्ट्र के बीड़ जिले में धुले-सोलापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर नमलगांव फाटा फ्लाईओवर के पास शनिवार की सुबह एक तेज रफ्तार कंटेनर से कुचलकर छह पैदल यात्रियों की मौत हो गई है . बीड़ ग्रामीण पुलिस की टीम ने इस मामले में कंटेनर चालक को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की छानबीन कर रही है. बीड में हुए इस दर्दनाक सड़क हादसे की छानबीन कर रहे पुलिस अधिकारी ने बताया कि आज सुबह छह लोग धुले-सोलापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर से पेंडगांव में देवदर्शन के लिए जा रहे थे. तभी नमलगांव फाटा फ्लाईओवर के पास पीछे से आ रहे तेजरफ्तार कंटेनर ने इन सभी को कुचल दिया और कंटेनर चालक कंटेनर को लेकर फरार हो गया. इस घटना में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई , जबकि दो घायलों को तत्काल बीड़ जिला अस्पताल में पहुंचाया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी दोनों की भी मौत हो गई. इस घटना में मृतकों की पहचान विशाल श्रीकिसन काकड़े, अमोल नामदेव गर्जे, आकाश कोलसे, पवन जगताप, किशोर टोर और एक अन्य के रुप में गई है. इस घटना की जानकारी मिलते ही बीड़ ग्रामीण पुलिस ने कंटेनर चालक को गिरफ्तार कर लिया है.



जारेंज ने मुंबई में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू की, गोली लगने पर भी पीछे न हटने की कसम खाई.

### तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन सात दिवसीय विदेश यात्रा पर रवाना

**चेन्नई ।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन शनिवार को राज्य में औद्योगिक निवेश आकर्षित करने के उद्देश्य से जर्मनी और इंग्लैंड की एक सप्ताह की यात्रा पर रवाना हुए. वे कल (31 अगस्त) 'ग्रेट तमिल ड्रीम इन यूरोप - 2025' कार्यक्रम में भाग लेकर जर्मनी में तमिलों से मिलेंगे. तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन आज सुबह 9 बजे चेन्नई हवाई अड्डे से जर्मनी के लिए रवाना हुए. चेन्नई हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा, ₹मैं जर्मनी और इंग्लैंड की यात्रा पर जा रहा हूं. यात्रा पूरी कर 8 सितंबर को चेन्नई लौटूंगा. मेरी यात्रा का उद्देश्य तमिलनाडु में व्यावसायिक निवेश आकर्षित करना और नए समझौतों पर हस्ताक्षर करना होगा. मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (द्रमुक) की सरकार के सत्ता में आने के बाद से अब तक 10,62,752 (दस लाख बासठ हजार सात सौ बावन) करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित हुआ है. 922 (नौ सौ बाइस) समझौता व ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए हैं.

# यूक्रेन ने रूस के सामरिक महत्व के दो पुलों को उड़ाया

**एजेंसी ।कीव (यूक्रेन)**



यूक्रेन की 58वीं सेपरेट मोटराइज्ड इन्फैंट्री ब्रिगेड ने रूस के सामरिक महत्व के दो पुलों को उड़ाने का दावा किया है. इन पुलों के आसपास बनाई गई बारूदी सुंरगें भी विस्फोट के दौरान उड़ गईं. ब्रिगेड का दावा है कि उसने बेहद सस्ते 600 डॉलर के ड्रोन का इस्तेमाल कर इस अभियान को अंजाम दिया. अमेरिका के सीएनएन चैनल ने इस खबर का प्रसारण यूक्रेन की 58वीं सेपरेट मोटराइज्ड इन्फैंट्री ब्रिगेड के हवाले से किया है. यूक्रेनी सेना ने कहा कि यह दोनों पुल खार्किव क्षेत्र की सीमा के पास स्थित थे. इन दोनों पुलों का इस्तेमाल रूसी सेना अपने सैनिकों को आपूर्ति करने के लिए कर रही थी. बताया गया है कि इससे पहले यूक्रेन ने फरवरी 2022 में रूस की कई सड़कों पर पुलों को नष्ट किया था. यूक्रेन की 58वीं सेपरेट मोटराइज्ड इन्फैंट्री ब्रिगेड के अनुसार, इन दोनों पुलों के आसपास असामान्य गतिविधि देखने के बाद अभियान शुरू किया गया. बारूदी सुरंगें होने के कराण पुल के नीचे सामान्य टोही ड्रोन को उड़ाना मुश्किल था. इसलिए फाइबर ऑप्टिक्स से लैस एक फर्स्ट-पर्सन-व्यू ड्रोन का सहारा लिया गया. रूस ने पुलों पर हुए हमलों पर कोई टिप्पणी नहीं की. कीव पोस्ट की खबर के अनुसार, यूक्रेनी ड्रोन ने शुक्रवार सुबह आमतौर पर शांत रहने वाले रूसी शहर ओर्योल पर हमला किया. ओर्योल पर यूक्रेनी हमले में 20 से कम विमान शामिल थे. इस हमले में कम से कम चार रूसी नागरिक घायल हो गए. इससे पहले रूसी सेना ने गुरुवार को कीव पर केंद्रित हमलों में बमवर्षक, क्रूज मिसाइल, बैलिस्टिक मिसाइल, हाइपरसोनिक मिसाइल और 560 से अधिक ड्रोन का इस्तेमाल किया.

## सहूलियत | एनएचएआई ने मल्टी-लेन फ्री फ्लो टोलिंग सिस्टम के लिए किया समझौता

# अब टोल गेट पर बिना रुके चलती रहेंगी गाड़ियां

**एजेंसी ।नई दिल्ली**



केंद्र सरकार ने गाड़ियों को टोल बूथों पर बिना रुके या स्पीड कम किए तेजी से निकलने की राह आसान कर दी है. भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की कंपनी भारतीय राजमार्ग प्रबंधन कंपनी लिमिटेड (आईएचएमसीएल) ने गुजरात के चोर्यासी टोल प्लाजा और हरियाणा के घरौंडा टोल प्लाजा पर देश का पहला मल्टी-लेन फ्री फ्लो (एमएलएफएफ) सिस्टम शुरू करने के लिए आईसीआईसीआई बैंक के साथ समझौता किया है. सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के अनुसार, देश की पहली व्यापक मल्टी-लेन फ्री फ्लो टोलिंग प्रणाली लागू करने के लिए नई दिल्ली के एनएचएआई मुख्यालय में एनएचएआई के अध्यक्ष संतोष कुमार यादव, आईएचएमसीएल और आईसीआईसीआई बैंक के अधिकारियों की उपस्थिति में इस समझौते हस्ताक्षर किए गए. एमएलएफएफ सिस्टम गाड़ियों को बिना रोके या गति धीमी किए फास्टैग के जरिए टोल का पैसा अपने आप काट लेगा, जिससे टोल पर लंबी लाइन नहीं लगेगी, समय बचेगा, ट्रैफिक कम होगा और पर्यावरण को भी फायदा होगा. गुजरात का चोर्यासी टोल प्लाजा देश का पहला ऐसा टोल बनेगा, जहां गाड़ियां बिना रुके निकल सकेंगी. एनएचएआई की योजना इस साल 25 टोल प्लाजा पर यह सिस्टम लागू करने की है और इसके लिए टोल बूथों की पहचान का काम चल रहा है.

एनएचएआई के अध्यक्ष संतोष यादव ने कहा कि यह सिस्टम भारत में टोल वसूली को और आसान, तेज और पारदर्शी बनाएगा. यह तकनीक से लैस सिस्टम टोल संग्रह को और बेहतर बनाएगा और देश में स्मार्ट हाई-वे नेटवर्क तैयार करने में मदद करेगा. मल्टी-लेन फ्री फ्लो सिस्टम में हाई-टेक रेडियो फ्रिक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन (आरएफआईडी) रीडर और कैमरे गाड़ी के फास्टैग और नंबर प्लेट को पढ़कर टोल का पैसा काट लेंगे. इससे टोल पर जाम नहीं लगेगा, समय बचेगा, ईंधन की बचत होगी और प्रदूषण भी कम होगा. मल्टी-लेन फ्री फ्लो एक इलेक्ट्रॉनिक टोलिंग प्रणाली है जो गाड़ियों को बिना रुके या गति कम किए सड़कों पर टोल पार करने देती है. यह रेडियो फ्रीक्वेंसी पहचान, स्वचालित नंबर प्लेट पहचान और वैश्विक स्थिति निर्धारण व्यवस्था जैसी तकनीकों का उपयोग करती है. यह व्यवस्था वाहन की पहचान करती है और टोल का पैसा सीधे बैंक खाते से काट लेती है.


स्वत्वाधिकारी लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से मुद्रक, प्रकाशक प्रदीप कुमार सिंह, क्वार्टर नंबर सी-90, पोस्ट-नावागढ़, थाना-बरोरा, हरिणा कॉलोनी, धनबाद-828306, झारखंड द्वारा फ्लैट नंबर 2ए, सेकेंड फ्लोर, सिंगारो मेनन अपार्टमेंट,चूना भट्ठा, एचबी रोड कोकर, नियर डिस्टिलरी पुल, बिरसा समाधि स्थल) रांची-834001, झारखंड से प्रकाशित और शिवसाईं पब्लिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड, रातू, काठीटांड़, टेंडर बगीचा रातू, रांची - 835222 झारखंड द्वारा मुद्रित. **संपादक : संजय कुमार सिंह.*** फोन नंबर 0651-2913385, 9142897989 **(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार).**
आरएनआई नं : JHAHIN/2023/84487, ई-मेलः shubhamsandeshnews@gmail.com धनबाद ब्यूरो : ओजोन सेंटर,थर्ड फ्लोर, कमरा नं-306 अशोकनगर, बैंक मोड़, धनबाद-828106. फोन नं – 9431145133.ई मेल-sandeshsubham23@gmail.com.